# राष्ट्रीय हिंदी वैज्ञानिक संगोष्ठी

**20-21 जुलाई 2023**

विषय

## नाभिकीय ऊर्जा और समाज हेतु इसका योगदान

## Nuclear Energy and its Contribution to Society

**प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान**

भाट, इंदिरा ब्रिज के पास, गांधीनगर-382428, गुजरात

| क्र.सं. | प्रस्तुतिकर्ता | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. राजेश कुमार | भारतीय ऊर्जा परिदृश्य और डी-कार्बोनाइजेशन में परमाणु ऊर्जा की भूमिका | 1-3 |
| 2 | सत्य प्रभात प्रभाकर | खाद्यान्न विकिरण प्रौद्योगिकी का विकास: समय की आवश्यकता | 4-5 |
| 3 | वी. माधवी शंकर | भविष्य के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में एस एम आर (Small Modular Reactor) की भूमिका | 6-8 |
| 4 | परितोष चौधरी | फ्यूज़न रिएक्टर अनुप्रयोग के लिए आईपीआर में ट्रिशियम ब्रीडिंग ब्लैंकेट का विकास | 9-11 |
| 5 | सी.बी. सिंह | भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की भूमिका | 12-16 |
| 6 | नीरव जमनापरा | प्लाज़्मा गैसीफिकेशन से हाइड्रोजन उत्सर्जन एवं सरक्यूलर इकॉनमी: एक स्टार्ट-अप आईडिया | 17-21 |
| 7 | कृष्ण कुमार गोटेवाल | प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान में रिमोट हैंडलिंग और रोबोटिक्स प्रौद्योगिकी विकास | 22-25 |
| 8 | मकरंद सिद्धभट्टी | परमाणु प्रौद्योगिकी के उपयोग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका | 26-31 |
| 9 | प्रतिभा गुप्ता | वर्तमान ऊर्जा संकट में नाभिकीय ऊर्जा की भूमिका और नेट ज़ीरो कार्बन में इसका योगदान | 32-37 |
| 10 | विपिन चंद्र | विकिरण के सामाजिक अनुप्रयोग | 38-40 |
| 11 | तेजस पारेख | आईपीआर की स्टार्टअप और इन्क्यूबेशन प्रवृत्ति पर एक नज़र | 41-45 |
| 12 | निशा चंदवानी | मेरिनो ऊन के सिकुड़न प्रतिरोध गुणों में सुधार के लिए वायुमंडलीय दबाव वायु प्लाज़्मा तकनीक | 46-48 |
| 13 | डॉ विशाल जैन | कपड़े के पर्यावरण के अनुकूल इनलाइन सतही उपचार के लिए हवा में समान प्लाज़्मा डिस्चार्ज उत्पन्न करने की एक नई तकनीक | 49-53 |
| 14 | पूर्वी दवे | प्लाज़्मा उपचार: अजैविक ठोस सतहों पर जीवाणु उपनिवेशण की रोकथाम के लिए एक एकल कदम पर्यावरण अनुकूल समाधान | 54-55 |
| 15 | भूमि संदीप गज्जर | नाभिकीय संलयन द्वारा ऊर्जा उत्पादन के लिए न्यूट्रॉन-परिरक्षण सिरेमिक बोरोन कार्बाइड (B4C) का सफल विकसन एवं परिक्षण | 56-65 |
| 16 | नरेंद्र खंडेलवाल | वर्तमान ऊर्जा संकट में नाभिकीय ऊर्जा की भूमिका और नेट जीरो कार्बन में इसका योगदान | 66-72 |
| 17 | मनोज कुमार मिर्धा | सामाजिक आवश्यकता हेतु गामा किरणक की भूमिका | 73-74 |
| 18 | अनीता पटेल | मेग्नेटो हाइड्रो डायनामिक (MHD)प्रेशर ड्रॉप पर इलेक्ट्रिकल इंसुलेशन का प्रभाव | 75-78 |
| 19 | रमेश जोशी | आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोगसे प्लाज़्मा व्यवधान की चेतावनी | 79-82 |
| 20 | आरोह श्रीवास्तव | फ्यूजन ब्लैंकेट के लिए फ्रीज़ ग्रैन्यूलेशन और फ्रीज़ ड्राइंग विधि से लिथियम टाइटानेट पेबल का निर्माण | 83-85 |
| 21 | सरनजीत सिंह | गैस टंगस्टन आर्क वेल्डिंग (GTAW) द्वारा टैंटलम से टाइटेनियम मिश्र धातु की वेल्डिंग | 86-91 |
| 21 | अंकित गाँधी | HE/$CO_2$ गैस मिश्रण का उपयोग करके भारतीय हीलियम ठंडक ठोस प्रजनक कंबल की पहली दीवार में परिसंचरण शक्ति के अनुकूलन के लिए संख्यात्मक विश्लेषण | 92-94 |
| 22 | गौतम आर वडोलिया (प्रस्तुति: के.पी.सिंह) | गर्म आइसोस्टैटिक प्रेस (एचआईपी)और अनुप्रयोग | 95-99 |
| 23 | बृजेश कुमार यादव | परमाणु संलयन घटकों के परीक्षण के लिए हीलियम शीतलन प्रणाली का अवलोकन | 100-102 |
| 24 | कुलदीप कुमार यादव | भारत की ऊर्जा नीति और शुद्ध शून्य भविष्य: नाभिकीय ऊर्जा की भूमिका | 103-105 |
| 25 | राजीव शर्मा | क्रायोजेनिक घटकों एवं प्रणालियों का स्वदेशीय विकास- अटल इनक्यूब्शन सेंटर के लिए अहम प्रस्तावित संभावित योगदान | 106-112 |
| 26 | शरिफखान | ऊर्जा संकट में नाभिकीय ऊर्जा की भूमिका और नेट जीरो-कार्बन में इसका योगदान" | 113-114 |

# भारतीय ऊर्जा परिदृश्य और डीकार्बोनाइजेशन में परमाणु ऊर्जा की भूमिका

*राजेश कुमार एवम कल्याण भंज*
*भारी पानी प्रभाग, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, मुबई*

ऊर्जा किसी देश के निरंतर सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए प्रमुख घटको में से एक है। विशेष रूप से ऊर्जा और बिजली की उपल्ब्धता का प्रभाव उत्पादकता, भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन और संचार सेवाओं की उपल्ब्धता पर पड़ता है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारत में प्रति व्यक्ति बिजली की खपत विश्व औसत से काफी कम है और अनुमान है कि निकट भविष्य में इसमें काफी वृद्धि होगी। वर्तमान में, देश के प्राथमिक ऊर्जा स्रोत मुख्य रूप से कोयला और पेट्रोलियम उत्पादों जैसे जीवाश्म ईंधन पर आधारित हैं । जीवाश्म ईंधन के जलने से निकलने वाली ग्रीन हाउस गैसें ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन का प्रमुख कारण हैं । ग्लोबल वार्मिंग की तेज गति को रोकने के लिए कम कार्बन वाले ईंधन के उपयोग की आवश्यकता है । ग्लासगो में आयोजित COP26 बैठक में, भारत ने अपनी गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता को 2030 तक 500 GW तक बढ़ाने और 2070 तक नेट-ज़ीरो कार्बन का लक्ष्य हासिल करने की प्रतिबद्धता जताई है। हाल के वर्षों में, भारत मे अक्षय ऊर्जा का विकास बहुत तेजी से हुई है । हालाँकि, सौर और पवन जैसे अक्षय ऊर्जा स्रोत बिजली ग्रिड नेटवर्क के लिए उपयुक्त निरंतर बिजली प्रदान नहीं कर सकते हैं और उन्हें बड़े पैमाने पर उपयोग के लिए विश्वसनीय ऊर्जा का स्रोत नहीं माना जा सकता है। इस संबंध में परमाणु ऊर्जा, ग्रिड-उपयुक्तता से समझौता किए बिना डीकार्बोनाइजेशन के लिए पारंपरिक जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली संयंत्रों के विस्थापन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। यह पेपर भारत में वर्तमान ऊर्जा परिदृश्यों और डीकार्बोनाइजेशन में परमाणु ऊर्जा की भूमिका पर चर्चा करता है।

## जीवाश्म ईंधन और जलवायु परिवर्तन

जीवाश्म ईंधन जलाने से ग्रीन-हाउस गैसें और अन्य वायु प्रदूषक उत्पन्न होते हैं। बड़े पैमाने पर जीवाश्म ईंधन जलाने के कारण ग्रीन-हाउस गैसों में चिंताजनक दर से वृद्धि हो रही है। यदि ग्रीन-हाउस गैसों का उत्सर्जन मौजूदा दर से बढ़ता रहा तो यह लगभग निश्चित है कि 21वीं सदी के दौरान कार्बन डाइऑक्साइड का वायुमंडलीय स्तर पूर्व-औद्योगिक काल के स्तर से दोगुना या तीन गुना बढ़ जाएगा। अनुमान है कि पूर्व-औद्योगिक काल के बाद से, मानवीय गतिविधियों के कारण पृथ्वी के वैश्विक औसत तापमान में लगभग 1 डिग्री सेल्सियस (1.8 डिग्री फ़ारेनहाइट) की वृद्धि हुई है, यह संख्या वर्तमान में प्रति दशक 0.2 डिग्री सेल्सियस (0.36 डिग्री फ़ारेनहाइट) से अधिक बढ़ रही है। जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, ग्लेशियर नई बर्फ जमा होने की तुलना में तेजी से पिघलते हैं। जैसे ही ये बर्फ की चादरें और ग्लेशियर पिघलते हैं, पानी अंततः समुद्र में चला जाता है, जिससे समुद्र का स्तर बढ़ जाता है। अगर वैश्विक तापमान ऐसी दर से बढता रहा तो समुद्र का जल-स्तर इस सदी के अंत तक काफी बढ़ सकता है। समुद्र के जल-स्तर में इस तरह की वृद्धि से भारतीय समुद्र तट के किनारे रहने वाले लाखों लोगों के लिए बड़े गम्भीर परिणाम हो सकते हैं। यहां तक कि पृथ्वी के तापमान में थोड़ी सी भी वृद्धि के साथ जलवायु में प्रतिकुल बदलाव जैसे बादल फटना, अतिवर्षा, सुखा, एवम् चक्रवात जैसे परिस्थिति उत्पन्न हो सकती है ।

इसलिए जलवायु परिवर्तन और इसके विनाशकारी प्रभावों से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर तत्काल कार्रवाई करना अनिवार्य है। जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक समस्या है। जलवायु परिवर्तन से निपटने का विश्व का प्रयास हमारे जीवन की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। देश उत्सर्जन में कटौती करने और राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान के माध्यम से जलवायु प्रभावों के अनुकूल होने के लिए जलवायु कार्य योजनाएं बना रहे हैं।

दुनिया के प्रमुख देशो ने पेरिस में हुई COP-21 सम्मेलन के दौरान वैश्विक तापमान में वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 2 डिग्री सेल्सियस (3.6 डिग्री फ़ारेनहाइट) से नीचे रखने के दीर्घकालिक तापमान लक्ष्य पर सहमति व्यक्त की गई थी, और अधिमानतः वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखा गया था। (2.7 डिग्री फारेनहाइट), यह मानते हुए कि इससे जलवायु परिवर्तन के प्रभाव काफी हद तक कम हो जाएंगे। उत्सर्जन को जल्द से जल्द कम किया जाना चाहिए और 21वीं सदी के मध्य तक नेट-ज़ीरो कार्बन तक पहुंचना चाहिए। भारत ने भी COP-21 सम्मेलन मे दिये गये अपनी प्रतिबद्धता से आगे बढते हुए ग्लासगो मे हुई COP-26 बैठक में 2030 तक अपनी गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता को 500 गीगावॉट तक पहुंचाने; 2030 तक अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 50% अक्षय ऊर्जा से पूरा करने; अपनी अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता को 45% तक कम कर करने और 2070 तक नेट-ज़ीरो कार्बन के लक्ष्य को हासिल करने की प्रतिबद्धता जाहिर की है ।

## भारत का वर्तमान ऊर्जा परिदृश्य

वर्तमान भारतीय प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण मुख्य रूप से कोयला और पेट्रोलियम उत्पादों जैसे जीवाश्म ईंधन पर आधारित है। वर्ष 2021-2022 के लिए भारत की कुल प्राथमिक ऊर्जा खपत लगभग 33.5 EJ थी जैसा कि चित्र 1 में दिखाया गया है। कोयला भारत में ऊर्जा मिश्रण का प्रमुख घटक है, जो कुल प्राथमिक ऊर्जा उत्पादन में 48% का योगदान देता है। भारत की

कुल ऊर्जा खपत में तेल और प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी लगभग 38% है। अक्षय ऊर्जा और परमाणु ऊर्जा जैसे कम कार्बन वाले स्वच्छ ऊर्जा स्रोत कुल ऊर्जा खपत का लगभग 14% हिस्सा प्रदान करते हैं। [1]




*चित्र 1: 2021-22 के दौरान ऊर्जा की स्रोतवार खपत (अनुमानित)*

जैसा कि चित्र 2 में दिखाया गया है, भारत मे विद्युत उत्पादन की कुल स्थापित क्षमता (31 मई 2023 को) 417.7 गीगावॉट थी । इसमें 237,269 मेगावाट - थर्मल 173,619 मेगावाट – जल विद्युत सहित अक्षय ऊर्जा स्रोत, और 6,780 मेगावाट - परमाणु शामिल हैं।[2]




*चित्र 2: भारत मे बिजली की कुल स्थापित क्षमता (मई 2023)*

वर्ष 2022-2023 में बिजली का सकल उत्पादन 531 बिलियन यूनिट (kWh) रहा, जिसमें थर्मल-75%, हाइड्रो-22% और परमाणु सहित अक्षय ऊर्जा स्रोतों की प्रतिशत हिस्सेदारी 3% थी (चित्र 3) ।




*चित्र 3: भारत मे कुल विद्युत उत्पादन (2021-2022)*

2021 में भारत की प्रति व्यक्ति बिजली खपत 1255 kWh थी, जो वैश्विक औसत का लगभग एक तिहाई और संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा जैसे विकसित देशों का दसवां हिस्सा है। बढ़ती शहरीकरण के आवश्यकताओ को पुरा करने तथा वर्तमान आर्थिक प्रगति दर को जारी रखने के लिये यह अनुमान लगाया गया है कि देश मे प्रति व्यक्ति बिजली की मांग कई गुना बढ़ जाएगी।

इस सदी के मध्य तक यह अनुमान है की भारत मे ऊर्जा आवश्यकताओ को पूरा करने के लिए, कम से कम प्राथमिक ऊर्जा आपूर्ति को 3 से 4 गुना और बिजली उत्पादन क्षमता/आपूर्ति को 5 से 6 गुना बढ़ाने की जरूरत पडेगी । इस के साथ साथ 2070 तक नेट-ज़ीरो कार्बन के लक्ष्य को हासिल करने के लिये अक्षय और परमाणु जैसी स्वच्छ ऊर्जा के लिए सभी संभावित संसाधनों और प्रौद्योगिकी का पता लगाना और इनका दोहन अनिवार्य है।[3]

## डीकार्बोनाइजेशन और परमाणु ऊर्जा

भारत में यूरेनियम का भंडार बहुत सीमित है, लेकिन थोरियम प्रचुर मात्रा में है। संसाधन की स्थिति को पहचानते हुए, भारत का परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम यूरेनियम और थोरियम ईंधन चक्र पर आधारित है । थोरियम ईंधन के इस्तेमाल के लिये तीन चरणो के आधारित परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम की योजना बनाई गई है जो इस प्रकार है :

**चरण 1** : पीएचडब्ल्यूआर (PHWR) रिएक्टरों मे प्राकृतिक यूरेनियम ईंधन का उपयोग कर प्लूटोनियम का उत्पादन करना ।
**चरण 2** : तेज़ न्यूट्रॉन रिएक्टरों (FBR) मे प्लूटोनियम ईंधन का उपयोग कर थोरियम से U-233 का उत्पादन करना ।
**चरण 3** : एएचडब्ल्यूआर (AHWR) रिएक्टरों मे चरण 2 से उत्पन U-233 ईंधन का उपयोग एवम थोरियम से U-233 का उत्पादन करना।

वर्तमान मे चरण 1 पर आधारित पीएचडब्ल्यूआर (PHWR) रिएक्टर बिजली का उत्पादन कर रहे है । इस के साथ साथ ऊर्जा आवश्यकता को पुरा करने के लिये आयातित रिएक्टर भी कार्यरत है । वर्तमान मे भारत की कुल स्थापित परमाणु क्षमता 6780 मेगावाट है । इसे बढाकर 2031 तक तीन गुना करने की योजना है ।

परमाणु ऊर्जा संयंत्र अपने संचालन के दौरान कोई ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन नहीं करते हैं, और अपने जीवन-चक्र के दौरान, परमाणु ऊर्जा संयंत्र पवन ऊर्जा के समतुल्य और सौर ऊर्जा की तुलना में एक तिहाई कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन करता है इसलिए, परमाणु ऊर्जा, कार्बन की कम मात्रा ऊर्जा-मिश्रण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकती है।

नेट-ज़ीरो कार्बन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये अक्षय ऊर्जा स्रोतों जैसे की जल-विद्युत, सौर और पवन ऊर्जा संसाधनों की पूरी क्षमता का दोहन आवश्यक है। इन ऊर्जा स्रोतों से ऊर्जा उत्पादन पर्यावरणीय स्थिति पर निर्भर है और ऊर्जा उत्पादन की दर स्थिर नहीं है। परमाणु ऊर्जा ग्रिड स्थिरता बनाए रखने और अक्षय ऊर्जा के विकास के पूरक के रूप मे परमाणु ऊर्जा की अहम भूमिका हो सकती है । इसके अलावा, परमाणु ऊर्जा परिवहन क्षेत्र के लिए हाइड्रोजन उत्पादन एवम उद्योग जगत मे उच्च तापमान ताप स्रोत के आवश्यकताओ की पूर्ति कर सकता है।

संदर्भ सूची

1. Energy Statistics India – 2023, Government of India, Ministry of Statistics and Programme Implementation, National Statistical Office, https://www.mospi.gov.in
2. Power Sector at a Glance All India, https://powermin.gov.in/en/content/power-sector-glance-all-india
3. Pathak B C et.al, The status of nuclear power development in India August 2022 Current Science 123(3):281-292

# खाद्यन्न विकिरण प्रौद्योगिकी: आज की आवश्यकता

*सत्य प्रभात प्रभाकर*
*वैज्ञानिक अधिकारी/एच, रिएक्टर प्रौद्योगिकी प्रभाग, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, मुम्बई-400085*

विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि पौष्टिक और सेहतमंद भोजन सभी का अधिकार है। लेकिन अभी भी भोजन जनित रोग जैसे डायरिया, साल्मोनालिसिस, कम्पीलोवैक्टेरियोसिस आदि के कारण आज भी लाखों लोगो की मृत्यु हो जाती है। रोगाणु, विषाणु वाले खाद्य पदार्थों को विकिरण करके इस समस्या से काफी हद तक छुटकारा पाया जा सकता है। नाभिकीय विखंडन से निकली हुईं ऊर्जा विकिरण ऊर्जा कही जाती है और इस आयनीकृत ऊर्जा का उपयोग विभिन्न प्रकार के उपायों तथा बिमारियों का ईलाज, खाद्यान्नों का रख रखाव, फलों के पकने की अवधि बढाना, विसंक्रमण, पदार्थों के भौतिक गुणों की जांच तथा इन गुणों में निश्चित मात्रा मे परिवर्तन करने की प्रक्रिया को विकिरणन प्रक्रिया कहते है। विकिरण से निकलने वाली क्ष-किरणे तथ गामा किरणे अपने आयनीकृत ऊर्जा के कारण पदार्थों को विकिरित करती हैं। खाद्य पदार्थों को विकिरन से मिलने वाली डोज की ईकाई " ग्रे " है। विकिरण के अवशोषित डोज के आधार पर विकिरण संयंत्र को निम्न डोज (1 किलो ग्रे से कम) आलू- प्याज आदि को जमने से रोकने तथा फलों को देरी से पकने के लिये, मध्यम डोज(1 से 10 किलो ग्रे तक)कीडों, संक्रमन वैक्टीरिया तथा परजीवियो को मारने के लिये तथा उच्च डोज (10 किलो ग्रे से ज्यादा) शल्य चिकित्सा तथा स्वास्थ्य सम्बंधी उपकरणों के पूर्ण असंक्रमण के लिये , की श्रेणी मे बांटा गया है। अंतरिक्ष यात्रियों के लिये भेजे जाने वाले खाद्यान्नों को 44 किलो ग्रा तक विकिरित करके भेजते है। इस श्रेणी के अनुसार संयत्र मे लगने वाली स्रोत की मात्रा निर्धारित की जाती है। विकिरित खाद्य पदार्थों के फायदों के कारण अब ज्यादा से ज्यादा जनसंख्या इनका उपभोग करने के प्रति जागरुक हो रही है। खाने के लिये तैयार खाद्य पदार्थों मे समय के साथ संक्रमण लग जाता है। -18° सेंटीग्रेड तापमान पर मछलियों तथा अन्य मांसाहारी पदार्थों का भंडारण तथा विपणन अत्यंत महंगा तथा कठिन कार्य है। विकिरण प्रकिया से गुजारने के बाद इनको -4 से 4° सेंटीग्रेड के तापक्रम पर भंडारण किया जा सक्ता है जिससे इनकी लागत मे काफी कमी आयेगी। विकिरण प्रक्रिया से गुजरने के बाद खाद्य जनित संक्रमण या तो खत्म हो जाते हैं या बहुत कम हो जाते है जिससे इन संक्रमण के कारण होने वाली बिमारियो पर नियंत्रण हो जाता है। इस प्रक्रिया मे खाद्य पदार्थों के स्वाद तथा पौष्टिकता मे किसी प्रकार का परिवर्तन नही होता है. अंतर्राष्ट्रीय मानको के आधार पर खाद्य विकिरण संयंत्रों का निर्माण किया जाता है। इसके लिए दो तरह के विकिरण स्रोतों का उपयोग किया जाता है। कोबाल्ट-60 समस्थानिक और एलेक्ट्रोन एक्सीलरेटर आधारित संयंत्र. खाद्य विकिरण के क्षेत्र मे विकिरित किये जाने वाले पदार्थ के लिये अंतराष्ट्रीय मानक, जैसे पदार्थों को मिलने वाले डोज, अधिकतम तथा न्यूंतम डोज का अनुपात आदि निर्धारित किये गये हैं और विकिरण प्रक्रिया इन मानकों का पालन करती है। संयंत्र मे स्रोत के चारो तरफ खाद्य पदार्थो के घूम कर निकलने के लिये ऐसी व्यवस्था स्थापित की जाती है कि पदार्थ को सबसे कम और सबसे ज्यादा मिलने वाली विकिरण ऊर्जा मे उतना हीं अंतर होता है जिससे मानकों के आधार पर पदार्थ को स्वीकार कर लिया जाता है। यह भी ध्यान दिया जाता है कि स्रोत से निकलने वाली ऊर्जा का अधिकतम उपयोग किया जा सके और खाद्यान्नों को निर्धरित मात्रा मे हीं डोज मिले। विकिरण संयंत्र के मुख्य हिस्से होते है ।

1. विकिरण स्रोत तथा उसके परिचालन की प्रणाली
2. स्रोत को बदलने की व्यवस्था
3. पदार्थ को विकिरण स्रोत के पास ले जाने तथा वापस लाने के लिये उत्पाद परिचालन प्रणाली
4. नियंत्रण तथा सुरक्षा एवम संरक्षा सम्बंधित तंत्र
5. ओज़ोन तथा अन्य प्रदूषण प्रबंधन सम्बंधी व्यवस्था
6. पानी, बिजली तथा आग से बचाव की व्यवस्था
7. पदार्थ को मिले हुये डोज की जांच तथा उसका रिपोर्ट बनाना
8. उत्पाद पदार्थ के भंडारण की व्यवस्था आदि ।

खेत से रसोई तक खाद्य पदर्थों की यात्रा में विकिरन द्वारा कीडों, और अन्य प्रजातियो का समूल नाश के साथ एक साफ सुथरी खाद्यान्न वितरण प्रणाली का विकास देश को खाद्यान्न मे आत्मनिर्भर होने की दिशा मे एक बहुत सहायक कदम होगा। इसके लिये देश के प्रत्येक हिस्से मे खाद्यान्न विकिरन के लिये संयंत्र लगाने की आवश्यकता है।

हाल के वर्षों मे विकरित खाद्य पदार्थों के अंतराष्ट्रीय व्यापार से सम्बंधित संधियो के आधार पर खाद्य पदार्थों का विकिरण, पैकिंग तथा विपणन अब निर्धारित मानकों के आधार पर होता है। इन मानकों द्वारा खाद्या पदार्थों को संक्रमित करने वाले साल्मोनेला, शिगेला, लिस्टेरिया, येर्सीनिया, जेजुनी, ई कोली आदि रोग जनक जिवाणुओं को विकिरण द्वारा समाप्त करने के अंतर्राष्ट्रीय मानक निर्धारित किये गये है। मीट, मछली, पोल्ट्री, को खराब होने से पहले विकिरणन तथा पाष्चुराईजेशन के बाद दूर दराज देशों तथा क्षेत्रों में भेजना आसान हो गया है। स्वास्थ्य सम्बंधित उपकरणों के विसंक्रमण के लिये भी अंतर्राष्ट्रीय मानक बन जाने के कारण इनका निर्यात तथा उपयोग आसान हो गया है।

इस मामले में विश्व स्वास्थ्य संगठन की दो संधिया अत्यंत ही महत्व पूर्ण है।

1-खाद्यान्नो के लिये आरोग्यकर तथा पादप स्वच्छता सम्बंधित उपायों का प्रयोग- इस संधी के कारण सदस्य देश अपनी स्वेच्छा से किसी उपाय के प्रयोग के लिये दूसरे देश को बाधित नहीं कर सकते है। इन उपायों का प्रयोग मानव स्वास्थ्य के अनुकूल मात्रा में होना चाहिये।

2-तकनीकी नियम/अधिनियम तथा मानक कार्यविधि का प्रयोग- इस संधी के कारण व्यापार मे पैकेजिंग, चिन्हीकरण, विपणन आदि में किसी प्रकार की अवैज्ञानिक बाधा ना पैदा किये जाये, इसका प्रावधन है।

इन दोनो संधियों के आधार पर पूरी दुनिया में विकिरित खाद्यान्नों का व्यापार बहुत तेजी से बढा है। आज सूखी सब्जियां, मसाले तथा अनाज काफी मात्रा में एक देश से दुसरे देशों में निर्यात होते हैं। इस विश्व व्यापार के कारण विश्व में जनसंख्या विष्फोट होने के बावजूद खाद्यान्नों की उपलब्धता सतत बनी रहती है।

विकिरण प्रणाली के विकास के लिये दो अंतराष्ट्रीय मानक ( कोडेक्स- STAN-106-1983) निर्धारित किये गये है

1. खाद्यान्न विकिरण के लिये अंतराष्ट्रीय मानक
2. खाद्यान्न विकिरण संयंत्रों के परिचालन सम्बंधित मानक

इन मानकों के आधार पर विकिरन संयंत्रों का अत्यधिक विकास हुआ है। खाद्यान्न विकिरण समिति ने यह भी निर्धारित किया कि किसी खाद्यान्न को 10 किलो ग्रा. तक की अधिकतम डोज मिल जाये तब भी उसमे किसी प्रकार की विषाक्तता नहीं आती है।

एक विकिरक द्वारा एक घंटे मे विकिरित किये गये पदार्थ के मात्रा को संयंत्र की क्षमता तथा दिए गये डोज को डोज क्षमता कहते है। यह मात्रा स्रोत की ताकत, पदार्थ का घनत्व तथा पदार्थ के प्रवाह की गति पर निर्भर करती है। एक मिलियन क्यूरी का स्रोत 14.8 किलो वाट की शक्ति वाला होता है। तथा सन्यत्र की क्षमता "54*स्रोत क्षमता*n/1000*डोज" के सूत्र से निकाली जा सकती है।

खाद्यान्नों के लिये डोज एकरूपता अनुपात "2" तक स्वीकार्य होती है।यह खाद्यान को मिलने वाली अधिकतम तथा न्युनतम डोज का अनुपात होता है।

भारत देश की भौगोलिक स्थिति उष्णकटिबंधीय होने के कारण अनाज, मसाले, खाद्य पदार्थ, सब्जियां, फल, मछलियां आदि संक्रमण के कारण बहुत जल्दी खराब होने लगते है। ऐसा अनुमान है कि लगभग 10% की मात्रा खराब हो जाती है या उसकी गुणवत्ता खराब हो जाती है। विशाल देश की विशाल पैदावार एवम विशाल जनसंख्या को देखते हुये यह एक बहुत ही बडी मात्रा है। अत: इस बर्बादी को रोकना अत्यंत हीं जरूरी है। इस हो रहे नुकसान को विकिरण ओद्योगिकी के उपयोग से बहुत हद तक रोका जा सकता है। खाद्यान्नों को विकिरित कर देने के बाद उसमे मौजूद सभी प्रकार के जीवाणु, विषाणु, परजीवी, कीडे, आदि नष्ट हो जाते है। इनकी संतान उत्पन्न करने की क्षमता भी खत्म हो जाती है और अच्छी तरह से पैक किया हुआ खाद्यान बहुत दिनों तक संक्रमण से बचा रहता है। खाद्यान्नों के नुकसान होने की इस प्रक्रिया पर रोक लगने के कारण पूरे वर्ष मे इनके मूल्यों मे होने वाले ऊतार चढाव मे कमी आयेगी। किसानो को अपना उत्पाद जल्दी से मंडी मे पहुचाने की जरूरत नहीं होगी तथा देश बहुत हद तक खाद्यान्नों के मामले मे आत्म निर्भरता प्राप्त कर लेगा । एक शुद्ध तथा स्वस्थ खाद्यान्न वितरण प्रणाली का विकास हो सकेगा एवम संक्रमित खाद्यन्नो के उपभोग से होने वाली बिमारियों से छुट्करा पाया जा सकता है। साथ ही साथ खाद्यान्नों के क्षेत्रिय वितरण में असंतुलन को भी दूर किया जा सकता है। यह कहा जा सकता है कि भारत को एक उन्नत राष्ट्र बनने के लिये पहले खाद्यान्नों के मामले में आत्मनिर्भर होना जरूरी है। और इसके लिये खाद्यान्न विकिरण प्रौद्योगिकी अत्यंत सहायक सिद्ध होगी। विभिन्न प्रकार के खाद्यन्नों के विकिरण के लिये अलग अलग प्रकार के विकिरण संयंत्रों का विकास और उन्हे जरुरत के अनुसार देश के कोने-कोने मे स्थापित करना अत्यंत ही आवश्यक है और भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र इस क्षेत्र मे कर्यरत है।

# भविष्य के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में एस एम आर (Small Modular Reactor) की भूमिका

*वी माधवी शंकर, आर बाला भास्करा राव एवं सि बि के वर्गीस*
*परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अणुसंधान निदेशालय, नागरभावी, बेंगलुरु*

छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर (एस एम आर) हरित ऊर्जा की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए वरदान साबित हो सकते है । एस एम आर को परमाणु रिएक्टरों के रूप में परिभाषित किया जाता है जो आम तौर पर 300 MWe के बराबर या उससे कम होते हैं, जिन्हें कम निर्माण समय में मॉड्यूलर तकनीक के द्वारा डिज़ाइन किया जाता हैं । इनके निर्माण में समय भी काफी कम लगता है । और इनको कम समय में जरूरत के हिसाब से क्रियाशील भी किया जा सकता है । आम तौर पर एस एम आर को दूरस्थ एवं दुर्गम स्थानों पर लगाया जा सकता है, जहाँ यातायात की कम सुविधा उपलब्ध हो तथा अन्य प्रकार के स्रोतों की पर्याप्त उपलब्धता न हो । इनके छोटे आकार की वजह से इनके रखरखाव एवं संचालन में कम कर्मचारियों की आवश्यकता पड़ती है । बड़े एवं पारंपरिक रिएक्टर के कार्य संचालन में लचीलापन कम होता है, जब कि एस एम आर में अपनी जरूरत के हिसाब से विद्युत उत्पादन को कम या अधिक, आसानी से किया जा सकता है । एस एम आर की यही विशेषताएं स्वच्छ ऊर्जा को बढाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं, तथा कई देशों के विकास लक्ष्यों को पूरा करने में मददगार साबित हो सकता हैं ।

## भारत में परमाणु ऊर्जा

परमाणु ऊर्जा एवं जल विद्युत ऊर्जा कम कार्बन उत्सर्जित करने वाले विद्युत उत्पादन की रीढ है । पिछले 50 वर्षों में, परमाणु ऊर्जा के उपयोग ने कार्बन उत्सर्जन की मात्रा को 60 गीगा टन् से भी कम कर दिया है, जो कि वैश्विक ऊर्जा से संबंधित कार्बन उत्सर्जन की मात्रा के लगभग दो साल के बराबर है । परमाणु ऊर्जा लगभग शून्य कार्बन उत्सर्जन करने वाली ऊर्जा है, जो कि यूरेनियम परमाणुओं के विखंडन से प्राप्त होती है ।

इस प्रकार जीवाश्म ईंधन द्वारा उत्सर्जित हानिकारक उत्पादों के बिना विद्युत उत्पन्न की जाती है । भारी मात्रा में कार्बन-मुक्त बिजली का उत्पादन करने के बावजूद, परमाणु ऊर्जा अन्य स्वच्छ विद्युत श्रोतों की तुलना में कम भूमि पर अधिक बिजली पैदा करने की क्षमता रखती है। परमाणु ऊर्जा न्यूनतम अपशिष्ट पैदा करती है, जिस अपशिष्ट को पुनः संसाधित और पुनर्चक्रित भी किया जा सकता है । कई सरकारी योजनाओं का यह मुख्य उद्देश्य होता है कि परमाणु संयंत्र सुरक्षित तरीकें से काम करे तथा नये परमाणु संयंत्र का निर्माण एवं नये परमाणु प्रौद्योगिकियों को विकसित करने का प्रोत्साहन मिले। परमाणु ऊर्जा के जीवन चक्र में उत्पन्न प्रति यूनिट विद्युत् में कार्बन उत्सर्जन की मात्रा वायु द्वारा उत्पादित प्रति यूनिट विद्युत् के बराबर होती है तथा , सौर ऊर्जा संयंत्र के द्वारा उत्पादित विद्युत् में प्रयुक्त कार्बन डाईआक्साईड की मात्र का एक तिहाई भाग होती है ।(https://world-nuclear.org)




नाभिकीय रिएक्टर एक ऐसा यंत्र होता है जिसमें नाभिकीय श्रृंखला अभिक्रिया को नियंत्रित किया जाता है। इसका सबसे महत्वपूर्ण उपयोग बिजली उत्पादन में होता है। ये कई प्रकार के होते हैं जैसे प्रेशराइज्ड वाटर रिएक्टर, बॉयलिंग वाटर रिएक्टर, प्रेशराइज्ड हेवी वाटर रिएक्टर, फास्ट ब्रीडर रिएक्टर, और थर्मल रिएक्टर। रिएक्टर में रिएक्शन की दर कम करने के लिए कैडमियम और बोरॉन कंट्रोल राड का इस्तेमाल किया जाता है। रिएक्टर्स में यूरेनियम को कम ऊर्जा वाले न्यूट्रॉन के साथ बमबारी किया जाता है जो यूरेनियम नाभिक को छूटे नाभिक में विभाजित करते है। इस प्रक्रिया में कुछ ऊर्जा मुक्त होती है।

यह प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है, जब तक इसे नियंत्रित न किया जाए। इस प्रकार जीवाश्म ईंधन द्वारा उत्सर्जित हानिकारक उत्पादों के बिना विद्युत उत्पन्न की जाती है ।

वर्तमान में, भारत में 22 रिएक्टर चालू हैं, जिनकी कुल क्षमता 6,780 मेगावाट है (NPCIL के अनुसार)। इनमें से 18 रिएक्टर प्रेशराइज्ड हैवी वाटर रिएक्टर हैं जबकि 4 लाइट वाटर रिएक्टर हैं। भारत में कुल बिजली उत्पादन में परमाणु ऊर्जा की हिस्सेदारी 2020-21 में 3.1% थी। भारत ने 2031 तक 6,780 मेगावाट की वर्तमान क्षमता को 22,480 मेगावाट तक बढ़ाने की योजना बनाई है, जो कि शुद्ध-शून्य लक्ष्यों के अनुरूप है। कोयले या प्राकृतिक गैस पर चलने वाले बिजली संयंत्रों के विपरीत, परमाणु संयंत्र कम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित करते हैं, जो ग्लोबल वार्मिंग का एक प्रमुख कारण है। अधिवक्ताओं का कहना है कि जैसे-जैसे दुनिया भर में स्वच्छ ऊर्जा की मांग बढ़ेगी, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए अधिक परमाणु ऊर्जा की आवश्यकता होगी।

**छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों का इतिहास**

परमाणु आपदाएँ, विशेष रूप से 1986 चोर्नोबिल और 2011 फुकुशिमा परमाणु आपदा, के परिणामस्वरूप परमाणु ऊर्जा उद्योग को एक महत्वपूर्ण झटका लगा, दुनिया भर में विकास रुक गया, फंडिंग कम हो गई और रिएक्टर संयंत्र बंद हो गए। जवाब में, छोटे रिएक्टरों के निर्माण के लक्ष्य के साथ एक नया दृष्टिकोण तैयार किया गया जो निर्माण में तेज़, सुरक्षित और एकल रिएक्टर से कम लागत वाला हो।

छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर 300 मेगावाट प्रति यूनिट की बिजली क्षमता के साथ उन्नत परमाणु रिएक्टर हैं। यह पारंपरिक परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों की उत्पादन क्षमता के 1/3 के बराबर है । परमाणु संयंत्र के फ्लीट मोड के तहत 5 साल की अवधि में बनने की संभावना है। उन्नत परमाणु रिएक्टर का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह फैक्ट्री फैब्रिकेटेड हैं। इसे किसी भी एजेंसी द्वारा संचालित किया जा सकता है। इस प्रकार, यह निजी क्षेत्र की बड़ी भागीदारी को आकर्षित करेगा। 2020 तक, कोई भी वस्तविक मॉड्यूलर एस एम आर नहीं बनाया गया था। मई 2020 में ही एक फ्लोटिंग प्रोटोटाइप परमाणु ऊर्जा संयंत्र KLT-40S के दो 35 MWe रिएक्टरों का संचालन रूस के पेवेक में शुरू हुआ। यह अवधारणा परमाणु आइसब्रेकर के डिज़ाइन पर आधारित है। चीन में निर्मित HTR-PM में दो छोटे रिएक्टर (प्रत्येक 250 मेगावाट) हैं जो एक 210 मेगावाट भाप टरबाइन चलाते हैं। यह हीलियम का उपयोग शीतलक और ग्रेफाइट मॉडरेटर के रूप में करता है।

**छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों के लाभ**

एस एम आर की कम लागत और छोटे आकार को देखते हुए इस में निजी निवेश को आकर्षित किया जा सकता है, तथा परियोजना में कम जोखिम को देखते हुए समाज में इनकी स्वीकृति भी बढ सकती है । आम तौर पर एस एम आर को दूरस्थ एवं दुर्गम स्थानो पर लगाया जा सकता है, जहाँ यातायात की कम सुविधा उपलब्ध हो तथा अन्य प्रकार के स्रोतों की पर्याप्त उपलब्धता न हो । पारंपरिक संयंत्रों में 1 से 2 साल में, जब कि एस एम आर में 3 से 7 साल के अंतराल में ईंधन भरने कि आवश्यकता होती हैं ।

कुछ नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत, जैसे पवन और सौर, अलग-अलग ऊर्जा स्रोत हैं जो मौसम और दिन के समय के आधार पर बदलते हैं। हाइब्रिड पावर सिस्टम में उनकी दक्षता में सुधार के लिए एस एम आर को नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के साथ जोड़ा जा सकता है। एस एम आर औद्योगिक डी-कार्बोनईजेशन के लिए भरोसेमंद तकनीक है, विशेष रूप से जहाँ बिजली की आवश्यक और निरंतर आपूर्ति जरूरी होती है। बड़े परमाणु संयंत्रों की तुलना में एस एम आर सरल और सुरक्षित होता है। भारत आज पूरे विश्व में नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता में चीन, यूरोप और अमरीका के बाद चौथे नंबर पर है।

**छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों द्वारा अपशिष्ट उत्पादन**

एस एम आर के कुछ रूप पारंपरिक रिएक्टरों की तुलना में प्रति यूनिट आउटपुट के लिए अधिक अपशिष्ट उत्पन्न कर सकते हैं, प्रति किलोवाट खर्च किए गए ईंधन का 5 गुना और सक्रिय स्टील जैसे अन्य अपशिष्ट उत्पादों का 35 गुना तक। एस एम आर के लिए न्यूट्रॉन leakage अधिक होने का अनुमान लगाया गया है क्योंकि उत्सर्जित न्यूट्रॉन के पास छोटे रिएक्टर कोर में ईंधन के साथ इंटरैक्शन करने के कम अवसर होते हैं। इसके बजाय, परिरक्षण द्वारा अवशोषित हो जाते हैं, जिससे यह रेडियोधर्मी हो जाता है।

**निष्कर्ष**

लाइसेंसिंग प्रक्रिया का समय, लागत और जोखिम एस एम आर निर्माण के लिए महत्वपूर्ण माना जा सकता हैं; इसलिए, stakeholders का समर्थन करने के लिए policies बनाई जानी चाहिए। आर्थिक व्यवहार्यता (economic feasibility) एस एम आर मॉड्यूल के पुन: उपयोग के अवसर में बाधा डाल सकती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि एस एम आर निर्माण को संभावित रूप से प्रभावित करने वाले बहुत सारे लाइसेंसिंग और नियामक तत्व हैं। हालाँकि, यह स्पष्ट नहीं है कि प्रमुख तत्व कौन से हैं, और कौन से परिवर्तन एस एम आर निर्माण के लिए एक कदम आगे बढ़ा सकते हैं। रिएक्टर विविधता में वृद्धि की संभावना के लिए अधिक विविध अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों की आवश्यकता हो सकती है।आभार लेखकगण इस शोधपत्र

के प्रकाशन की अनुमति हेतु निदेशक, पखनि एवं अपर निदेशक प्रचालन-I के आभारी हैं। इस कार्य को सफलता पूर्वक करने में अपर निदेशक प्रचालन-II, क्षेत्रीय निदेशक, दक्षिणी क्षेत्र बेंगलुरु के मार्गदर्शन व प्रोत्साहन हेतु लेखकगण उनका आभार व्यक्त करते हैं। तथा अज्ञात समीक्षकों का भी आभार व्यक्त करते हैं जिन्होने इस पत्र में सुधार करने हेतु अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

## संदर्भ

1. *Bahman Zohuri (2019), Small Modular Reactors as Renewable Energy Sources पृ. 187-210*
2. *IAEA. Small modular reactors (SMR). IAEA; 2020. Available from: https:// www.iaea.org/topics/small-modular-reactors.*
3. *IAEA. Advances in small modular reactor technology developments. 2018.*

# फ्यूजन रिएक्टर अनुप्रयोग के लिए आईपीआर में ट्रिटियम ब्रीडिंग ब्लैंकेट सामग्री का विकास

*पारितोष चौधुरी1,2, आरोह श्रीवास्तव1, चंद्रशेखर सासमल१, मौलिक पंचाल१*
*प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान, भाट, गांधीनगर – 382428*
*होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, प्रशिक्षण स्कूल परिसर, अणुशक्तिनगर, मुंबई*

आईपीआर में ब्लैंकेट प्रौद्योगिकी परियोजना के तहत ब्रीडर ब्लैंकेट सामग्री के विकास को मुख्य लक्ष्य के रूप में स्थापित किया गया है। इस प्रयास का प्राथमिक ध्यान ब्लैंकेट मॉड्यूल के लिए फंक्स्नल तथा स्ट्रक्चरल सामग्री के विकास और विश्लेषण पर है। विभिन्न परिस्थितियों में ब्लैंकेट सामग्री के थर्मो-मैकेनिकल गुणों की एक सम्पूर्ण समझ, भरोसेमंद ब्लैंकेट मॉड्यूल के डिजाइन के लिए महत्वपूर्ण है। विभिन्न मटेरियल के विश्लेषण में मटेरियल की प्रतिक्रियाएं निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ट्रिटियम ब्रीडर उम्मीदवार सामग्री के रूप में कई लिथियम सेरेमिक सामग्री का रिसर्च किया गया है, जो विश्वसनीय और स्थायी होती है। इनमें से एक प्रमुख सामग्री लिथियम मेटा-टाइटेनेट ($Li_2TiO_3$) है, और जिसका आईपीआर में व्यापक विश्लेषण किया गया है। ब्रीडर मॉड्यूल में लिथियम मेटा-टाइटेनेट ($Li_2TiO_3$) को गोलाकार पेबल्स के रूप में रखा जाता है, जो मॉड्यूल के भीतर पैक्ड बेड के रूप में प्रयोग होते हैं। इन सामग्रियों के निर्माण प्रक्रिया को उचित संयोजन, गुणधर्म, और कार्यात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने की मांग की चुनौती प्रदान करती है। तैयारी के हर चरण में, फ्यूजन ब्लैंकेट के लिए आवश्यक गुणों को पूरा करने के लिए पेबल्स और पेबल बेड के विभिन्न विश्लेषण किए जाते हैं। औसत बेड तापमान के आधार पर पेबल बेड की प्रभावी थर्मल चालकता ($K_{eff}$) का मापन करने के लिए, एक परीक्षण सुविधा को आईपीआर में स्थानीय रूप से डिजाइन और निर्मित किया गया है, जिसमें स्थिर-अवस्था धारित और क्षणिक हॉट-वायर विधियों का प्रयोग होता है।

फ्यूजन रिएक्टरों में ब्लैंकेट मॉड्यूल के लिए कम सक्रियण फेरिटिक-मार्टेनसिटिक (RAFM) इस्पात एक उम्मीदवार संरचनात्मक सामग्री है। आईटीईआर आवश्यकताओं के अनुसार मटेरियल पात्रता डेटाबेस के उत्पादन के लिए भारतीय फेरिटिक-मार्टेनसिटिक इस्पात सामग्रियों के विभिन्न थर्मो-भौतिक और थर्मो-मैकेनिकल गुणों का अध्ययन किया गया है। आईटीईआर में विकिरण (> 1 डीपीए) द्वारा अपेक्षित किए जाने वाले प्रभावों के स्तर तक मटेरियल डेटाबेस को पहुंचाने के लिए अधिक अनुसंधान की आवश्यकता है । यह लेख इन मटेरियल के विकास की चुनौतियों और उनके विस्तृत थर्मो-मैकेनिकल विश्लेषण और संबंधित अनुसंधान गतिविधियों को प्रस्तुत करेगा, तथा ये भारतीय फ्यूजन के भविष्य के मार्गसूची के साथ संरेखित होते हैं।

**मुख्य शब्द: ब्रीडर सामग्री, संरचनात्मक सामग्री, विशेषताएँ**

**परिचय**

फ्यूजन रिएक्टर में के उच्चतम परिणाम उठाने के लिए नई सामग्री और प्रौद्योगिकियों की मांग होती है जो अत्याधुनिक न्यूक्लियर पर्यावरण को सहन कर सकें। कई देशों में कार्यात्मक और संरचनात्मक सामग्री से संबंधित सामग्री विकास गतिविधियाँ तेजी से बढ़ाई गई हैं [1]। डेमो रिएक्टर की ओर भारतीय फ्यूजन रोडमैप में, सामग्री के विकास, विश्लेषण और मान्यता पर ध्यान केंद्रित करने वाली प्रमुख गतिविधियों में से एक है। विभिन्ना सामग्रियाँ विकसित की गई हैं और सुरक्षित और सतत ट्रीटियम ब्रीडर उम्मीदवार सामग्री के लिए जांच की जा रही हैं। लिथियम मेटा-टाइटेनेट ($Li_2TiO_3$) और लिथियम ऑर्थो-सिलिकेट ($Li_4SiO_4$) उनमें से सुनिश्चित उम्मीदवार सामग्रियों में प्रमुख हैं। आई. पी. आर ने इन सिरेमिक ब्रीडर सामग्रियों के विकास और विश्लेषण के लिए विभिन्न सुविधाओं को विकसित किया है। लिथियम मेटा-टाइटेनेट ($Li_2TiO_3$) पाउडर को लिथियम कार्बोनेट ($LiCO_3$) और टाइटेनियम डाइऑक्साइड ($TiO_2$) का सॉलिड स्टेट अभिक्रिया का उपयोग करके बनाया गया है, जिसके बाद बॉल मिलिंग और कैल्सिनेशन किए गये हैं। इस पाउडर से $Li_2TiO_3$ पैलेट्स और पेबल्स बनाए जाते हैं, जिसके बाद उच्च तापमान में सिन्टरिंग किया जाता है। तैयारी के हर चरण में, इन सामग्रियों की आवश्यक गुणों को पूरा करने के लिए विस्तृत विश्लेषण किए जाते हैं। इसलिए, सामग्री की उपयोगिता के गुणों के साथ-साथ पेबल बेड के आवश्यक थर्मो-मैकेनिकल गुणों को मापना आवश्यक है। पेबल बेड की प्रभावी तापीय प्रवाहशीलता ($k_{eff}$) एक महत्वपूर्ण पैरामीटर है जो एक फ्यूजन ट्रीटियम ब्रीडर ब्लैंकेट के डिजाइन और विश्लेषण के लिए महत्वपूर्ण है। प्रभावी तापीय प्रवाहशीलता का मापन करने के लिए, स्वदेशी रूप से आई. पी. आर में प्रयोगशाला स्थापित की गई है जहां तत्कालीन स्थिर अवस्था ताप प्रवाह और अस्थायी हॉट वायर विधियों का उपयोग करके पेबल बेड की प्रभावी तापीय प्रवाहशीलता का मापन किया जाता है। $Li_2TiO_3$ पेबल बेड की प्रभावी तापीय प्रवाहशीलता (keff) का मापन औसत बेड तापमान के साथ विभिन्न वातावरणों (खाली जगह, हीलियम गैस आदि) में ३० डिग्री सेल्सियस से 500 डिग्री सेल्सियस तक कार्यान्वयन के रूप में किया जाता है। पेबल बेड की थर्मो-मैकेनिकल गुणों को भी विभिन्न वातावरणों में औसत बेड तापमान के आधार पर मापा गया है। ये सभी गुण $Li_2TiO_3$ विकसित ब्रीडर सामग्रियों के अन्य शोधकर्ताओं द्वारा प्राप्त परिणामों के साथ अच्छे समरूप माने गए हैं।

कम सक्रियण वाला फेरिटिक-मार्टेंसिटिक (RAFM) इस्पात फ्यूजन रिएक्टर में ब्लैंकेट मॉड्यूल के लिए एक संरचनात्मक सामग्री उम्मीदवार है। ITER आवश्यकताओं के अनुसार, IN-RAFMS सामग्रियों की विभिन्न थर्मो-भौतिक और थर्मो-मैकेनिकल गुणों का अध्ययन किया गया है ताकि सामग्री पात्रता डेटाबेस का उत्पादन किया जा सके। धातु वैज्ञानिकों के लिए ब्लैंकेट मॉड्यूल में उपयुक्त संरचनात्मक और कार्यात्मक सामग्री को एक व्यवस्था में स्थापित करने की चुनौती वास्तव में एक चुनौती है। इसमें से एक प्रमुख मुद्दा पदार्थ के निर्माण, विशेषतः सामग्री के संयोजन की है। इस चुनौती को पूरा करने के लिए, घर्षण स्टीर वेल्डिंग, विद्युत्-विद्युतछेदन वेल्डिंग, और दबाव योग्यता द्वारा विषरण संयोजन जैसी प्रौद्योगिकियों का विकास वर्तमान में उन्नत स्तरों पर हो रहा है। यह विवरण उपयोगी और संरचनात्मक सामग्री की तैयारी, उनकी विशेषणा और पात्रता के बारे में होगा। यह लेख भारतीय फ्यूजन के भविष्य के मार्गनक्षमता के साथ मेल खाते हुए इन सामग्रियों के विकास और संबंधित अनुसंधान गतिविधियों की चुनौतियों का वर्णन करेगा।

## कार्यात्मक सामग्री

दो हाइड्रोजन आइसोटोप की थर्मोन्यूक्लियर फ्यूजन से ऊर्जा और ऊर्जावान न्यूट्रॉनों का उत्पादन होता है जो बिजली उत्पादन के लिए उपयोग किया जा सकता है। डियुटिरियम और ट्रीटियम फ्यूजन प्रतिक्रिया द्वारा ऊर्जावान 14.1MeV न्यूट्रॉनों का उत्पादन करेगा:

$$D + T \rightarrow {}^{4}He_{2}\ (3.517\ MeV) + n^{0}\ (14.069\ MeV) \quad \text{-------------------} \quad (1)$$

D-T प्रतिक्रिया (समीकरण १) अत्यधिक ऊर्जावान १४.१ MeV न्यूट्रॉनों का उत्पादन करती है जो रिएक्टर में संरचनात्मक और कार्यात्मक सामग्रियों के लिए गंभीर क्षति, यानी विकिरण क्षति, परिवर्तन उत्पादों के उत्पादन और मैकेनिकल और धातुरसायनिक गुणों में परिणामों का उत्पन्न होता है। इसलिए, फ्यूजन रिएक्टर के विभिन्न उपसमुदायों में प्रबल कर्मण और उनकी संचालन आवश्यकताओं को समझना आवश्यक है। क्योंकि ब्लैंकेट लिथियम$_6$ से बने सिरेमिक यूक्ति या तरल धातु (शुद्ध लिथियम या लेड लिथियम यूटेक्टिक मिश्र धातु) के रूप में मिलता है, इसे (n,α) प्रतिक्रिया द्वारा ट्रिटियम में परिवर्तित किया जाता है, जिससे शीतलक  को अतिरिक्त ऊष्मा प्राप्त होती है। इन न्यूट्रॉनों का उपयोग भी ईंधन (टी) का उत्पादन करने के लिए लिथियम से कर सकते हैं (समीकरण २ में दिखाया गया है) और न्यूट्रॉनों की काइनेटिक ऊर्जा से ऊर्जा निकाल सकते हैं। इसे निम्न समीकरण द्वारा व्यक्त किया जाता है:

$${}^{6}Li_{3} + n^{0} \rightarrow {}^{4}He_{2} + {}^{3}T_{1} + 4.78\ MeV \quad \text{---------------------------} \quad (2)$$

इस प्रकार, लिथियम तेजी से चलने वाले न्यूट्रॉनों का उपयोग करके ट्रीटियम ईंधन और ऊष्मा उत्पन्न करता है, जो बाद में बिजली में परिवर्तित होती है। Li2TiO3 पाउडर और पेबल्स की निर्माण प्रक्रिया की फ्लो चार्ट चित्र 1 में दिखाई गई है। इन पदार्थो की निर्माण प्रक्रिया को योग्य संरचना, गुणों और कार्यात्मक आवश्यकताओं की मांगों को पूरा करने की चुनौती होगी। पेबल्स की गुणों पर सिंटरिंग समय और तापमान के प्रभाव का अध्ययन किया गया है। $Li_2TiO_3$ पेबल्स की थर्मल कंडक्टिविटी में घनत्व और तापमान के आधार पर होने वाला प्रभाव, थर्मो-मैकेनिकल गुणों (कुचलन शक्ति और थर्मल कंडक्टिविटी) पर पोरोसिटी के प्रभाव को दिखाते हैं [२]। चित्र ३ में दिखाए गए परीक्षण सुविधा को आई. पी. आर में स्थानीय रूप से डिजाइन और निर्मित किया गया है जिसका उपयोग पेबल बेड की प्रभावी थर्मल कंडक्टिविटी का मापन करने के लिए किया जाता है, जो औसत बेड तापमान के आधार पर स्थिरावस्था धारात्मक और अस्थायी हॉट-वायर विधियों का उपयोग करते हुए होता है। पेबल बेड की प्रभावी थर्मल कंडक्टिविटी ($K_{eff}$) को अलग-अलग तापमान और वातावरणों (खाली जगह और हीलियम दबाव ०.१ एमपीए से ०.४ एमपीए तक) में मापा गया है, जो अन्य शोधकर्ताओं द्वारा प्राप्त परिणामों के साथ अच्छी संगति में हैं [३]। चित्र ३ में विभिन्न कारकों का प्रदर्शन कराने के लिए उपयोग किए जाने वाले विभिन्न यंत्रों को दिखाया गया है जो कार्यात्मक सामग्रियों की विशेषणा के लिए उपयोग हुए हैं।




*चित्र 1 :Li2TiO3 पाउडर और पेबल्स की निर्माण प्रक्रिया*

**संरचनात्मक सामग्री:**

फ्यूजन रिएक्टर में संरचनात्मक सामग्री वास्तव में पूरा भार लेती है और इसे कठिन परिस्थितियों में संचालित होने की क्षमता रखनी चाहिए। इन सामग्रिया को उच्च संचार रोधिता, विकिरण प्रतिरोध के अतिरिक्त अन्य गुणों और कार्यात्मक सामग्रियों में आवश्यक स्तर की पूर्णता की आवश्यकता होती है।पदार्थो के लिए विनिर्दिष्ट विनिर्देशों को पूरा करना, उनके विकास, विश्लेषण, उत्पादन और संबंधित घटकों में उचित निर्माण करना एक मुख्य चुनौती है। जब १४.१ MeV ऊर्जा वाले न्यूट्रॉन प्लाज़्मा से बाहर निकलकर ब्लैंकेट संरचनात्मक सामग्री के दीवारों में प्रवेश करते हैं, तोउनकेद्वारा लैटिस परमाणुओं (विस्थापन और परिवर्तन) के रेडिएशन क्षति (विस्थापन और परिवर्तन) का कारण बनता है। प्रारंभ में, आस्टेनिटिक स्टेनलेस स्टील ३१६ को पहले दीवार और शील्ड ब्लैंकेट के संरचनात्मक सामग्री के रूप में चुना गया था, जो कम गतिविधि वाला ३१६ LN (IG) (जिसमें IG का अर्थ ITER ग्रेड है) के रूप में था। हालांकि, यह सामग्री स्वेलिंग में इससे अधिक आर्द्रता और ६००° C से ऊपर अपेक्षाकृत कमजोर जीवन के कारण, खासकर हेलियम (जो (n,α) प्रतिक्रियाओं के कारण उत्पन्न होता है) के साथ, ब्लैंकेट पहले दीवार के लिए DEMO रिएक्टर के लिए अब चयनित सामग्री Reduced Activation Ferritic/Martensitic steel (RAFMS) है।

अंतरराष्ट्रीय प्रयास किए जाते हैं ताकि टंगसटन १-२ wt.% और टेंटालम ०.०२ - ०.१८ wt.% तक के वारियंट के साथ RAFM स्टील का विकास किया जा सके। १.४ wt.% W और ०.०६ wt.% Ta (१.४W-०.०६Ta) के साथ स्वदेशी रूप से विकसित IN-RAFM स्टील के विकास के लिए एक त्रिमासिक विकास कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जिसमें एक विधिमान और वैज्ञानिक दृष्टिकोण शामिल था। W और Ta दोनों के संयोजन को सर्वोत्तम करने के लिए क्रीप–फटीग और फटीग के इंटरेक्शन जीवन में सर्वश्रेष्ठ परिणाम हासिल किया गया है। ९Cr-१.४W-०.०६Ta wt% IN-RAFM स्टील दूसरे RAFM स्टील हीट से बेहतर प्रभाव गुणों के साथ पाया जाता है [४]। IN-RAFM सामग्री की विभिन्न थर्मो-भौतिक और थर्मो-यांत्रिकीय गुणों की अध्ययन किए गए हैं, ITER की आवश्यकताओं के अनुसार सामग्री पात्रता डेटाबेस की उत्पत्ति के लिए।

**सारांश:**

ऊर्जा की बढ्ती हुयी मांगो और सीमित स्त्रोतो के कारण फ्यूज़न रिएक्टर कार्यक्रम ने एक बड़ी छलांग लगाई है। अनुसंधान और विकास के लिये संलयन रियेक्टर का दुर्लभ वातावरण एक चुनौती पैदा करता है, जिस दिशा मे बहुत तेजी से काम किया जा रहा है । आज के समय मे हम उपयुक्त मटेरियल के बिना फ़्यूज़न रिएक्टर की कल्पना नही कर सकते है । फ़्यूज़न रिएक्टर के व्यावसायिक उपयोग के लिये उपयुक्त मटेरिअल का चयन अत्यंत आवस्यक है । आई. पी. आर. मे ब्लैंकेट मटेरिअल का अनुसंधान और विकास तेजी से किया जा रहा है । ब्लैंकेट मटेरियल के अनुसंधान क्षेत्र मे लिथियम सिरामिक पेबल, लेड-लिथियम मिश्र धातु और IN-RAFMS की प्रमुख भूमिका है । ब्लैंकेट मटेरियल के विश्लेशण के लिये विभिन्न प्रकार की तकनीकी सुविधाये और डाटाबेस निर्माण पर उचित जोर दिया जा रहा है ।

**संदर्भ:**

*[1 [ परितोष चौधरी एवं अन्य, "Thermal-hydraulics of LLCB TBM under different ITER operational conditions", Fusion Engineering and Design, V. 109–111, Part A, (2016), 906-911.*

*[2] आरोह श्रीवास्तव एवं अन्य, "Effect of porosity on thermal conductivity of Li2TiO3 ceramic compact", Fusion Engineering & Design, Volume 166, (2021) 112318.*

*[3] हर्ष पटेल एवं अन्य, "Simultaneous measurement of effective thermal conductivity of Li2TiO3 pebble bed using transient hot-wire technique", Fusion Engineering and Design, 171 (2021) 112564.*

*[4] एस.के. अल्बर्ट एवं अन्य, "Development of IN-RAFM steel and fabrication technologies for Indian TBM", Fusion Engineering and Design 109–111 (2016) 1422.*

# "भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की भूमिका"

*- डी.एस.यादव *एवं सी.बी .सिंह**

** अधीक्षक(कॉरपोरेट प्लानिंग), यूरेनियम कॉरपोरेशन आफ़ इण्डिया लिमिटेड जादूगोड़ा, झारखण्ड ।*

*ई-मेल: dsyadav@uraniumcorp.in*

*** उप अधीक्षक (उत्पादन विश्लेषक), यूरेनियम कॉरपोरेशन आफ़ इण्डिया लिमिटेड जादूगोड़ा, झारखण्ड।*

*ई-मेल: cbsingh@uraniumcorp.in*

---

देश में ऊर्जा के स्वच्छ और विश्वसनीय स्रोत के लिए परमाणु ऊर्जा को पसंदीदा विकल्प के रूप में मान्यता दी गई है। परमाणु ऊर्जा विभाग (DAE) देश में बाईस परमाणु रिएक्टरों का संचालन कर रहा है, जिनमें से आठ रिएक्टर स्वदेशी यूरेनियम से ईंधन भरते हैं। डीएई की अगले पंद्रह वर्षों में देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन में कई गुना वृद्धि की महत्वाकांक्षी योजना है। देश में यूरेनियम उत्पादन केंद्रों की वृद्धि के माध्यम से स्वदेशी परमाणु ईंधन की निरंतर आपूर्ति बनाए रखना इस दृष्टि को प्राप्त करने के लिए अत्यावश्यक है।

डॉ होमी जे भाभा (देश के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के जनक) ने परमाणु ईंधन उत्पादन में आत्मनिर्भरता और कार्यक्रम के स्वदेशीकरण की भावना के लिए भारत के तीन चरण परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम तैयार किए। पहला चरण दाबित भारी पानी रिएक्टरों (PHWR) पर आधारित है जो प्राकृतिक यूरेनियम से ईंधन भरता है। दूसरे चरण में पहले चरण के खर्च किए गए ईंधन से उत्पादित और पुन: संसाधित प्लूटोनियम के उपयोग की परिकल्पना की गई है। तीसरा चरण थोरियम पर आधारित है जिसके लिए अनुसंधान और विकास के प्रयास प्रगति पर हैं।

यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (UCIL) परमाणु ऊर्जा विभाग (DAE) के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम (PSU) है जो कि परमाणु ऊर्जा आयोग(AEC) के गठन की अगली कड़ी के रूप में 4 अक्टूबर 1967 को बनाया गया था। यूसीआईएल को देश के पहले चरण के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम की ईंधन आवश्यकता को पूरा करने के लिए देश के यूरेनियम अयस्क के खनन और प्रसंस्करण करने का अधिकार है।

यूरेनियम उत्पादन, देश के परमाणु कार्यक्रम की अग्रिम पंक्ति गतिविधि, यूरेनियम संसाधनों की उपलब्धता, खनन और प्रसंस्करण के लिए प्रौद्योगिकी, परमाणु विरोधी पैरवी आदि को देखते हुए हमेशा एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। UCIL ने वर्षों से अपने संचालन के सभी क्षेत्रों में तकनीकी प्रगति के साथ विभिन्न मोर्चों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

UCIL द्वारा अपनाए गए यूरेनियम खनन, प्रसंस्करण और अपशिष्ट प्रबंधन के अभ्यास निरंतर उन्नयन के अधीन हैं और पर्यावरण के अनुकूल वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में, UCIL को यूरेनियम खनन और प्रसंस्करण की अपनी प्रौद्योगिकी और प्रथाओं के लिए उचित पहचान मिली है।

## परिचय:

आज़ादी के तुरंत बाद, 1948 में परमाणु ऊर्जा आयोग के गठन के साथ भारत ने अपने प्रेरक परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम की एक शुरुआत की। इस विकास के परिणामस्वरूप, यह महसूस किया गया कि देश के पास बुनियादी कच्चे माल जैसे यूरेनियम, थोरियम आदि के स्वदेशी संसाधन होने चाहिए। देश में अच्छे यूरेनियम भंडार का पता लगाने के लिए भारत सरकार द्वारा रेयर मेटल सर्वे यूनिट (बाद में इसका नाम बदलकर परमाणु खनिज अन्वेषण और अनुसंधान निदेशालय कर दिया गया) नामक एक समूह का गठन किया गया था।

उस समय में उपमहाद्वीप की विद्यमान खनिज पट्टियों और भूवैज्ञानिक दृष्टि से अनुकूल क्षेत्रों पर खोज पर जोर दिया गया। तांबे और सोने के साथ यूरेनियम का संबंध दुनिया के कुछ हिस्सों में पहले से ही ज्ञात था। इस सादृश्य पर, देश के ज्ञात तांबे और सोने के प्रांतों की बड़े पैमाने पर जांच की गई। भूवैज्ञानिकों के पहले समूह के अग्रणी काम ने देश के पूर्वी हिस्से में सिंहभूम थ्रस्ट बेल्ट में कई यूरेनियम उपस्थितियों को प्रकाश में लाया और जल्द ही यह स्पष्ट हो गया कि इस बेल्ट में वाणिज्यिक यूरेनियम खनन कार्यों की संभावना है।

## देश में यूरेनियम के भंडार:

भारतीय उपमहाद्वीप में भूमि का केवल एक छोटा सा हिस्सा ही यूरेनियम भंडार के लिए भूवैज्ञानिक रूप से अनुकूल माना जाता है। परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय (एएमडी) देश में परमाणु खनिजों के लिए अन्वेषण गतिविधियों का आयोजन करता है। वर्ष 1951 में सिंहभूम शियर जोन के जादुगुडा में देश के पहले यूरेनियम भंडार की खोज की गई थी।

पिछले छह दशकों में परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय (एएमडी) द्वारा भारत में खोजे गए कुल यूरेनियम (U3O8) संसाधनो में झारखंड में लगभग 21.66 %, आंध्र प्रदेश में 59.75%, मेघालय में 6.08% और शेष अन्य राज्यों में है। हालाँकि, भारत के यूरेनियम भंडार आमतौर पर टन भार में छोटे और निम्न श्रेणी के हैं।

## देश में यूरेनियम का उत्पादन:

झारखण्ड राज्य में जादुगुड़ा वाणिज्यिक स्तर पर यूरेनियम अयस्क का उत्पादन करने वाली देश की पहली खदान है। जादुगुड़ा खदान में अन्वेषणात्मक खान विकास कार्य 1958 में एडिट्स के ड्राइव से शुरू हुआ। यूसीआईएल ने 1968 में यूरेनियम कंसन्ट्रेट के अपने पहले बैच को भेजा था। तब से कंपनी ने देश में नई खानों और प्रसंस्करण संयंत्रों को खोलकर यूरेनियम उत्पादन को कई गुना बढ़ा दिया है। यूसीआईएल भारत के रिएक्टरों 'जो आईएईए (IAEA) सुरक्षा उपायों के अंतर्गत नहीं आते हैं' के लिए यूरेनियम की आवश्यकता को पर्याप्त रूप से पूरा करके देश के परमाणु ऊर्जा उत्पादन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

यूसीआईएल वर्तमान मे झारखंड राज्य में सिंहभूम शियर जोन में छह भूमिगत खानों (बागजाता, जादुगुडा, भाटिन, नरवापहाड़, तुरामडीह और मोहुलडीह) और एक खुली खदान (बंधुहुरंग) का संचालन करती है। इन खानों से उत्पादित अयस्क को उसी क्षेत्र में जादुगुड़ा और तुरमडीह स्थित दो प्रसंस्करण संयंत्रों में प्रसंस्कृत किया जाता है। और इस के साथ आंध्र प्रदेश के वाई एस आर जिले के तुम्मलापल्ली में प्रोटेरोज़ोइक कडप्पा बेसिन में एक बड़ी भूमिगत खदान और प्रसंस्करण संयंत्र (एक नई स्वदेशी क्षारीय तकनीक पर आधारित) का भी संचालन करती है। इन संयंत्रों से उत्पादित यूरेनियम कंसन्ट्रेट को 'नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र', हैदराबाद (NFC, Hyderabad) में आगे शुद्धिकरण और परमाणु ईंधन छड़ों के निर्माण के लिए भेजा जाता है।

आगामी रिएक्टरों की ईंधन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, परमाणु ऊर्जा आयोग ने यूसीआईएल की कुछ मौजूदा इकाइयों के क्षमता विस्तार के साथ-साथ देश के विभिन्न हिस्सों में नई परियोजनाओं की स्थापना के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। परमाणु ऊर्जा विभाग की आवश्यकता के अनुरूप, यूसीआईएल ने बड़े पैमाने पर विस्तार के लिए पहले से ही एक योजना की रूपरेखा तैयार की है जिसमें कुछ कमियों को दूर करके मौजूदा सुविधाओं से निरंतर आपूर्ति बनाए रखना, कुछ मौजूदा इकाइयों का आधुनिकीकरण और क्षमता विस्तार और देश के कुछ हिस्सों में नई उत्पादन सुविधाओं (खानों और संयंत्रों) का निर्माण शामिल है।

यदि यूसीआईएल की नियोजित परियोजनाएं उत्पादन केंद्रों में बदल जाती हैं, तो यूरेनियम कंसन्ट्रेट (येलो केक) की अतिरिक्त मात्रा अगले 10 से 15 वर्षों में देश के आगामी रिएक्टरों की ईंधन आवश्यकता में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।

**झारखंड राज्य में यूसीआईएल परिचालन इकाइयां**



**जादुगुडा यूरेनियम खदान:**

झारखण्ड राज्य में जादुगुड़ा वाणिज्यिक स्तर पर यूरेनियम अयस्क का उत्पादन करने वाली देश की पहली खदान है। जादुगुड़ा खदान में अन्वेषणात्मक खान विकास कार्य 1958 में एडिट्स के ड्राइव से शुरू हुआ।
गया। वर्तमान में, जादुगुड़ा यूरेनियम खदान देश की सबसे गहरी संचालित खदान है, और यहाँ 815 ML तक की गहराई से उत्पादन हो रहा है ।

**बागजाता खदान:**

बागजाता में एक छोटा अयस्क निक्षेप स्थित है जो जादुगुड़ा से लगभग 26 किमी पूर्व में है। यह खदान 500 टीपीडी की रेटेड क्षमता के साथ संचालित की जा रही है। इसे वर्ष 2008 में चालू किया गया था। इस खदान से अयस्क को प्रसंस्करण के लिए जादुगुड़ा मिल में ले जाया जाता है।

**भाटिन खदान:**

भाटिन एक छोटा यूरेनियम भंडार है जो जादुगुडा से 3 किमी पश्चिम में स्थित है जिसे 1987 में 250 टीपीडी की रेटेड क्षमता के साथ कमीशन किया गया था। इस निक्षेप में भूवैज्ञानिक सेटिंग्स, खनिज समुच्चय और अन्य मेजबान चट्टान विशेषताएँ जादुगुड़ा निक्षेप के समान हैं। भाटिन खदान से अयस्क सड़क मार्ग से जादुगुड़ा मिल तक प्रसंस्करण के लिए ले जाया जाता है ।



**नरवापहाड़ खदान:**

यह जादुगुडा से 12 किमी पश्चिम में स्थित एक बड़ा निक्षेप है। यह खदान 1995 में 1000 टीपीडी की रेटेड क्षमता के साथ शुरू की गई थी और यह देश में अपनी तरह की पहली ट्रैकलेस खदान थी। अयस्क निकाय के फुटवॉल साइड में खदान में प्रवेश के रूप में 7 डिग्री की डिकलाइन  विकसित की गई है जिसके माध्यम से बड़ी मशीनरी भूमिगत चलती है। डिकलाइन से, रैंप को विभिन्न ऊंचाई पर स्टॉप के प्रवेश के रूप में विकसित किया जाता है, जो ट्विन-बूम ड्रिल जंबो, लो-प्रोफाइल-डंप-ट्रक, सर्विस ट्रक, यात्री वाहक, लो प्रोफाइल ग्रेडर, कैंची-लिफ्ट आदि की आवाजाही की सुविधा प्रदान करता है। जन संचलन और गहरे स्तरों से अयस्क का उत्थापन 355 मीटर की गहराई तक एक ऊर्ध्वाधर शाफ्ट के माध्यम से किया जाता है।




**तुरामडीह खदान:**

तुरमडीह यूरेनियम निक्षेप जादुगुडा से लगभग 24 किमी पश्चिम में स्थित है। इसे 2003 में 550 टीपीडी की उत्पादन क्षमता के साथ कमीशन किया गया था। खदान में प्रवेश 8 डिग्री की डिकलाइन  के माध्यम से स्थापित किया गया है जो ट्रैकलेस खनन उपकरण जैसे यात्री वाहक, ड्रिल जंबो, लो-प्रोफाइल डंप ट्रक आदि का उपयोग करने की सुविधा प्रदान करता है। इस खदान के अयस्क को तुरामडीह में खदान स्थल के निकट निर्मित संयंत्र में संसाधित किया जाता है।

**बंधुहुरंग खदान:**

यह निक्षेप तुरमडीह खनिज निक्षेप का पश्चिमी विस्तार है, जहाँ अयस्क निकाय का एक भाग सतह पर निकल आता है। यह एक निम्न-ग्रेड, बड़ी मात्रा का निक्षेप है। यह देश की पहली ओपनकास्ट यूरेनियम खदान है, जिसे 2007 में बंधुहुरंग में 3500 टीपीडी की उत्पादन क्षमता के साथ चालू किया गया था। इस खदान का अयस्क सड़क मार्ग से तुरामडीह मिल में प्रसंस्करण के लिए भेजा जाता है।

**मोहुलडीह खान:**

मोहुलडीह खदान बंधुहुरंग खदान के निकट स्थित है। मोहुलडीह भूमिगत खदान को 500 टीपीडी की उत्पादन क्षमता के साथ वर्ष 2012 में चालू किया गया था।  इस खदान के अयस्क का  प्रसंस्करण तुरामडीह मिल में किया जा रहा है।

**जादुगुड़ा प्रसंस्करण संयंत्र**

जादुगुडा में देश का पहला परिचालित प्रसंस्करण संयंत्र 1968 से काम कर रहा है, जो एसिड लीचिंग तकनीक पर आधारित है। इस प्रक्रिया को स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है और समय-समय पर वैश्विक विकास के साथ तालमेल बिठाते हुए उन्नत किया गया है। जादुगुडा संयंत्र में, विभिन्न आकारों के अयस्क को पीसने के बाद गीले पीसने के दो चरण होते हैं। घोल के रूप में अयस्क को गाढ़ा किया जाता है और नियंत्रित पीएच और तापमान स्थितियों के तहत लीचिंग पचुकाओं  में निक्षालित

किया जाता है। निक्षालित तरल पदार्थ को फिर फ़िल्टर किया जाता है और आयन-विनिमय से गुजरता है जिसमें यूरेनिल आयन राल में अवशोषित हो जाते हैं।. जादुगुड़ा संयंत्र का अंतिम उत्पाद यूरेनियम पेरोक्साइड है, जिसे परमाणु ग्रेड ईंधन में आगे की प्रक्रिया के लिए नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र (NFC), हैदराबाद में भेजा जाता है।

**तुरामडीह प्रसंस्करण संयंत्र:**

तुरामडीह और बंदुहुरंग खदानों के अयस्क के प्रसंस्कर के लिए 3000 टीपीडी की प्रसंस्करण क्षमता के साथ तुरामडीह में अयस्क प्रसंस्करण संयंत्र 2007 में स्थापित किया गया है। बाद में मोहुलडीह खदान का अयस्क भी तुरामडी मिल में प्रसंस्कृत किया जा रहा है। यह प्रसंस्करण संयंत्र भी जादुगुड़ा प्रसंस्करण संयंत्र के समान एसिड लीचिंग प्रक्रिया और फ्लो शीट का पालन करता है। तुरामडीह संयंत्र का भी अंतिम उत्पाद यूरेनियम पेरोक्साइड है, जिसे परमाणु ग्रेड ईंधन में आगे की प्रक्रिया के लिए नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र (NFC), हैदराबाद में भेजा जाता है।



**आंध्र प्रदेश राज्य में यूसीआईएल परिचालन इकाइयाँ**

**तुम्मलापल्ली खदान:**

भारत के कुल संसाधनों में 55% के साथ आंध्र प्रदेश राज्य की बहुमत हिस्सेदारी है। यहाँ 160 किमी से अधिक क्षेत्र में यूरेनियम खनिजीकरण पहले ही स्थापित किया जा चुका है। वर्तमान खनन, 7.6 किमी से अधिक क्षेत्र में शुरू कर दिया गया है और पहले से ही तीन डिक्लाइन और कन्वेयर उत्थापन प्रणाली के साथ नवीन खनन प्रौद्योगिकी के माध्यम से उत्पादन में है। तुम्मलापल्ली निक्षेप कार्बोनेट चट्टानो से घिरा है और इसमें दो लोड्स हैं अर्थात् हैंगवॉल लोड् और फुटवॉल लोड्। इस खदान में अपनाई गई खनन की विधि कट और फिल के संयोजन के साथ कक्ष और स्तंभ खनन विधि है। खनन किए गए अयस्क (ROM) को कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से तुम्मलापल्ली में प्रसंस्करण संयंत्र में ले जाया जाता है। फ्लाईएश और मिल टेलिंग के संयोजन का उपयोग भूमिगत खदान में रिक्त स्थान को भरने के लिए बैकफिल सामग्री के रूप में किया जाएगा।



**तुम्मलापल्ली प्रसंस्करण संयंत्र:**

तुम्मलापल्ली में संयंत्र के लिए अपनाई गई क्षारीय प्रसंस्करण तकनीक को पायलट संयंत्र अध्ययन के माध्यम से BARC, AMD और UCIL की संयुक्त टीम द्वारा विकसित किया गया है और इसे देश में पहली बार अपनाया गया है। प्रसंस्करण संयंत्र 3000 टीपीडी की वांछित क्षमता के साथ 2017 से निरंतर संचालन में है।



**निष्कर्ष:**

ऊर्जा मानव जाति के अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण रही है और हमारे विकास के हर बड़े कदम में ऊर्जा की खपत में कई गुना वृद्धि देखी गई है। इस संबंध में, परमाणु ऊर्जा इस सदी और उससे आगे के लिए मानव जाति के अस्तित्व और विकास की कुंजी है। स्वदेशी संसाधनों से यूरेनियम के उत्पादन पर जोर देने के साथ देश के विशाल ऊर्जा कार्यक्रम की दीर्घकालिक दृष्टि की रूपरेखा तैयार की गई है। हाल के वर्षों में, आयात के माध्यम से यूरेनियम की उपलब्धता ने देश के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के प्रदर्शन में काफी वृद्धि की है।

हालाँकि, थोरियम संसाधनों के उपयोग के माध्यम से भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा स्वदेशी उत्पादन आधार को अधिकतम करने पर निर्भर करती है। इस संबंध में, यूरेनियम अन्वेषण की आधुनिक तकनीकों, यूरेनियम उत्पादन के नवीन तरीकों, नए उत्पादन केंद्रों की स्थापना आदि के माध्यम से संसाधनों को बढ़ाने पर जोर दिया गया है। देश का यूरेनियम उद्योग इस आवश्यकता पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहा है और तदनुसार प्राथमिकता के आधार पर क्षमता निर्माण के लिए कदम उठा रहा है। इस क्षेत्र का विकास बड़े पैमाने पर मजबूत संस्थागत तंत्र के अलावा प्रतिष्ठित अनुसंधान संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, विनिर्माण उद्योग, सलाहकारों, वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों आदि की भागीदारी से संभव हुआ है। स्वदेशी परमाणु कार्यक्रम के लिए ईंधन की निरंतर आपूर्ति के लिए देश के यूरेनियम भंडार का विकास अपरिहार्य है। इस क्षेत्र की स्थिरता तकनीकी, आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक पहलुओं को जोड़ने वाले प्रयासों में सही संतुलन बनाने पर निर्भर करेगी।

*********************

# प्लाज़्मा गैसीफिकेशन से हाइड्रोजन उत्सर्जन एवं सरक्यूलर इकॉनमी: एक स्टार्ट-अप आईडिया

*नीरव ई. जमनापरा*[1,2]**, तेजस पारेख*[1]

[1] *प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान, गांधीनगर – 382 428*

[2] *होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, ट्रोमबे, मुंबई – 400 094*

**ईमेल : nirav@ipr.res.in*

## परिचय :

भारत एक उभरती हुयी इकॉनमी है और तेज़ी से बढ़ती आबादी वाला राष्ट्र भी। उर्जा एवं पर्यावरण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता भारत को विश्व गुरु बनाने का सामर्थ्य रखती है। फॉसिल उर्जा में उत्सर्जन पर्यावरण एवं जलवायु को प्रभावित करता है। भारत सरकार ने सराहनीय कदम उठाये हैं जैसे की इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना, ग्रीन हाइड्रोजन पर पालिसी रिलीज़ करना, वेस्ट-टू-एनर्जी (कचरे से उर्जा) परियोजनाओं को प्रोत्साहित करना इत्यादि। भारत की बड़ी कम्पनियों ने ग्रीन हाइड्रोजन पर काम करना शुरू भी कर दिया। आम तौर पर सभी को हाइड्रोजन बिजली की खपत से पानी में से उत्पन्न करने के बारे में पता है। लेकिन, हम दुसरे हाइड्रोजन के सोत्र पर विचार नहीं कर रहे। मानव सर्जित कचरा भी हाइड्रोजन का अच्छा सोत्र है और उसे उपयोग करने से उर्जा, पर्यावरण संरक्षण और कचरे के निपटन, तीनो फायदे होते हैं। विश्व के देशों ने COP-26 कांफ्रेंस (पेरिस समझौता) में अपने अपने तरीके से कटिबद्धता जताई है। भारत ने भी अपनी तरफ से कटिबद्धता बताते हुए नेशनल डीटरमाइंड कॉन्ट्रिब्यूशन (NDC) को अपडेट किया है जिसमें 2030 तक एमिशन इंटेंसिटी को GDP के 45% तक कम करने का लक्ष्य है [1]। इसका अर्थ यह है की पर्यावरण लक्षी प्रौद्योगिकी की मांग अगले 10-15 सालों तक ऊंची ही रहेगी। आत्म निर्भर भारत के अंतर्गत भारत सरकार का उद्देश है की ज्यादा से ज्यादा प्रौद्योगिकी भारतीय हो और घरेलु प्रौद्योगिकियो को प्राध्यन्य मिलना चाहिए। प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान ने कई वर्षों से प्लाज़्मा प्रौद्योगिकी का विस्तार और प्रसार किया है जिससे आज रौद्र प्रौद्योगिकी एक परिपकव रूप ले पायी है।

## पर्यावरण और हाइड्रोजन की मांग :

जल वायु परिवर्तन से हम सभी अच्छी तरह से वाकिफ हैं और इसका हमारे वातावरण पर क्या असर हो रहा है यह भी पता है। विश्व के ज़्यादातर देश यह बात समझ चुके हैं और अपने अपने तरीके से योग्य कदम उठा रहे हैं।




*चित्र 1: राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन पालिसी पर भारत सरकार की हरी झंडी [source: moneycontrol.com]*

हाइड्रोजन का फायदा यह है की उसे जलने पर H2O, यानि की पानी / भाप ही निकलती है जिसको फिरसे हाइड्रोजन उत्सर्जन के लिए उपयोग में लिया जा सकता है। इससे कार्बन-डाईओक्साइड के एमिशन पर रोक लग सकती है, जो की जल-वायु परिवर्तन का मूलभूत कारण है। भारत सरकार ने ग्रीन हाइड्रोजन पालिसी बनाते हुए रु. 19,744 करोड़ का आउटले रखा है। इससे भारत के वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थानों में भी हाइड्रोजन उत्सर्जन एवं स्टोरेज और उपयोग के विषयों को वेग मिला है। भारतीय उद्योग जगत भी जागृत रूप से इस में आगे रह कर हाइड्रोजन उत्सर्जन, स्टोरेज और डिस्ट्रीब्यूशन पर काम कर रहा है। प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान में हाइड्रोजन से अनुरूप कई प्रौद्योगिकियों पर काम चल रहा है। हम इस लेख में अपनी चर्चा 'रौद्र' प्लाज़्मा पायरोलिसिस प्रौद्योगिकी तक सिमित रखेंगे।

**रौद्र™ प्लाज़्मा प्रौद्योगिकी :**

प्लाज़्मा पायरोलिसिस (रौद्र™) प्रौद्योगिकी [2,3] में कचरे को जलाया नहीं जाता, बल्कि प्राण वायु के अभाव में उसे थर्मल प्लाज़्मा में सब्लिमेट किया जाता है जिससे वह वायु (पायरोलाईज़्ड गैस) में परिवर्तित हो जाता है । यह पायरोलाईज़्ड गैस में आम तौर पर CH4, C2H6, H2, CO इत्यादि मोलेक्युल्स होते है । आम तौर पर पायरोलिसिस प्रौद्योगिकी का उदेश कचरे का निटपन होता है और इसका ऑपरेशनल खर्च रहता है । इस गैस को 1100 C तापमान पर जलाया जाता है और फिर ठंडा कर उसे हवा मैं छोड़ने लायक बनाया जाता है । इस प्रोसेस को भारत सरकार के गजट में BMW रूल्स २०१६ [4] के तहत स्वीकृति प्राप्त हुयी है । जब हमें कचरे से उर्जा उत्पन्न करनी हो, तो उसे रिकवर करना आवश्यक है । इसी लिए, जब हमें कचरे से उर्जा उत्पन्न करनी हो, तो गैसीफिकेशन मोड में चयाला जाता है । इस मोड में, कचरे में सीमित मात्रा में ऑक्सीजन (प्राण वायु) या भाप (स्टीम) दी जाती है तापमान के साथ । इन परिस्थितियों में पार्शियल ऑक्सीडेशन के कारण एक्सोथर्मिक रिएक्शन होते हैं जो तापमान को बढ़ाते हैं और इसमें से syn गैस (CO+H2) बनता है । एक बार रिएक्शन स्टेबल होता है, तो प्लाज़्मा पॉवर की ज़रुरत निम्न हो जाती है । इसी लिए, प्लाज़्मा गैसीफिकेशन (रौद्र™-G) एक ऐसी प्रौद्योगिकी है जो कचरे का निर्मूलन कर उसे जला सकने वाले गैस को उर्जा या उपयोग लायक द्रव्यों में परिवर्तित कर सकती है । एफ.सी.आई.पी.टी में प्लाज़्मा गैसीफिकेशन (रौद्र™-G) का उपयोग कर पेट्रो केमिकल (हज़ारडस) कचरे में से सिन-गैस (CO+H2) का उत्सर्जन कर दिखलाया है । लेकिन यह प्रौद्योगिकी के कुछ पहलु ऐसे हैं जिस से यह प्रौद्योगिकी का वाणिज्य करण सिमित होता है । महेंगी मशीन, बिजली से चलने से ऑपरेशन खर्च ज़्यादा रहना, इत्यादि पहलु ओं का समाधान लाना आवश्यक है । भारत के किसी उर्जावान स्टार्टअप के लिए यह पेचीदा काम उपलब्धि में परिवर्तित करने का एक साधन बन सकता है ।

**स्टार्ट-अप लक्षी प्रस्तावित बिज़नस मॉडल :**

यह बिज़नस मॉडल वेस्ट-टू-एनर्जी और एनवायरनमेंट सेक्टर के लिए बनाया गया है । प्लास्टिक कचरा जो की व्यापक रूप से फैला हुआ है उससे उर्जा उत्पन्न करने का यह मॉडल है । यह मॉडल में प्लास्टिक कचरे से एथेनॉल बनाने और हाइड्रोजन उत्पादन के बारे में चर्चा की गयी है ।

**स्टार्टअप बिज़नस आईडिया का विवरण इस तरह है:**

सबसे पहले हमें रीन्यूवेबल उर्जा जैसे की सोलर या विंड पॉवर का उपयोग प्लाज़्मा गैसीफिकेशन मशीन चलाने के लिए करना चाहिए । पवन उर्जा से निर्मित पॉवर २ रुपये से भी कम दाम पर मिल सकती है । इस के लिए कोई विंड मिल संस्था या संचालक से जॉइंट वेंचर कर सकते हैं । दूसरा उपाय है प्लास्टिक जैसे उर्जावान कचरे को म्युनिसिपल कचरे कसे साथ मिलाकर (या अकेले) रौद्र™ गैसीफिकेशन प्रौद्योगिकी से कार्बन CO+H2 का उत्सर्जन कर सकते हैं । इसके बाद जब सिन गैस बनता है तब उसका तापमान 650-700 °C जितना होता है । इस हॉट गैस को फ़िल्टर एवं हीट एक्सचेंजर से इसकी सेंसिबल हीट / उर्जा रिकवर करके इस उर्जा को वेस्ट हीट बोईलर या प्रोसेस हीटिंग में उपयोग किया जा सकता है । ठंडा होकर निकलने वाले CO और हाइड्रोजन को अलग करने के लिए प्रेशर स्वींग अब्सोर्बशन प्रौधोगिकी (PSA) का उपयोग किया जा सकता है जो की पेट्रो केमिकल प्लांट एवं रिफाइनरी में व्यापक रूप से इस्तेमाल होती है । अब ये हाइड्रोजन जो की रिन्यूएबल उर्जा एवं कचरे में से उत्पन्न हुआ है, ऐसे हाइड्रोजन को ग्रीन हाइड्रोजन कहा जा सकता है, जो की कार्बन फुटप्रिंट को नेगेटिव करता है । जो बाकी CO निकला उसे लेंज़ाटेक™ प्रोसेस से जोड़कर मेथनॉल/एथेनॉल जैसे सिंथेटिक फ्यूल बनाया जा सकता है ।




**चित्र 2: रौद्र प्लाज़्मा प्रौद्योगिकी से हाइड्रोजन उत्पादन एवं सिंथेटिक फ्यूल का बिज़नस मॉडल**

प्लास्टिक कचरा यूँ तो समाज और पर्यावरण की परेशानी है, इस लिए मुफ्त प्राप्त होना चाहिए । लेकिन मान के चलते हैं की कबाड़ी बाज़ार भाव पर अगर प्लास्टिक कचरा प्राप्त होता है (जो की कचरा सफाई और कबाड़ी वालो के लिए आकर्षक रोज़गार बन सकता है), तो हम मान के चलते हैं की हमें रु. 55/किलो प्लास्टिक कचरा मिला । अतिरिक्त खर्च में, रौद्र-G प्रौद्योगिकी उपकरण का चलन खर्च (कन्स्युमेबल, ह्यूमन रिसोर्स इत्यादि) करीब रु. 20/किलो गिना गया है । इसका मतलब की प्लास्टिक कचरे से निपटने का खर्च रु. 75/किलो (रु. 55+20) हो सकता है । रौद्र™ गैसीफिकेशन प्रौद्योगिकी में १ किलो प्लास्टिक कचरा डालने से करीब 5 $m^3$ गैस उत्पन्न होती है । इसमें से 70-80% CO+H2 गैस (syn गैस) होती है । वैज्ञानिक गणित के आधार पर नापा जाये तो 1 किलोग्राम प्लास्टिक से 3500 लीटर syn गैस बनती है । प्राप्त अनुसंधान आंकड़ो के अनुसार syn गैस से एथेनॉल बनाने में एथेनॉल का उत्पाद 2 ग्राम / syn गैस लीटर होता है [5] । मतलब की 1 लीटर syn गैस से 2 ग्राम एथेनॉल बनता है । यदि इस syn गैस को एथेनॉल उत्पादन में लिया जाए तो इससे करीब करीब 7 लीटर एथेनॉल बन सकता है । 9 लीटर एथेनॉल की बाज़ार कीमत रु. 65/लीटर है, जो की रु. 585 बनती है । इसका मतलब 1 किलो प्लास्टिक कचरा निपटन खर्च रु. 75 है और उससे उत्पादित होने वाला एथेनॉल की कीमत रु. 585 बनती है । यह तो हुयी बात कचरे से एथेनॉल बनाने की (केस – अ) । अब थोड़ी नज़र डालते हैं हाइड्रोजन उत्पाद पर (केस – ब) ।

जैसे की हमने देखा, 1 किलोग्राम प्लास्टिक से 3500 लीटर syn गैस बनती है । इसमें से करीब करीब 2000 लीटर हाइड्रोजन है और 1500 लीटर CO है । इस 1500 लीटर CO से अगर एथेनॉल बनाया जाए तो 1 ग्राम / syn गैस लीटर के आधार [5] पर यह संख्या करीब 2 लीटर एथेनॉल बना सकती है । एथेनॉल के रु. 65/लीटर के बाज़ार भाव के आधार पर 2 लीटर से करीब रु. 130 की आमदनी हो सकती है । 2000 लीटर हाइड्रोजन को अगर ग्रे हाइड्रोजन भाव (रु. 150/kg) से गिना जाए तो करीब रु. 27 का हाइड्रोजन उत्पन्न हुआ । मतलब प्लास्टिक निपटन से कुल आमदनी रु. 157 / किलो है ।

ऊपर दिखाई गिनती के हिसाब से केस – अ में खर्च निकाल कर मुनाफा रु. 510 प्रति किलो प्लास्टिक है । इस केस में गैस सेपरेशन नहीं है जिससे रख-रखाव आसान होता है । अगर 1 टन प्रति दिन की निपटन क्षमता हो, और साल के 300 दिन रौद्र प्रणाली को चलाया जाय, तो साल की नगद कमाई रु. 15.3 करोड़ होती है ।

इसके विपरीत केस – ब में कुल मुनाफा रु. 82 प्रति किलो प्लास्टिक है । इसमें गैस सेपरेशन (PSA) प्रौद्योगिकी का रखरखाव खर्च शामिल नहीं है । इस केस – ब में, अगर 1 टन प्रति दिन की निपटन क्षमता हो, और साल के 300 दिन रौद्र प्रणाली को चलाया जाय, तो साल की नगद कमाई रु. 2.46 करोड़ होती है । अतः यह प्रतीत होता है की सीधे syn गैस से अगर एथेनॉल बनाया जाए तो ज्यादा फायदेमंद रहता है । अगर ध्यान हाइड्रोजन उत्पाद पर ज्यादा है, और कचरा निपटन पर ज़ोर ज्यादा है, तो नगद फायदे वाली बात गौण हो सकती है । स्टार्टअप इन पहलुओं पर अधिक ध्यान देने से सस्टेनेबल बिज़नस स्तापित कर सकता है ।

**स्टार्टअप के लिए महत्वपूर्ण पहलू:**

- प्लास्टिक कचरे एवं अन्य उच्च उर्जायुक्त कचरे का वैश्विक स्टार पर प्रदुषण एक चुनौती है । इस से निपट ने के लिए कई देश उत्सुख हैं । मतलब की कचरा निपटन का खर्च सरकार द्वारा दिया जा सकता है । यह सस्टेनेबल बिज़नस के सन्दर्भ में लाभदायक है ।
- कुछ हज़ार्ड्स कचरे (जैसे की फेकी गयी PP फ़िल्टर कार्ट्रिज, इपोक्सी कचरा इत्यादि) का निपटन कई उत्पादन कर्ताओं के लिए बोझ है । यह चुनौती उर्जा सर्जन के लिए अवसर बन सकती है ।
- सौर उर्जा या पवन उर्जा का उपयोग रौद्र प्रौद्योगिकी के ऑपरेशनल खर्च को कम कर सकता है और ग्रीन-हाइड्रोजन उत्सर्जन में सहायता कर सकता है । कार्बन क्रेडिट के फायदे भी मिल सकते हैं ।
- कॉर्पोरेट सोशल रेस्पोंसिबिलिटी (CSR) का उपयोग कर धन राशि एकत्रिक की जा सकती है जिससे सस्टेनेबिलिटी लायी जा सके । पर्यावरण और सेवा संस्थाओं से मिल कर आकर्षक बिज़नस मॉडल भी विकसित किया जा सकता है । इससे सभी को फायदा हो सकता है ।
- सीधे प्लास्टिक कचरे के उत्पादकरता (कोल्ड ड्रिंक बोतल, FMCG पैकेजिंग कम्पनियाँ इत्यादि) से बात करके इस मॉडल को सप्लाई चेइन का भाग बनाया जा सकता है जिससे सर्कुलर इकॉनमी को समर्थन मिलता है ।
- भारत सरकार ने हाइड्रोजन इकॉनमी के लिए, एथेनॉल ब्लेंडिंग रोडमैप, और वेस्ट – टू – एनर्जी के लिए काफी पोलिसियाँ बना कर रखी है जिसका फायदा स्टार्टअप को मिल सकता है ।

**प्रस्तावना के फायदे – चुनौतियाँ :**

जब भी कोई नया प्रौद्योगिकी प्रस्ताव होता है तो उसे सुनिश्चित करना पड़ता है की वो हमारे लिए कितना लाभदायी है । इसी लिए यहाँ प्रस्तावित बिज़नस मॉडल का फायदे और चुनौतियाँ विस्तृत रूप से चर्चित है :

**फायदे :**

- उच्च मात्रा में कचरे का निपटन, वो भी कम जगह में
- ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पाद – उर्जा या फिर मैन्युफैक्चरिंग में उपयोग संभव
- सौर/पवन उर्जा से रौद्र प्रौद्योगिकी को चला सकते हैं – कम ऑपरेशन खर्च
- CO से सिंथेटिक फ्यूल का उत्पाद
- वैश्विक रूप में कम कैपिटल निवेश
- स्वच्छ पर्यावरण की ओर एक कदम (कार्बन न्यूट्रल / नेगेटिव)

**चुनौतियाँ :**

- उच्च उर्जा युक्त कचरे (प्लास्टिक, हजार्डस कचरे) की ज़रुरत
- बाज़ार में चलित कचरा निटपन के सस्ते और अनैतिक तरीके
- PSA प्रौद्योगिकी के स्वदेशीकरण की ज़रुरत
- वैधानिक / नियामक मंजूरियां एवं संपर्क कार्यों की ज़रुरत

**सारांश :**

इस लेख से यह प्रस्तावना रखते हैं की उच्च उर्जा युक्त कचरे (प्लास्टिक इत्यादि) से स्वच्छ पर्यावरण को संरख्षित किया जा सकता है और इस के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकी भारत में प्राप्त है । सारांश रूप यह है की कचरे का निपटन रिन्यूएबल उर्जा से किया जा सकता है और उस से ग्रीन हाइड्रोजन उत्पन्न होता है, जिसे स्टील प्लांट या पॉवर जनरेशन

में उपयोग करने से पानी उत्पन्न होता है । यह पानी उपयोग लायक हो सकता है और हाइड्रोजन बनाने में भी उपयोगी है । बाकी निकलने वाले CO से फ्यूल बन सकता है जिसकी अच्छी कीमत मिल सकती है । सस्ता निपटन खर्च, और निपटन के उत्पाद से बने फ्यूल से आर्थिक तौर पर आकर्षक बनाने में यह रौद्र गैसीफिकेशन प्रौद्योगिकी एक मूल्यवान विकल्प बन सकती है । इस बिज़नस प्लान को स्टार्टअप गहनता से अध्ययन कर आगे बढ़ने की रणनिति बना सकता है । इन सब के उपरान्त, कॉर्पोरेट सोशल रेस्पोंसिबिलिटी (CSR) राशि का उपयोग इसे नए आयाम पर पंहुचा सकती है ।

**आभार प्रस्तावना :**

इस लेख को लिखने का उद्देश था की रौद्र प्रद्योगिकी को नया आयाम मिले और व्यापक प्रमाण में इस प्रौद्योगिकी का उपयोग हो, पर्यावरण के संरक्षण हेतु इसका प्रचार-प्रसार हो । लेखक अपना आभार व्यक्त करते हुए यह बताते हैं की जिस रौद्र प्रौद्योगिकी का उल्लेख यहाँ हुआ है, उसे विकसित करने में डॉ. सुधीर कुमार नेमा, वाडिवेल मुरुगन, आदम संघारियात, चिरायु पाटिल, बी. के. पटेल, डॉ. विशाल जैन, विजय चौहान इत्यादि सभी कर्मियों का बड़ा योगदान है । जिन आंकड़ो की चर्चा इस लेख में की गयी हैं, उन्हें श्री वाडिवेल मुरुगन से प्राप्त कर इस लेख में सम्मलित किया गया है । लेखक उन का आभार व्यक्त करते हैं ।

## *संदर्भ*

*[1] www.pib.gov.in, Release ID: 1847812*
*[2] Indian Patent no. 272122*
*[3] S. K. Nema, K. S. Ganesh Prasad; Current Science 83 (2002) 271-278*
*[4] https://cpcb.nic.in/uploads/Projects/Bio-Medical-waste/Amendment_BMWM_Rules2018.pdf*
*[5] B. Acharya et al.; Biofuels 10 (2019) 221-237*

# प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान में रिमोट हैंडलिंग और रोबोटिक्स प्रौद्योगिकी विकास

*कृष्ण कुमार गोटेवाल, नवीन रस्तोगी, मनोह स्टीफन एम., रवि रंजन कुमार, जिग्नेश चौहान*
*प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान, गांधीनगर, गुजरात, भारत – 382428*
*ईमेल: kgotewal@ipr.res.in*

नाभिकीय संलयन मशीनों का संचालन और रखरखाव करना एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि इनमें उत्पन्न होने वाली ऊंची स्तर की विकिरण के कारण मानव इनमें प्रवेश नहीं कर सकते हैं। रोबोटिक तकनीक और दूरस्थ हैंडलिंग का उपयोग करके हम उच्च तापमान और विकिरण संपर्क के मामलों को सुरक्षित एवं मशीनों के परिवर्तन और नवीनीकरण को सुगमता से कर सकते हैं। प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान में रिमोट हैंडलिंग और रोबोटिक्स प्रौद्योगिकी विकास प्रभाग उन्नत रिमोट हैंडलिंग उपकरण डिजाइन करने पर काम कर रहा है। इनमें डुअल आर्म मैनिपुलेटर, हैप्टिक आर्म और हाइपर रिडंडेंट इंस्पेक्शन सिस्टम का विकास शामिल है।

गतिशील दूरस्थ समीक्षा और रखरखाव के कार्यों को सुरक्षित रूप से निष्पादित करने के लिए, 'मैन-इन-लूप' आर्किटेक्चर का आमतौर पर पालन किया जाता है। रोबोट मैनिपुलेटर्स के परिचालक स्तर के नियंत्रण के लिए सभी 6 डिग्री-ऑफ-फ्रीडम में बल प्रतिक्रिया के साथ एक 6- अक्षीय हैप्टीक मास्टर आर्म विकसित किया जा रहा है, जिसमें स्लेव रोबोट के जोड़ों द्वारा अनुभव किए गए बल/आघूर्ण बल का आनुपातिक बल/आघूर्ण बल परिचालक के हाथों पर उत्पन्न करने के लिए बैक ड्राइवेबल प्रवर्तक (एक्ट्यूएटर्स) और संबंधित नियंत्रण का विकास शामिल है। मॉक अप सुविधा में संचालन अनुक्रमों और परीक्षण योजना बनाने एवं समय कम करने के लिए प्रणाली अत्यंत उपयोगी है। इस प्रणाली का उपयोग ऑपरेटरों के प्रशिक्षण और दिखावटी परीक्षण के दौरान संचालन के प्रदर्शन के लिए भी किया जा सकता है। चूंकि आर्म बाह्य बल के प्रति संवेदनशील है तथा उच्च स्तर की सुरक्षा प्राप्त करती है, जिससे अंतराफलक अवयवों को नुकसान पहुंचाने का जोखिम कम होता है।

हाइपर-रिडंडेंट मैनिपुलेटर्स सीरियल मैनिपुलेटर्स का एक विकल्प है जिसका उपयोग संकीर्ण स्थानों और चुनौतीपूर्ण परिवेश में निरीक्षण और रखरखाव के लिए किया जा सकता यह एक केबल चालित लंबी पहुंच वाली आर्म है, जिसमें हाथी की सूंड के समान निपुणता होती है। यह आर्म किसी भी चुनौतीपूर्ण परिवेश जहां पर कई डिग्री की स्वतंत्रता (मल्टी डिग्री-ऑफ-फ्रीडम), हल्के वजन, तेजी से तैनाती एवं प्रतिगमन, तथा उच्च निपुणता की आवश्यकता होती है, वहां निरीक्षण के लिए अत्यधिक उपयोगी साबित होती है। हाइपर-रिडंडेंट रोबोट में जो जोड़ होते हैं वो एक प्रतिसम कार्यक्षेत्र (प्रतिसम बियरिंग के समान) द्वारा परिभाषित होते हैं और जिन्हें केबल का उपयोग करके नियंत्रित किया जाता है। प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान एक 18 डिग्री-ऑफ-फ्रीडम हाइपर रिडंडेंट इंस्पेक्शन सिस्टम विकसित कर रहा है जिसका उपयोग चुनौतीपूर्ण परिवेश में निरीक्षण और रखरखाव के लिए किया जा सकता है।

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान में डुअल आर्म मैनिपुलेटर का भी विकास किया जा रहा है। डुअल आर्म मैनिपुलेटर का उद्देश्य दूरस्थ संचालन के लिए मानव हाथों की नकल करना है। प्रत्येक मैनिपुलेटर आर्म में पाँच जोड़ हैं। इस मैनिपुलेटर को एक भारी पेलोड हैंडलिंग आर्टिकुलेटेड बूम के अंत में लगाया जा सकता है। मैनिपुलेटर के कार्यों में कलाई में लगे अंत-प्रभावक की मदद से घटकों को उठाना एवं रखना, बोल्ट लगाना और खोलना शामिल है।

यह प्रस्तुति रिमोट हैंडलिंग और रोबोटिक्स के लिए प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान में किए गए विकास के बारे में विस्तार से बताती है।*प्रमुख शब्द* - रिमोट हैंडलिंग; रोबोटिक्स; डुअल आर्म मैनिपुलेटर; हैप्टिक आर्म; हाइपर रिडंडेंट इंस्पेक्शन सिस्टम; मास्टर आर्म

## रिमोट हैंडलिंग का परिचय एवं आवश्यकता

रिमोट हैंडलिंग को अक्सर प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग प्रबंधन प्रणालियों के सहक्रियात्मक संयोजन के रूप में वर्णित किया जाता है, जो ऑपरेटरों को वस्तुओं/ क्षतिग्रस्त/ दूषित घटकों के व्यक्तिगत संपर्क में आए बिना सुरक्षित, विश्वसनीय और बार-बार चलाने में सक्षम बनाता है। टोकामक में, उच्च ऊर्जा न्यूट्रॉन विकिरण क्षति और रेडियोधर्मिता का कारण बनते हैं जिससे टोकामक मशीन मनुष्यों के लिए दुर्गम हो जाती है। इसलिए, सभी निरीक्षण/ रखरखाव कार्यों को विशेष रिमोट हैंडलिंग उपकरणों का उपयोग करके दूर से किया जाना चाहिए। रिमोट हैंडलिंग कार्यों में दृष्टिक निरीक्षण, क्षतिग्रस्त/ दूषित घटकों का रखरखाव और प्रतिस्थापन आदि शामिल हैं।

**रिमोट हैंडलिंग के लिए चुनौतियाँ**

| ***क) भौतिक चुनौतियां*** | ***ख) परिवेष्टक चुनौतियां*** |
|---|---|
| • ज्यामितीय रूप से जटिल कार्य परिवेश<br>• बड़े घटक (द्रव्यमान और आयाम)<br>• संकीर्ण द्वार/ छिद्र के द्वारा सीमित पहुंच<br>• लंबा रखरखाव चक्र<br>• रिएक्टर और हॉट सेल के बीच की दूरी<br>• हॉट सेल आयाम<br>• क्षतिग्रस्त/ दूषित घटकों का रखरखाव, प्रतिस्थापन, अभ्युत्थान/ सुधार | • उच्च निर्वात स्थितियां<br>• उच्च तापमान<br>• गामा और बीटा विकिरण<br>• संदूषण (जैसे बेरिलियम, ट्रिटिएटेड कार्बन और टंगस्टन चूर्ण/ धूल, गैसीय ट्रिटियम) |

**रिमोट हैंडलिंग और रोबोटिक्स प्रौद्योगिकी विकास प्रभाग द्वारा प्रौद्योगिकियों का विकास**

**पूर्णतया निमज्जित आभासी वास्तविकता (वीआर) केव फैसिलिटी – "आभास"**

दूरस्थ संचालन के लिए गत्यात्मक परिवेश की सटीक धारणा की आवश्यकता होती है। आभासी वास्तविकता सुविधा का उद्देश्य परिचालक को दूरस्थ कार्य परिवेश का वैसे ही असीमित/ अबाधित जानकारी प्रदान करना है जैसे कि वह वास्तविक रूप से उस परिवेश में काम कर रहा हो। प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान में यह सुविधा सफलतापूर्वक स्थापित की गई है।



**उच्च निर्वात अनुकूल आर्टिक्यूलेटेड इन-वेसल इंस्पेक्शन सिस्टम – "आईवीआईएस"**

टोकामक में प्लाज़्मा का सामना करने वाले अवयव (पीएफसी) उच्च ताप और कण प्रवाह के अधीन होते हैं, जो उन्हें समय के साथ नुकसान पहुंचाते हैं। इसलिए, प्लाज़्मा प्रयोगों के बीच इनके स्वास्थ्य की निगरानी के लिए आवधिक निरीक्षण आवश्यक है, और यह उच्च निर्वात (वैक्यूम) को तोड़े बिना किया जाना चाहिए। प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान में टॉरॉयडल निर्वात पात्र के अंदर दूरस्थ सेवाकालीन निरीक्षण करने के लिए एक निरीक्षण यंत्र (आईवीआईएस) विकसित किया गया है जो कि 1e-7 मिलीबार निर्वात और 100 डिग्री सेल्सियस तापमान के अनुकूल है।



**हाइपर रिडंडेंट इंस्पेक्शन सिस्टम – "हाइरिस"**

हाइपर-रिडंडेंट मैनिपुलेटर्स सीरियल मैनिपुलेटर्स का एक विकल्प है जिसका उपयोग संकरी जगहों और चुनौतीपूर्ण परिवेश में निरीक्षण और रखरखाव के लिए किया जा सकता है। यह एक केबल चालित लंबी पहुंच वाली आर्म है, जिसमें हाथी की सूंड के समान निपुणता होती है। यह आर्म किसी भी चुनौतीपूर्ण परिवेश जहां पर कई डिग्री की स्वतंत्रता (मल्टी डिग्री-ऑफ-फ्रीडम), हल्के वजन, तेजी से तैनाती एवं प्रतिगमन, तथा उच्च निपुणता की आवश्यकता होती है, वहां निरीक्षण के लिए अत्यधिक उपयोगी साबित होती है। पारंपरिक रोबोटों में, प्रत्येक लिंक अपने सक्रियण अक्ष के लंबरूप एक द्विविम (2D) प्लेन में मोटर-गियरबॉक्स असेंबली द्वारा नियंत्रित होती है। इस प्रकार पारंपरिक रोबोट के लिए डिग्री-ऑफ-फ्रीडम की संख्या जोड़ों की संख्या से परिभाषित होती है। दूसरी ओर, हाइपर-रिडंडेंट आर्म में जो जोड़ होते हैं वो एक प्रतिसम कार्यक्षेत्र द्वारा परिभाषित होते हैं और सक्रियण को केबल का उपयोग करके नियंत्रित किया जाता है। नतीजतन, प्रत्येक जोड़ एक द्विविम प्लेन तक सीमित नहीं है और यह एक त्रिविम (3D) कार्यक्षेत्र में कार्य कर सकता है।



**हैप्टिक प्रौद्योगिकियों का विकास**

दूरस्थ कार्यों को सुरक्षित रूप से निष्पादित करने के लिए आमतौर पर 'मैन-इन-लूप' आर्किटेक्चर का पालन किया जाता है। हैप्टीक मास्टर आर्म का उपयोग परिचालक के प्रशिक्षण, कुशलतापूर्वक संचालन के प्रदर्शन और संचालन समय को कम के लिए किया जा सकता है। परिचालक अपने और स्लेव आर्म के बीच बलों के युग्मन के द्वारा एक यांत्रिक हैंडल का उपयोग करके रोबोट से इंटरैक्ट और उसे ड्राइव कर सकता है। चूंकि प्रणाली बाह्य बल के प्रति संवेदनशील है तथा उच्च स्तर की सुरक्षा प्राप्त करती है, जिससे अंतराफलक अवयवों को नुकसान पहुंचाने का जोखिम कम होता है।

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान में रोबोट मैनिपुलेटर्स के परिचालक स्तर के नियंत्रण के लिए सभी 6 डिग्री-ऑफ-फ्रीडम में बल प्रतिक्रिया के साथ एक **6-अक्षीय हैप्टीक मास्टर आर्म** विकसित किया जा रहा है, जिसमें स्लेव रोबोट के जोड़ों द्वारा अनुभव किए गए बल/आघूर्ण बल का आनुपातिक बल/आघूर्ण बल परिचालक के हाथों पर उत्पन्न करने के लिए बैक ड्राइव प्रवर्तक और संबंधित नियंत्रण का विकास शामिल है। प्रारंभिक परीक्षण के परिणाम इस आर्म की कम विलंबता के साथ उच्च परिशुद्धता और सटीकता दिखाते हैं।



**डुअल आर्म मैनिपुलेटर**

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान में डुअल आर्म मैनिपुलेटर का भी विकास किया जा रहा है। यह एक मानव बांह जैसा डिज़ाइन है जिसे आर्टिकुलेटेड बूम पर लगा कर कलाई के अंत में लगे ग्रिपर की मदद से उठाना एवं रखना, हस्तांतरण, उपकरण

विनिमय, छँटाई, बोल्ट लगाना एवं खोलना, असेंबली और रखरखाव जैसे कार्यों को करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। डुअल आर्म मैनिपुलेटर की निम्नलिखित विशिष्टताएँ हैं:

- 5 डिग्री-ऑफ-फ्रीडम (2 कंधे पर, 1 कोहनी पर, और 2 कलाई पर);
- विंच (भारी चीज़ों को उठाने का यंत्र) के साथ;
- हेड कैमरा: ग्रिपर की स्थिति पर नज़र रखकर सुनिश्चित करने के लिए कि कार्य दृश्य क्षेत्र में बना रहे;
- हाथ कैमरे: प्रत्येक निचली भुजा की कोहनी के जोड़ पर।





विंच

## सार

रिमोट हैंडलिंग और रोबोटिक्स प्रौद्योगिकी विकास प्रभाग, प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान का विषय क्षेत्र चुनौतीपूर्ण परिवेश के लिए प्रतिभा संपन्न रिमोट हैंडलिंग पद्धति का निर्माण करना है। रिमोट हैंडलिंग और रोबोटिक्स प्रौद्योगिकी विकास प्रभाग द्वारा प्रौद्योगिकियों और पद्धतियों का विकास समानांतर और परस्पर संबंधित तरीके से किया जा रहा है। टोकामक जैसे चुनौतीपूर्ण परिवेश में निरीक्षण और रखरखाव की आवश्यकता को पूरा करने के लिए, निम्नलिखित उन्नत टेलीमैनिपुलेशन प्रौद्योगिकियां विकसित की गई हैं:

- तीन-तरफा पूर्णतया निमज्जित आभासी वास्तविकता (वीआर) केव फैसिलिटी - आभास;
- उच्च निर्वात अनुकूल आर्टिक्यूलेटेड इन-वेसल इंस्पेक्शन सिस्टम - आईवीआईएस;
- 18 डिग्री-ऑफ-फ्रीडम हाइपर रिडंडेंट निरीक्षण प्रणाली;
- 6-अक्षीय हैप्टीक मास्टर आर्म;
- डुअल आर्म मैनिपुलेटर का डिजाइन एवं विकास - (जारी है);
- अन्य आर्टिकुलेटेड आर्म एवं वीआर आधारित निगरानी और नियंत्रण प्रणाली;

विकसित प्रणालियों को विभिन्न आवश्यकताओं के अनुरूप स्केल किया जा सकता है और इनके विभिन्न औद्योगिक अनुप्रयोगों में उपयोग के मामले हो सकते हैं।

# परमाणु प्रौद्योगिकी के उपयोग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका

*मकरंद सिद्धभट्टी*
*प्रणाली प्रबंधक, संगणक केंद्र*
*भौतिकी संस्थान, पी.ओ.: सैनिक स्कूल, भुवनेश्वर - ७५१००५, भारत*
*Email: makrand.s@iopb.res.in*

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विज्ञान की एक शाखा है जिसमे वस्तुतः मशीन या उपकरण को ना केवल मापन इत्यादि के लिए उपयोग किया जाएं अपितु मशीन/उपकरण मे निर्णय लेने की क्षमता भी विकसित की जाएं । इस उद्देश्य हेतु विभिन्न प्रकार की तकनीक/कलन विधि का प्रयोग किया जाता है जिसमे मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग (तंत्रिका तंत्र से सम्बन्धित) इत्यादि प्रमुख है । आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मे निर्णय परंपरागत कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, तर्क इत्यादि के माध्यम से लेने के अलावा प्रायोगिक एवं परिपेक्ष्य के अनुरूप क्षमता विकसित करने पर ज़ोर दिया जाता है । आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग आज विभिन्न क्षेत्रो मे किया जा रहा है और इस कड़ी मे परमाणु ऊर्जा एवं उसके अनुप्रयोगों मे इसका उपयोग अपरिहार्य है । परमाणु तकनीक का उपयोग विभिन्न सामरिक क्षेत्रो जैसे स्वास्थ्य, परमाणु शक्ति (विद्युत उत्पादन) परमाणु रिएक्टर (भट्टी) आदि मे हो रहा है और भविष्य मे इसका उपयोग और भी व्यापक स्तर पर होगा । हमारे विभाग के संदर्भ मे देखा जाएं तो परमाणु संलयन, रिएक्टर के संचालन और रखरखाव, विकिरणों से सुरक्षा इत्यादि इसके प्रासंगिक क्षेत्र है । अन्य क्षेत्र जिसमे स्वास्थ्य (कैंसर जैसे जटिल रोगों का अध्ययन), कृषि के क्षेत्र मे अच्छा उत्पादन एवं उन्नत कृषि इत्यादि महत्वपूर्ण है । इन सभी क्षेत्रों मे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका महत्वपूर्ण है क्योकि डिजिटल सिम्युलेशन के द्वारा परिस्थिति अनुसार निर्णय लेना इन क्षेत्रों की प्राथमिकता है और कभी-कभी अपरिहार्य भी है । उदाहरणार्थ, जैसे परमाणु तकनीक मे मुख्यतः परमाणु विकिरण, परमाणु कचरा और इससे होने वाला प्रदूषण आदि मानव जीवन पर अपरिवर्तनीय प्रभाव डालते है , इस दृष्टि से परमाणु संयंत्रों और अनुप्रयोगों में सुरक्षा, रख-रखाव इत्यादि अति महत्वपूर्ण हो जाते है । किन्तु इन सकारात्मक उपयोग एवं पहलुओं के समानान्तर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कार्यान्वयन में बहुत सारी चुनौतियां भी है । चूँकि हमारा उद्देश्य है की मशीन परिस्थति अनुसार एवं

अनुकूल निर्णय ले, इसके लिए, सर्वप्रथम, डेटा/आंकड़े इसमे मुख्य भूमिका निभाते है, आंकड़े जितने सटीक और उपयोगी होंगे, मशीन की निर्णय लेने की क्षमता उतनी विकसित होगी । और, इन आंकड़ों का कलन, विवेचन इत्यादि आवश्यक है अन्यथा परिणाम, प्रभावी नहीं होंगे ।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उचित उपयोग और चुनौतियों का न्यूनीकरण दोनों ही प्रासंगिक है और इसके द्वारा ही भविष्य मे उन्नत प्रौद्योगिकी/तकनीक का मार्ग प्रशस्त हो सकता है ।

संकेत-शब्द: आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, परमाणु प्रौद्योगिकी, नाभिकीय संलयन, नाभिकीय विखंडन

## I. प्रस्तावना

वर्तमान समय में मनुष्य ना केवल जटिल कार्यों अपितु दैनिक गतिविधियाँ के लिए भी विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर अत्यधिक निर्भर है और निश्चित ही ये एक विकास का पैमाना भी है । इस कड़ी मे मनुष्य ऐसे तंत्र का विकास करना चाहता है जो वास्तविक रूप से परिस्थिति अनुकूल कार्य कर सके । परंपरागत रूप से विकसित हुए यन्त्र, प्रोग्रामिंग इत्यादि सर्वथा एक पूर्वनिर्धारित तथ्य पर कार्य को क्रियान्वयित करते है जिससे वास्तविक या समयानुकूल निर्णय या परिणाम अपेक्षित नहीं होता । वर्तमान में हमें ऐसे तंत्र की आवश्यकता है जो निर्णय लेते समय विभिन्न तार्किक एवं युक्तियों का प्रयोग कर सके और दूसरे शब्दों मे ऐसा कहा जाए की तंत्र में मनुष्य जैसे निर्णय लेने में सक्षम हो तो अतिशयोक्ति नहीं होगी ।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज ना केवल तकनीकी क्षेत्र में अपितु सामान्य जन-जीवन की ज़रूरत बन चुका है । किन्तु यह भी सत्य है की किसी मशीन/टूल को मनुष्य जैसा बनाया जा सकता है ? और यदि हाँ तो किस सीमा तक और कैसे ? ऐसे कुछ प्रश्न आज भी अनुत्तरित है किन्तु इस दिशा में प्रगति हो रही है । हमारे विभाग के परिपेक्ष्य इसकी प्रासंगिकता और भी अधिक है क्यूंकि परमाणु और उसके अनुप्रयोग मानव जीवन को विभिन्न तरह से प्रभावित करते है जैसा की कम कार्बन उत्सर्जन द्वारा जलवायु परिवर्तन पर नियंत्रण तो पाया जा सकता है वहीं दूसरी ओर रेडियोधर्मिता मनुष्य मे आनुवंशिक परिवर्तन का कारण भी बन सकती है ।

II. **परमाणु प्रौद्योगिकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस**

A. परमाणु ऊर्जा: संलयन एवं विखंडन
परमाणु ऊर्जा के परिपेक्ष्य में परमाणु प्रौद्योगिकी और उससे जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के शोध और यांत्रिकी का योगदान अभूतपूर्व है । परमाणु ऊर्जा भविष्य की ज़रूरत है क्यूंकि हमारे परंपरागत ऊर्जा के स्रोत ना केवल कुछ समय में समाप्त  हो जाएंगे अपितु उनसे होने वाला प्रदूषण जैसे कार्बन उत्सर्जन, विषैली गैसें इत्यादि ग्रीन-हाउस प्रभाव , जलवायु परिवर्तन इत्यादि के लिए उत्तरदायी  है । वर्तमान में, परमाणु ऊर्जा संयंत्र में मुख्यतः परमाणु विखंडन द्वारा ऊर्जा उत्पन्न होती है और जैसा की हम जानते है ये श्रृंखला प्रतिक्रिया (chain reaction) चलती है और रिएक्टर काम करता है । इन संयंत्रों में शीतलक, मंदक आदि का प्रयोग विविध कार्यों के लिए होता है , तो इस कड़ी में सर्वप्रथम नाभिकीय संयत्रो के दैनिक संचालन और रखरखाव प्रमुख है ।  तत्पश्तात परमाणु ऊर्जा से जुड़े संयत्रो में विकरण से सुरक्षा, परमाणु कचरा इत्यादि महत्वपूर्ण है और इन मुद्दों को को सम्बोधित करना अति आवश्यक है । इन पहलुओं को ध्यान में रखते हुए भविष्य में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस की भूमिका महत्वपूर्ण है । सर्वप्रथम सैद्धांतिक मॉडलिंग द्वारा मशीन/उपकरण का परीक्षण किया जा सकता है और डेटा विश्लेषण करके मशीन लर्निंग (री-इंफोरसेनमेंट लर्निंग) द्वारा हम मशीन में तार्किक क्षमता विकसित करने का प्रयास करते है । आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के द्वारा सबसे पहले विकरणों से होने वाले ख़तरे को कम किया जा सकता है, इसमे रेडिएशन सिस्टम से निकले डेटा को प्रोसेस किया जा सकता है और रेडियोएक्टिव पदार्थ उनकी रेडियो धर्मिता इत्यादि की जानकारी प्राप्त की जा सकती है और साथ ही साथ  इससे वहाँ काम करने वाले कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभावों को कम करने में भी सहायता मिलेगी ।

वर्तमान में नाभिकीय संलयन करने वाले रिएक्टर पर अनुसन्धान हो रहा है । संलयन प्रक्रिया जो सूर्य तथा अन्य तारों में होती है अगर ऐसी ही तकनीक से नाभिकीय ऊर्जा पैदा की जाएं तो निश्चित ही यह उपयोगी होगी । संलयन हेतु हमें नाभिकों को जोड़ने (fuse) की आवश्यकता होती है और इसके लिए टोकामक्स और स्टेलरेटर्स जैसे दो प्रकार के रिएक्टर प्रयोग में लाए जा रहे है । इस प्रक्रिया में प्लाज़्मा को उच्च तापमान पर स्थिर रखना एक चुनौती है, जिसमें प्रबल चुम्बकीय क्षेत्र पैदा करके प्लाज़्मा को स्थिर रखने का प्रयास किया जाता हैं । इसके लिए री-इंफोर्स्मेंट लर्निंग द्वारा सिम्युलेटर को सिखाने और चुम्बकीय क्षेत्र को कुशलता से नियंत्रित करने पर शोध हो रहा है । इस लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के डेटा विश्लेषण, परिभाषित मॉडलिंग द्वारा इस चुम्बकीय क्षेत्र को प्रभावी रूप से कितना नियंत्रित किया जा सकता है, ये शोध का विषय है ।
जैसा की हम जानते है संलयन में विखंडन की तुलना में ज़्यादा ऊर्जा पैदा होगी वहीं संलयन में  परमाणु कचरे की मात्रा भी कम होती है । संलयन आधारित रिएक्टर एवं ऊर्जा उत्पादन को भविष्य मे व्यावसायिक पैमाने पर उपलब्ध करना एक चुनौती है और मशीन लर्निंग, री-इंफोर्स्मेंट लर्निंग तथा आर्टिफिशल इंटेलिजेंस की अन्य शाखाएं निश्चित ही इन समस्याओं को हल करने के लिए प्रभावी होंगी ।

**B. चिकित्सा:**
आज रेडिएशन का उपयोग चिकित्सा से क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर हो रहा है । न्यूक्लियर मेडिसिन के द्वारा कई असाध्य रोगों जैसे कैंसर, थाईराइड का इलाज किया जा रहा है ।  न्यूक्लियर मेडिसिन द्वारा चिकित्सकों  को बीमारी के निदान और उपचार में सहायता मिलती है । रेडियोधर्मी अनुरेखक के  उपयोग से मनुष्य के शरीर में रोगों के अनुरूप मॉलिक्यूल का प्रवेश कराया जाता है जिससे मॉलिक्यूल निर्धारित प्रोटीन इत्यादि को ही प्रतिक्रिया देता है, चिकित्सकों  को  इससे रोगों की गंभीरता और तीव्रता  पहचानने और उपचार में सहायता मिलती हैं ।  इसमे व्यापक पैमाने में इमेजिंग सिस्टम का प्रयोग होता है और ऐसे में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस की सहायता से विभिन्न  रोगियों  के  इमेजिंग नमूने की तुलना करना आसान हो जाता है और इससे उचित दवा, उपचार का निर्धारण इत्यादि में भी सहायता मिलती है ।

**C. कृषि:**

कृषि के क्षेत्र में भी विकिरण प्रौद्योगिकी ने अभूतपूर्व योगदान दिया है । मूलतः विकिरणों द्वारा  किसी बीज में  अनुवांशिक उत्परिवर्तन करने करने का प्रयास किया जाता है जिसके  फलस्वरूप फसल में वृद्धि की संभावना अधिक होती हैं । कृषि से जुड़ी अन्य समस्याएं जैसे कीटों और रोगों पर नियंत्रण में मुख्यतः रेडियो-आइसोटोप्स का प्रयोग किया जाता हैं । रेडिएशन द्वारा फसल और पेड़ पौधों में  कीटों और रोगों से लड़ने की क्षमता विकसित की जाती हैं । ऐसी स्थिति में विकिरण तथा उसकी मात्रा के मापन में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस का प्रयोग किया जाता है । यह ज़रूरी नहीं है की सभी पौधे या फसलें  विकिरण से हुए उत्परिवर्तन द्वारा ज़्यादा पैदावार देती है इसके लिए विभिन्न प्रकार के विकिरणों का डेटा और उनका कलन आर्टिफिशल इंटेलिजेंस द्वारा किया जाता है । इसके अलावा  कृषि के क्षेत्र जल और मिट्टी के उपयोग की दक्षता की भी महत्वपूर्ण भूमिका है उपयुक्त आइसोटोप और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस का प्रयोग करके पानी का क्षय तथा मिट्टी में उपस्थित ऑक्सीजन, नाइट्रोजन, कार्बन और हाइड्रोजन का पता लगाया जा सकता है ।

**III. उपसंहार**

आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और इसकी निर्णायक क्षमता मुख्यतः आंकड़ों पर निर्भर करती है । मशीन/उपकरण को जितने प्रभावी आंकड़े उपलब्ध होंगे मशीन उतनी प्रभावी होगी । भविष्य में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस का उपयोग प्रासंगिक तो है किन्तु ये उसकी कलन विधि, आंकड़े और वस्तु स्थिति पर निर्भर करेगा । आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का मुख्य उद्देश्य मानवीय हस्तक्षेप को कम करना हैं , जिससे मानवीय त्रुटियों की संभावना एवं पुनरावृत्ति कम की जा सकें । परमाण्विक पैमाने पर होने वालें अनुप्रयोग विभिन्न प्रकार की चुनौतियाँ और जटिल समस्याएं जैसे आनुवंशिक परिवर्तन, परमाणु अपशिष्ट द्वारा प्रदुषण इत्यादि, पैदा करते है और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस का उपयोग इनके न्यूनीकरण में कितनी भूमिका निभाएगा, यहीं इसकी उपलब्धि होगी । इसके साथ ही इस तकनीक में डेटा , आंकड़े और उनकी सुरक्षा तथा गोपनीयता भी महत्वपूर्ण है । परमाणु प्रौद्योगिकी के क्षेत्र मे निश्चित ही आर्टिफिशल इंटेलिजेंस की नितांत आवश्यकता है क्यूंकि जैसा हमने देखा की परमाणु अनुप्रयोगों के विभिन्न क्षेत्रों मे सुरक्षा, विकिरण सम्बन्धित समस्याएँ, परमाणु कचरा आदि को संबोधित करना आवश्यक है ताकि परमाणु प्रौद्योगिकी मानव समाज के कल्याण के लिए सकारात्मक भूमिका निभा सकें ।

***संदर्भ/ References***


*[1] https://www.iaea.org/*

*[2] https://www.sciencedirect.com/science/article/pii/S2405844023010903*

*[3] https://www.frontiersin.org/research-topics/24215/artificial-intelligence-applications-in-nuclear-energy*

*[4]https://www.iaea.org/bulletin/magnetic-fusion-confinement-with-tokamaks-and-stellarators#:~:text=Both%20reactor%20types%20have%20certain,better%20at%20keeping%20them%20stable*

*[5]* http://large.stanford.edu/courses/2016/ph241/lsm2/#:~:text=The%20use%20of%20nuclear%20 *technologies,of%20nuclear%20application%20in%20agriculture.*

*[6] https://www.ncbi.nlm.nih.gov/pmc/articles/PMC9258309/*

*[7] https://www.nibib.nih.gov/science-education/science-topics/nuclear-medicine*

*[8]https://fortune.com/2022/02/16/deepmind-ai-nuclear-fusion-reactor-control/*

## <u>परमाणु  प्रौद्योगिकी के उपयोग में आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका</u>
## <u>Role_of_Artificial_Intelligence_in_Nuclear_Applications</u>

**परमाणु ऊर्जा क्या है?**
ऊर्जा सतत आर्थिक विकास और बेहतर मानव कल्याण के लिए आवश्यक है। परमाणु ऊर्जा स्वच्छ, विश्वसनीय और सस्ती ऊर्जा प्रदान करती है, जिससे जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सकता है।

**कृत्रिम बुद्धि क्या है?**
कृत्रिम बुद्धि मशीनों में मानव बुद्धि के अनुकरण को कहा जाता है। यह कंप्यूटर विज्ञान और डेटा विज्ञान का एकीकरण है।

**परमाणु ऊर्जा में कृत्रिम बुद्धि की भूमिका**
21-25 सितंबर के बीच वियना में आयोजित 64वां आईएईए आम सम्मेलन, परमाणु अनुप्रयोगों के लिए कृत्रिम बुद्धि (एआई) के उपयोग पर चर्चा करने वाली आईएईए की पहली बैठक है और इस में यह प्रदर्शित कियागया कि परमाणु विज्ञान में एआई-आधारित दृष्टिकोण मानव स्वास्थ्य, जल संसाधन प्रबंधन और परमाणु संलयन अनुसंधान को लाभान्वित कर सकते हैं।  ऐसे कई तरीके हैं जिनसे कृत्रिम बुद्धि परमाणु अनुप्रयोगों में मदद कर सकता है।

**परमाणु चिकित्सा**
**परमाणु चिकित्सा क्या है?**
परमाणु चिकित्सा में, कोशिकाओं की प्राकृतिक गतिविधि को देखने के लिए ट्रेसर का उपयोग किया जाता है, जिससे अंग कैसे काम कर रहे हैं और क्या कोई कोशिकाओं की क्षति हुई है, इसके बारे में अधिक विस्तृत जानकारी मिलती है।

रेडियोफार्मास्यूटिकल्स के प्रशासन के बाद, गतिशील और जटिल फार्माकोकाइनेटिक्स के परिणामस्वरूप समय-परिवर्तनीय जैववितरण होता है। इंजेक्ट किए गए एजेंट से उत्पन्न होने वाले आयनीकृत कणों की लक्ष्य और सामान्य ऊतक के साथ परस्पर क्रिया के परिणामस्वरूप ऊर्जा का जमाव होता है। इस जमा ऊर्जा और रोगग्रस्त और सामान्य ऊतकों पर इसके जैविक प्रभाव को जोड़ने ही सटीक डोसिमेट्री कहलाता है। डोसिमेट्री में, SPECT एक पोस्टट्रीटमेंट मात्रात्मक मापने वाले उपकरण के रूप में कार्य करता है। मरीज़ों को आवश्यक समय तक स्कैनिंग टेबल पर सपाट और गतिहीन बने रहने में कठिनाई होती है। एआई-आधारित छवि पुनर्निर्माण या संवर्द्धन विधियाँ परिमाणीकरण की सटीकता को बनाए रखने या बढ़ाने के दौरान रोगियों के लिए आवश्यक SPECT स्कैनिंग समय को कम कर सकती हैं और SPECT में क्षीणन सुधार को सक्षम कर सकती हैं। परमाणु चिकित्सा में कृत्रिम बुद्धि का योगदान कृत्रिम बुद्धि मरीज़ के अतीत में विरोधाभासों के लिए कुछ जाँचें, जैसे कि एलर्जी और नशीली दवाओं के हस्तक्षेप, या पिछली परीक्षाओं का मूल्यांकन करके परीक्षाओं की अनावश्यक पुनरावृत्ति को मिटाने में सहायक हो सकती है।
सटीक दवा एक विकासशील चिकित्सा पद्धति है जो किसी व्यक्ति के लिए सर्वोत्तम उपचार विकल्प का चयन करने के लिए उस व्यक्ति के आनुवंशिकी, पर्यावरण और जीवन शैली जैसे व्यक्तिगत रोगी इतिहास का उपयोग करती है।

एआई परमाणु चिकित्सा के क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है, जैसे कि रोगी शेड्यूलिंग और संसाधन का अनुकूलित उपयोग, अप्रत्याशित डाउनटाइम को कम करने के लिए उपकरणों का पूर्वानुमानित रखरखाव, छिपे हुए पैटर्न की खोज करने और सुधार की संभावना का संकेत देने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण माप परिणामों की निगरानी, और प्रदर्शन की निगरानी।

त्रुटियों को पकड़ने और असामान्यताओं का पता लगाने के लिए वास्तविक समय में उपकरण - ये प्रक्रियाएँ परमाणु चिकित्सा के अभ्यास को अधिक सुरक्षित, अधिक विश्वसनीय और अधिक मूल्यवान बनाएंगी। तत्काल और अधिक समय लेने वाले कार्यों के परीक्षण से सबसे महत्वपूर्ण मामलों के लिए टर्नअराउंड समय में सुधार हो सकता है और परमाणु चिकित्सा चिकित्सकों की दक्षता में वृद्धि हो सकती है, जिससे रोगियों की अधिक प्रभावी ढंग से देखभाल करने का अवसर मिलेगा।

**भोजन और कृषि**
**भोजन और कृषि के क्षेत्र में नाभिकीय उपयोगिता**
प्राकृतिक उत्परिवर्तन की लंबी प्रक्रिया की प्रतीक्षा किए बिना वांछित फसल किस्मों को प्राप्त करने के लिए पौधों और बीजों में उत्परिवर्तन को प्रेरित करके भोजन की गुणवत्ता में सुधार के लिए रेडियो आइसोटोप और विकिरण तकनीकों को लागू किया जाता है।

**भोजन और कृषि के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धि का योगदान**
परमाणु प्रौद्योगिकियों के साथ कृत्रिम बुद्धि के एकीकरण से फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए डेटा का प्रसंस्करण और विश्लेषण करके, मिट्टी की नमी का अनुमान लगाकर, रेडियोधर्मी दूषित भूमि का उपचार करके, खाद्य धोखाधड़ी की घटनाओं

का पता लगाने और भविष्यवाणी करके खाद्य और पोषण असुरक्षा को संबोधित कर सकते हैं। साथ ही सिंचाई के सुधार में भी मदद हो सकती है।

**आइसोटोप हाइड्रोलॉजी**

**आइसोटोप हाइड्रोलॉजी क्या है?**

इस तकनीक में रेडियोधर्मी आइसोटोप का उपयोग करके हाइड्रोलॉजिकल चक्र के विभिन्न चरणों के माध्यम से पानी की गति और इस चक्र में जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले परिवर्तन इत्यादि का अध्ययन और ट्रैक करती है।

IAEA और विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने पानी से संबंधित समस्थानिक डेटा का वैश्विक रिपॉजिटरी "अवक्षेपण में आइसोटोप का वैश्विक नेटवर्क" संग्रहीत किया है।

**आइसोटोप हाइड्रोलॉजी में कृत्रिम बुद्धि का योगदान**

कृत्रिम बुद्धि की मदद से इस वैश्विक डेटा के प्रभावी और कुशल विश्लेषण से वैज्ञानिकों को जलवायु परिवर्तन और दुनिया भर में पानी की उपलब्धता पर इसके प्रभाव को समझने में मदद मिलती है।

विभिन्न प्रदूषण समस्याओं जैसे कि सल्फर डाइऑक्साइड, जमीनी स्तर पर गैस डिस्चार्ज, तेल रिसाव, कृषि अवशेषों में, जल प्रदूषण और शहरों द्वारा उत्पन्न प्रदूषण को हल करने के लिए परमाणु तकनीकों के साथ कृत्रिम बुद्धि को भी सफलतापूर्वक लागू किया गया है।

एक और दिलचस्प उपयोगी अनुप्रयोग न्यूट्रॉनिक जांच है, जिसका उपयोग आर्द्रता को मापने के लिए किया जाता है। वे सीमित जल संसाधनों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए आदर्श हैं। इससे 40% तक पानी की बचत संभव हो सकती है।

**परमाणु रिएक्टरों का अनुकरण**

**परमाणु रिएक्टरों का अनुकरण कैसे किया जा रहा है?**

परंपरागत रूप से, परमाणु विशेषज्ञों ने परमाणु रिएक्टर प्रदर्शन के पूर्वानुमानित मॉडल बनाने के लिए सिद्धांत और अनुभवजन्य टिप्पणियों का उपयोग किया है - एक प्रक्रिया जो नियामक ढांचे में समय लेने वाली है और जिसके लिए डिजाइन और सुरक्षा के लक्षणों के वर्णन में उच्च आत्मविश्वासता की आवश्यकता है।

**परमाणु रिएक्टरों के अनुकरण में कृत्रिम बुद्धि का योगदान**

परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को सुरक्षित बनाने में मदद करने वाली प्रमुख प्रौद्योगिकियों में से सबसे महत्वपूर्ण है कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)। किसी संयंत्र के असली निर्माण से पहले ही, एआई मॉडल के उपयोग से परमाणु रिएक्टरों के व्यवहार का अनुकरण किया जा सकता है, और इससे रिएक्टर की सुरक्षा, साथ ही इसके डिजाइन, प्रदर्शन और ईंधन लोडिंग में सुधार के लिए आवश्यक डेटा को एकत्र करके इनका उपयोग किया जा सकता है।

परमाणु शोधकर्ता कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) के नवीनतम तकनीकों को नियोजित करके रिएक्टरों के चलान को लंबे समय तक तैनात करने के साथ-साथ, सर्वोत्तम संभव रिएक्टरों के निर्माण की तरफ शोध कर सकते हैं। कृत्रिम बुद्धि के सहयोग से वास्तविक परमाणु सुविधाओं के डिजिटल सिमुलेशन के साथ, परमाणु उद्योग के जटिल प्रक्रियाओं का अनुकूलन किया जा सकता है। इस तरह के अनुकूलन से संचालन की दक्षता में वृद्धि हो सकती है और रखरखाव की लागत भी कम किया जा सकता है।

**परमाणु रिएक्टरों की सुरक्षा और विश्वसनीयता में कृत्रिम बुद्धि का योगदान**

विश्लेषण करके सीखता है – और कार्यों को स्वचालित करने में मदद करता है। इस तरह विश्वसनीयता बढ़ती है और त्रुटियों से बचाता है। इसके अलावा, कृत्रिम बुद्धि में बिजली संयंत्र प्रक्रियाओं की निगरानी करने और विसंगतियों का पहले से पता लगाने में मदद करने के लिए काफी विश्लेषणात्मक और भविष्य कहनेवाली क्षमता है।

घुसपैठियों का पता लगाने वाली डेटा का विश्लेषण करके भौतिक सुरक्षा प्रणालियों में सुधार के लिए इसे लागू किया जा सकता है। यह उन विसंगतियों को पहचानने में भी मदद कर सकता है जो परमाणु सुविधा पर साइबर हमले का संकेत दे सकती हैं।

**परमाणु संलयन**

**परमाणु संलयन क्या है और इसकी आवश्यकता क्या है?**

परमाणु संलयन में अलग अलग परमाणु उच्च तापमान और दबाव पर एक साथ जुड़कर एक भारी परमाणु बनाते हैं। आमतौर पर, इसमें हीलियम बनाने के लिए हाइड्रोजन परमाणुओं का संयोजन शामिल होता है। प्रतिक्रिया से एक टन ऊर्जा निकलती है, यही कारण है कि पृथ्वी पर वैज्ञानिक इसे नियंत्रित तरीके से दोहराना चाहते हैं।

परमाणु विखंडन परमाणुओं को एक साथ जोड़ने के बजाय उन्हें विभाजित करके ऊर्जा उत्पन्न करता है। भारी परमाणुओं को विभाजित करके, परमाणु विखंडन रेडियोधर्मी अपशिष्ट को पीछे छोड़ देता है। आने वाले लाखों वर्षों तक यह परमाणु कचरा पर्यावरण के लिए खतरा बन जाता है।

परमाणु संलयन ग्रीनहाउस गैस का उत्सर्जन नहीं करता है। साथ ही यह असीमित ऊर्जा स्रोत है क्योंकि यह मौसम पर निर्भर नहीं करता है, जो सौर और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के लिए आज भी एक चुनौती है।

**परमाणु संलयन में कृत्रिम बुद्धि का योगदान**

संलयन को ट्रिगर करने के लिए, हमें जबरदस्त मात्रा में दबाव और गर्मी की आवश्यकता होती है। सूर्य के मध्य का वातावरण स्वाभाविक रूप से संलयन के लिए आवश्यक अत्यधिक दबाव प्रदान करता है। यहां पृथ्वी पर, वैज्ञानिकों के पास उस तरह का दबाव नहीं होता है और समान प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए सूर्य से भी अधिक गर्म तापमान की आवश्यकता होती है।

ऐतिहासिक रूप से, वैज्ञानिक वास्तव में किसी प्रयोगशाला में संलयन के माध्यम से जितनी ऊर्जा उत्पन्न करने में सक्षम हैं, उससे अधिक ऊर्जा ली गई है।इसमें असाधारण मात्रा में धन और अत्यधिक विशिष्ट तकनीक की भी आवश्यकता होती है। इन सबको ध्यान में रखते हुए, यह आश्चर्यजनक है कि हम कोई भी वैज्ञानिक प्रगति करने में सफल रहे हैं।

परमाणु संलयन प्रचुर मात्रा में, सुरक्षित और टिकाऊ ऊर्जा प्राप्त करने का स्रोत है। प्लाज़्मा भौतिकी और भौतिक विज्ञान अनुसंधानित इस क्षेत्र में पर्याप्त प्रयोगात्मक और सैद्धांतिक गतिविधि की आवश्यकता है, एआई-आधारित विधियाँ संलयन ऊर्जा प्राप्ति की दिशा में प्रगति को गति देने में सहायक हैं।

**परमाणु अनुप्रयोगों के भविष्य के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता**

परमाणु ऊर्जा उद्योग 4.0 के लिए निम्न-कार्बन ऊर्जा आपूर्ति में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है, जबकि उद्योग 4.0 बदले में इस उद्योग में सुधार कर सकता है। एक विशिष्ट और जटिल मानव-मशीन-नेटवर्क एकीकरण प्रणाली के रूप में, विभिन्न दोष, अपर्याप्त स्वचालन और तनावग्रस्त मानव ऑपरेटर परमाणु ऊर्जा संयंत्रों (एनपीपी) के आगे लोकप्रियकरण को सीमित करते हैं। साथ ही, इन मुद्दों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकियों से संबोधित किया जा सकता है।

***

# वर्तमान ऊर्जा संकट में नाभिकीय ऊर्जा की भूमिका और नेट ज़ीरो कार्बन में इसका योगदान

*प्रतिभा गुप्ता * एवं मनोज कुमार गुप्ता*
*प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान, भाट, गाँधीनगर–382428, गुजरात*
**ई–मेल: pgupta@ipr.res.in*

**प्रस्तावना:** किसी भी देश के नागरिकों का जीवन स्तर उसकी उर्जा की खपत से नापा जा सकता है। बढ़ती जनसंख्या और बढ़ते जीवन स्तर ने विश्व को एक ऐसी जगहपर ला खड़ा किया है जहाँ से विकास की दौड़ में लगे सभी देशों का ध्यान अब पर्यावरण पर गया है क्योंकि ग्रीन हाउस गैसों (कार्बन डाई ऑक्साइड, मिथेन, नाईट्रसऑक्साइड) की वजह से ग्लोबल वॉरमिंग यानी पृथ्वी का तापमान बढ़ता जा रहा है। पिघलते हुए ग्लेशियर समुद्र का जलस्तर बढ़ा रहे हैं और छोटे द्वीप जलमग्न होने की कगार पर हैं । कहीं बाढ़ तो कहीं सूखा जलवायु परिवर्तन का एक संकेत है । साथ ही में ओज़ोन परत को भी क्षति पहुँच रही है । ग्रीन हाउस गैसों का स्रोत कारखानों से निकलता हुआ धुआँ, यातायात के साधनों से निकलता हुआ धुआँ , बढ़ती जनसंख्या और ऊर्जा उत्पादन संयंत्रों से निकलती असंसाधित गैस है। कारखानों में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सख़्त क़ानून, बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण, पुराने वाहनों को अमान्य करार देना, पीयूसी सर्टिफिकेट का होना, ऊर्जा उत्पादन में स्रोत से लेकर उत्पादन तक कार्बन डाई ऑक्साइड गैस का शून्य उत्सर्जन ज़रूरी हो गया है। पर्यावरण में उत्सर्जित कार्बन गैसें पर्यावरण में असंतुलन की स्थिति पैदा कर रही है।

**ऊर्जा की परिभाषा**: स्थूल, रासायनिक स्रोतों से शक्ति निकास करने को ऊर्जा कहते हैं। यह ऊर्जा ऊष्मा, बिजली, रोशनी या मशीनों को काम करने के लिए इस्तेमाल की जा सकती हैं। ऊर्जा के संरक्षण के नियमानुसार ऊर्जा को एक रूप से दूसरे रूप में बदला जा सकता हैं जैसे कोयले की गर्मी से जनित वाष्प को टरबाइन का इस्तेमाल कर यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित किया जा सकता हैं।

**ऊर्जा की ज़रूरत**: मानव को हमेशा ऊर्जा की ज़रूरत रही हैं। पहले वह दो पत्थरों को टकराकर आग उत्पन्न करता था जिससे ऊर्जा उत्पन्न होती थी । कोयले के ऊर्जा संयंत्र से बिजली का उत्पादन होता हैं। यह बिजली ट्रांसफार्मरों और संचरण लाइन की मदद से घरों तक पहुँचती है। यातायात के लिए डीज़ल, कोयला या पेट्रोल ऊर्जा का स्रोत है। बिजली से अनेक उद्योग और कारखाने चलते हैं। इस बिजली का उपयोग घरों में रोशनी के लिए, पंखे के लिए, वातानुकुलन के लिए, कपड़े धोने की मशीन चलाने के लिए, चक्की चलाने के लिए, पानी के पम्प चलाने के लिए, फ्रीज, रेड़ियो, टीवी, मोबाइल चार्ज आदि के लिए होता है।

**ऊर्जा के स्रोत :** ऊर्जा कोयले, कच्चे तेल, ड़ीज़ल से प्राप्त हो सकती हैं। ऊर्जा के परंपरागत स्रोत कुछ वर्षो तक ही उपलब्ध रहेंगे। उनके इस्तेमाल से ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन होता है और जलवायु का प्रदूषण होता है। ऊर्जा के नवीनीकरण स्रोत जैसे और ऊर्जा, पवन ऊर्जा, ज्वार-भाटा ऊर्जा, हाइड्रो ऊर्जा से भी ऊर्जा प्राप्त हो सकती हैं। ऊर्जा के नवीनीकरण स्रोत प्रकृति पर आधारित हैं और वे लगातार ऊर्जा प्रदान नहीं कर सकते। कार्बन फुटप्रिंट उन तरीकों में से एक है जिनसे हम मानव-प्रेरित वैश्विक जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को मापते हैं। ऊर्जा के स्रोत के आधार पर कार्बन फुटप्रिंट तालिका 1 में दिए गये हैं । (कार्बन फ़ुटप्रिंट: किसी निश्चित अवधि के दौरान किसी चीज़ (जैसे किसी व्यक्ति की गतिविधियाँ या उत्पाद का निर्माण और परिवहन) द्वारा उत्सर्जित ग्रीनहाउस गैसों और विशेष रूप से कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा है ) ।

**तालिका 1:**

| ऊर्जा के स्रोत | कार्बन फ़ुटप्रिंट |
|---|---|
| तेल | 970 gCO2/KWh |
| कोयला | 820 gCO2/KWh |
| प्राकृतिक गैस (एनजी) | 490 gCO2/KWh |
| बायोमास | नियमित: 230 gCO2/KWh<br>सह-फायरिंग: 740 gCO2/KWh |

**ऊर्जा संयंत्र:** ऊर्जा संयंत्र यांत्रिकी शक्ति जैसे टरबाइन के घूर्णन को विद्युतीय शक्ति में परावर्तित करती है। कोयले वाष्प संयंत्र में कोयला पानी को गरम कर वाष्प उत्पन्न करता है। यह वाष्प टरबाइन जनरेटरों द्वारा बिजली का उत्पादन करती है। ऊर्जा संयंत्र कोयले, कच्चे तेल, नाभिकीय भंजन और ऊर्जा के नवीनीकरण स्रोत जैसे हाइड्रो, ज्वारीय, पवन, सौर, जैविक-गैस जैसे स्रोतों पर निर्भर करते हैं।: ऊर्जा संयंत्र यांत्रिकी शक्ति जैसे टरबाइन के घूर्णन को विद्युतीय शक्ति में परावर्तित करती है। कोयले वाष्प संयंत्र में कोयला पानी को गरम कर वाष्प उत्पन्न करता है। यह वाष्प टरबाइन जनरेटरों द्वारा बिजली

का उत्पादन करती है। ऊर्जा संयंत्र कोयले, कच्चे तेल, नाभिकीय भंजन और ऊर्जा के नवीनीकरण स्रोत जैसे हाइड्रो, ज्वारीय, पवन, सौर, जैविक-गैस जैसे स्रोतों पर निर्भर करते हैं।

**ऊर्जा के नवीनीकरण स्रोतों की आवश्यकता:**

पारम्परिक ऊर्जा स्रोत जैसे जीवाश्म ईंधन , कार्बन उत्सर्जन करतें है, जो ग्लोबल वार्मिग का कारण है। वैकल्पिक ऊर्जा के स्रोत अक्षय हैं और इनका पर्यावरण पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता। यह स्वच्छ वैकल्पिक ऊर्जा के स्रोत पृथ्वी पर प्रदुषण कम करने में कारगर सिद्ध होगें। भविष्य में ऊर्जा की बढती मांग को पूरा करने के लिए भी इन स्रोतों की आवश्यकता है।

**नवीनीकरण ऊर्जा के स्रोत** : सौर (चित्र 1), पवन (चित्र 2), भू–तापीय (चित्र 3), पन-बिजली , बायोमास वैकल्पिक ऊर्जा के स्रोत हैं। पवन ऊर्जा तटीय किनारों पर पवन चकिक्यां लगाकर उत्पन्न की जा सकती है। सौर ऊर्जा विषुवत रेखा के निकट स्थित देशों ,जहाँ सूर्य के प्रकाश की तीव्रता अधिकतम रहती है , उन देशो के यह उपयोग में लायी जा सकती है। भू–तापीय ऊर्जा प्राकृतिक गीज़रो जो न्यूजीलैंड जैसे देश में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है वहाँ उपयोग में लायी जा सकती है। पन-बिजली नदियों पर बांध बनाकर उत्पन्न की जा सकती है। जिन देशो में जिस प्राकृतिक ऊर्जा का उपयोग हो सकें, किया जाना चाहिए ।



*चित्र 1. घरों पर संस्थापित सौर पैनल*



*चित्र 2: पवन टरबाइन पार्क / वींड फॉर्म*




*चित्र 3. भूतापीय ऊर्जा के उत्पादन की मौलिक संकल्पना*

**हाईब्रिड संयंत्र :** विभिन्न नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोतों के संयोग हो सकते है जैसे सौर पवन हाईब्रिड शक्ति संयंत्र। ऐसा ही एक 10 kW क्षमता का संयंत्र गांधीनगर के उद्योग भवन में सौर शहर ऊर्जा परियोजना के तहत लगाया गया है। चित्र 4 में सौर व पवन ऊर्जा का हाईब्रिड संयंत्र दर्शाया गया है।



*चित्र 4. सौर व पवन ऊर्जा का हाईब्रिड संयंत्र*

**ऊर्जा के नवीनीकरण स्रोतों की कमियाँ :** ऊर्जा के नवीनीकरण स्रोत प्रकृति पर निर्भर करते है। सौर ऊर्जा सूर्य की किरणों के तेज पर निर्भर करती है। यदि बादलों से आच्छादित आसमान हो तो सूर्य की किरणें सौर पैनलो पर नहीं पड़ेगी जिससे के ऊर्जा उत्पन्न नहीं होगी। पवन ऊर्जा पवन की गति से उत्पन्न होती है। यदि पवन धीमी गति से चले तो इससे ऊर्जा को उत्पन्न नहीं किया जा सकता है। पन बिजली नदियों में प्रचुर मात्रा में जल रहने पर ही ऊर्जा उत्पन्न हो सकती है। किसी वर्ष जब वर्षा कम होती है उस सिथति में नदियों में जल स्तर घट जाता है, जिससे पन-बिजली संयंत्र से बिजली उत्पन्न नहीं हो पाती। जल तरंगो पर आधारित ऊर्जा तरंगो की ऊँचाई पर निर्भर करती है। पर्यावरण में बदलाव के कारण इनकी ऊंचाई कम हो सकती है। जिससे ऊर्जा उत्पन्न नहीं की जा सकती है। अत: इन स्रोतों से ऊर्जा निरंतर उपलब्ध नहीं हो पाती है। सौर पैनलो , पवन टरबाइन लगाने की लागत व रख-रखाव महंगा है। सौर पैनल, टरबाइन लगाने के लिए अधिक जमीन की भी आवश्यकता है।

**नाभिकीय ऊर्जा:** प्राकृतिक ईंधनों की कमी और ऊर्जा की लगातार बढ़ती हुई मांग से पूरा विश्व ग्रसित है। इसी ऊर्जा की मांग को पूरा करने के लिए नाभिकीय ऊर्जा को एक अच्छे विकल्प की तरह देखा जा रहा है।नाभिकीय ऊर्जा को दो प्रकार से उत्पन्न किया जा सकता है: एक है नाभिकीय विखण्डन और दूसरा है नाभिकीय संलयन।

**नाभिकीय विखण्डन**: नाभिकीय विखण्डन में एक भारी परमाणु जैसे युरेनियम को एक न्यूट्रॉन द्वारा विखण्डित किया जाता है जिससे ऊर्जा उत्पन्न होती है। इसी अभिक्रिया के आधार पर बहुत से परमाणु रिएक्टर बनायी गयीं हैं जो विद्युत उर्जा का उत्पादन करतीं हैं।

जब किसी रेडियोधर्मी परमाणु से एक न्यूट्रॉन टकराता है, वो परमाणु उत्तेजित हो जाता है। और फिर 2 नए परमाणुओं में टूट जाता है, जिन्हें आने वाले न्यूट्रॉन की गति से काइनेटिक ऊर्जा मिलती है। इसके साथ 2 से 3 न्यूट्रॉन और प्रचंड मात्रा में ऊर्जा भी उत्पन्न होती है। जिसका समीकरण कुछ इस प्रकार है –

$$ {}^{1}_{0}n + {}^{235}_{92}U \longrightarrow {}^{142}_{56}Ba + {}^{91}_{36}Kr + 3({}^{1}_{0}n) $$

नए उत्पन्न न्यूट्रॉन पुनः किसी युरेनीयम परमाणु से मिलते है और फिर वही प्रक्रिया दोहराती है। इस तरह एक निरंतर चलने वाला रिएक्शन शुरू होता है। यह तब तक नही रुकता जब तक युरेनीयम समाप्त नहीं होता। निकलने वाली ऊर्जा पेट्रोल, डीजल जैसे ईंधनों से कई मिलियन गुना ज़्यादा होती है।सोखने वाले तत्वों का प्रयोग कर ये ध्यान रखा जाता है कि 2-3 में से केवल 1 ही न्यूट्रॉन बचे,जो दूसरे युरेनीयम से जाके मिल पाए। इस क्रिया को नियंत्रित करके किया जाता है । भारत में 8 परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में 22 परमाणु रिएक्टर कार्यरत हैं, जिनकी कुल स्थापित क्षमता 7,380 मेगावाट है।

**नाभिकीय संलयन:** नाभिकीय संलयन में दो कम भार वाले परमाणु जुड़कर एक बड़े भार वाले परमाणु को उत्पन्न करते हैं और साथ ही में ऊर्जावान न्युट्रॉन उत्पन्न करते हैं जिससे ऊर्जा उत्पन्न की जा सकती है।

D + T → He + n + 17.6 MeV नाभिकीय संलयन ऊर्जा

यह आइंस्टाइन के E = m $c^2$ समीकरण का अनुपालन करता हैं जहाँ भार का अंतर ऊर्जा में परिवर्तित होता है। संलयन ऊर्जा को प्राप्त करने के प्रयास जारी हैं।

**संलयन ऊर्जा:** प्राकृतिक रुप में संलयन ऊर्जा सूरज में उत्पन्न होती है। सूरज में हाइड्रोजन परमाणु बहुत अधिक तापमान 15,000,000$^0$C के कारण बहुत गतिशील होते हैं। इतनी अधिक गतिशीलता के कारण यह परमाणु संलयति हो जाते हैं। विद्युतस्थैतिक बल से कई अधिक गुरूत्वाकर्षण का बल भी इस संलयन में मदद करता है। दो हाइड्रोजन परमाणु एक हीलियम परमाणु उत्पन्न करते हैं। हीलियम का भार दोनों हाइड्रोजन के भार से कम होता हैं और यही भार ऊर्जा में बदल जाता है।

H + H → He (3.5 MeV) + n (14.1MeV) कुल ऊर्जा =17.6MeV

ऊर्जा को धरती पर बनाने का प्रयास संलयन ऊर्जा द्वारा टोकामॅक में किया जा रहा है। इनरशियल कन्फाइन्मेंट फ्यूज़न (आई सी एफ) यानी जड़त्वीय परिसीमन संलयन में अनुसंधान किया जा रहा है जिसमें संलयन प्रक्रिया को ड्यूटेरियम और ट्रिशियम के समिश्रण के कंप्रेशन एवं तापन से किया जा सके। चुंबकीय परिसीमन (टोकामॅक) और जड़त्वीय परिसीमन दोनों ही क्षेत्रों में संलयन प्रक्रिया के लिए प्रयास जारी हैं।

**टोकामॅक:** टोकामॅक एक रुसी परिवर्गी शब्द हैं जिसका मतलब है – "चुम्बक कोइलों के साथ निर्वात पात्र"। टोकामॅक में एक निर्वात पात्र होता है। चुम्बक प्रणाली प्लाज़्मा को परिसीमित करती हैं और आवेशित प्लाज़्मा को नियंत्रित करती हैं। प्लाज़्मा बनाने के लिए हाइड्रोजन का उपयोग किया जाता हैं और इसे आयनित किया जाता हैं जिससे हाइड्रोजन प्लाज़्मा का निर्माण होता है। केंद्रीय सॉलेनोइड प्लाज़्मा को आयनित करता हैं। जैसे-जैसे प्लाज़्मा कण आवेशित होते हैं वे एक दूसरे से टकराते हैं जिससे और गर्म होने लगते हैं। सहायक तापन प्रणाली जैसे इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन तापन प्रणाली यानि ई सी आर एच, आयन साइक्लोट्रॉन तापन प्रणाली यानि आई सी आर एच या अनावेशित पुंज प्रक्षेपण एन बी आई से प्लाज़्मा तापित किया जाता हैं जिससे उसका तापमान (150 और 300 मिलियन 0C हो सके। इतनी ऊर्जा के कारण वे अपने स्वाभाविक विद्युतस्थैतिक आकर्षण पर काबू पाकर टकराते हुए संलयित हो जाते हैं, जिससे ऊर्जा की बहुत बड़ी मात्रा उत्पन्न होती है। टोकामॅक, संलयन ऊर्जा की और एक बढ़ता कदम है।

**भारत में टोकामॅक:** भारत में साहा इंस्टिट्यूट फॉर न्यूक्लियर फिज़िक्स, एसआइएनपी कोलकत्ता में एक टोकामॅक है। भारत में गाँधीनगर में स्थित प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान में दो टोकामॅक हैं। एक टोकामॅक आदित्य-यू (चित्र 5) है जिसमें विद्युतचुम्बक हैं और दूसरा टोकामॅक स्थिर अवस्था अतिचालक टोकामॅक यानि (एस एस टी-1, चित्र 6) है, इसमें अतिचालक चुम्बक हैं । दोनों ही टोकामॅक में प्लाज़्मा का उत्पादन एवं तापन होता है और विभिन्न नैदानिकियों द्वारा उसकी प्रकृति का अध्ययन होता है।



*चित्र 5: आदित्य–यू टोकामॅक*



*चित्र 6: स्थिर अवस्था सुपरकंडक्टिंग टोकामॅक– 1*

**एसएसटी-1**

**विश्व में टोकामॅक:** विश्व में विभिन्न देशों में अनेक टोकामॅक हैं। चीन में ईएएसटी, दक्षिण कोरिया में के-एसटीएआर, जापन में जेटी-60, रूस में टी-15, फ्रांस में टीओआरई एसयूपीआरए (टोरसूपरा), ब्रिटेन में जेईटी (जेट) जोइंट यूरोपियन टोकामॅक, अमेरिका में टीएफटीआर, टोकामॅक फ्यूज़न टेस्ट रिएक्टर हैं।

**इटर-संलयन रिएक्टर:** टोकामॅक निर्माण मे भारत की क्षमता देख कर भारत को फ्रांस मे निर्मित हो रहे संलयन रिएक्टर इटर टोकामॅक (चित्र 7) के निर्माण मे शामिल किया गया है । इटर टोकामॅक के कई अवयव इटर भारत द्वारा भारत की कंपनियों की मदद से निर्माणाधीन हैं । इटर में भारत सभी विकसित देशों के साथ मिलकर इस परियोजना को सफल बनाने में कार्यरत है । अमेरिका, रूस, यूरोपियन यूनियन, जापान, चीन, दक्षिण कोरिया और भारत मिलकर फ्रांस के कड़राश शहर में एक ताप नाभिकीय संलयन रिएक्टर, इटर का निर्माण कर रहे हैं। यह एक प्रायोगिक संयंत्र होगा जिसमें संलयन से ऊर्जा निर्माण करने का प्रयास किया जाएगा।



*चित्र 7: इटर*

**तालिका 2:**

| भारत का वस्तु रूप में नौ प्रणालियों का इटर को योगदान: | |
|---|---|
| क्रायोस्टेट,सबसे बड़ा निर्वात पात्र | हाई पावर मेगाहर्ट्ज आरएफ स्रोत |
| ठंडे पानी की आपूर्ति और गर्मी की निकास प्रणाली | प्लाज़्मा डायग्नोस्टिक्स |
| न्यूट्रॉन शील्ड ब्लॉक | उच्च शक्ति GHz RF स्रोत (गाइरोट्रोंन) |
| क्रायो-वितरण और क्रायोलाइन प्रणाली | आरएफ और न्यूट्रल बीम सिस्टम के लिए शक्ति आपूर्ति |
| | डायग्नोस्टिक न्यूट्रल बीम प्रणाली |

**नाभिकीय ऊर्जा एक स्वच्छ ऊर्जा का स्रोत :** नाभिकीय विखंडन हो या नाभिकीय संलयन दोनों की ऊर्जा उत्पादन संयंत्रों में कार्बन-डाई-ऑक्साइड का उत्पादन शून्य होता है । इस लिए यह नेट ज़ीरो कार्बन में अपना योगदान देती है ।




*विश्व परमाणु संघ: औसत जीवनचक्र- CO2 समकक्ष उत्सर्जन*

*स्रोत :https://impactful.ninja/energy-sources-with-the-highest-carbon-footprint/*

**उपसंहार :** पर्यावरण पर जलवायु प्रदूषण से बढ़ते संकट से उबरने के लिए कार्बन-डाई-ऑक्साइड से मुक्त वातावरण की आवश्यकता है। साथ ही में हर व्यक्ति को अपना कार्बन फुट प्रिंट कम करना ज़रूरी है। जितना अधिक हम $CO_2$ उत्सर्जन को कम करते हैं, उतना ही हम तापमान वृद्धि, समुद्र-स्तर में वृद्धि, बर्फ पिघलने और समुद्र के अम्लीकरण की दर को धीमा कर देते हैं। भविष्य में विश्व में होने वाले ऊर्जा संकट से बचाने में नाभिकीय ऊर्जा की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

**निष्कर्ष :** सुझ-बूझ और पर्यावरण की और संवेदनशीलता अवश्य ही नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन संभव कर सकता है। कार्बन-डाई-ऑक्साइड गैस को पेड-पौधे अवशोषित करते हैं और ऑक्सिजन गैस का निकास करते हैं। अगर हर दिन प्रत्येक व्यक्ति यदि एक वृक्ष भी लगाने का प्राण ले तो पर्यावरण में व्याप्त कार्बन-डाई-ऑक्साइड गैस कम करने में मदद मिलेगी। ऊर्जा के परंपरागत स्रोत शीघ्र ही समाप्त हो जाएँगे। ऊर्जा के नवीनीकरण स्रोत निरंतर ऊर्जा प्रदान नहीं कर सकते। ऐसे में नाभिकीय ऊर्जा ही एक ऐसा स्रोत है जो भविष्य में ऊर्जा उत्पन्न करने का एक निरंतर स्रोत रहेगा और नेट ज़ीरो कार्बन के लक्ष्य में अपना योगदान देता रहेगा ।

## सन्दर्भ (रेफेरेंस):


*[1] ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत, प्रतिभा गुप्ता, विज्ञान, पृष्ठ 164-167, 2013, ISBN: 978-81-86514-44-3*

*[2] संलयन ऊर्जा – ऊर्जा का भविष्य, प्रतिभा गुप्ता, प्लाज़्मा ज्योति, अंक 21-22, पृष्ठ 14-15, 2016-2017*

*[3] राष्ट्रीय हिंदी वैज्ञानिक वेब संगोष्ठी 2022: परमाणु विभाग की वैज्ञानिक/तकनिकी गतिविधियां) 23-24 जून, 2022)*

# विकिरण के सामाजिक अनुप्रयोग
# Societal Applications of Radiation

*लेखक : विपिन चंद्र,*
*वैज्ञानिक अधिकारी–एफ*
*परमाणु ऊर्जा नियामक परिषद*

हमारे समाज मे विकिरण के बारे में बहुत सारी भ्रांतियां फैली हुई हैं। विकिरण के नाम से ही लोग आशंकित हो जाते हैं और उन्हे हिरोशिमा एवं नागासाकी शहरों में डाले गये परमाणु बमो से मची तबाही की याद आने लगती है। लेकिन, आज जीवन के कई क्षेत्रों में विकिरण का उपयोग हो रहा है। विकिरण के अनुप्रयोग, हालांकि भागों में दिखाई देते हैं, लेकिन इसकी सामाजिक प्रासंगिकता और इसके जीवन पर पड़ने वाले मानव प्रभाव को पूरी तरह से प्राचारित नहीं किया गया है। विकिरण के चिकित्सा, उद्योग, कृषि, पर्यावरण एवम अनुसंधान के क्षेत्रों में अनेको अनुप्रयोग है। विकिरण के कुछ सामाजिक अनुप्रयोग निम्न है :

**चिकित्सा अनुप्रयोग:**
चिकित्सा के क्षेत्र में विकिरण का सबसे पहले प्रयोग एक्स-रे के खोजकर्ता विलियम रंजन ने 1895 में किया था जब उन्होंने अपनी पत्नी की बाएं हथेली की छवि एक्स किरणों से ली थी। इसमें हड्डियों के ढांचे के साथ उनकी शादी की अंगूठी भी साफ दिखाई दे रही थी। रोगों के निदान के लिए एक्स-रे का उपयोग अक्सर होता है। सन 1970 में एक्स-रे तकनीक की उपयोगिता मे नया आयाम तब जुड़ा जब छवि लेने के लिए कंप्यूटर टोमोग्राफी (सीटी) का इस्तेमाल किया गया।

विभिन्न रोगो का निदान और उपचार, रेडियोधर्मी समस्थानिकों के प्रमुख उपयोगों में से एक है। आजकल चिकित्सा के क्षेत्र में नाभिकीय औषधि का प्रयोग रोगों के निदान, उपचार एवं अनुसंधान के लिए हो रहा है। वैज्ञानिकों ने ऐसे कई रसायनों की पहचान की है जो विशिष्ट अंगों द्वारा अवशोषित होते हैं। इस ज्ञान के साथ, कई विकिरण-भेषजिक (रेडियोफार्मास्यूटिकल्स) विकसित किए गए हैं। विकिरण-भेषजिक ऐसे यौगिक होते हैं जिन्हें नैदानिक या चिकित्सीय उद्देश्यों के लिए रेडियोधर्मी समस्थानिकों के साथ टैग (चिह्नित) किया जाता है। इसमें काफी कम मात्रा में रेडियोसक्रिय पदार्थ को शरीर के अंदर इंजेक्शन या पेय पदार्थ के रूप में प्रवेश कराया जाता हैं और इससे निकलने वाली विकिरणो को विशेष प्रकार के गामा केमरो द्वारा देखा जाता है। इस तरह छवि आकलन द्वारा शरीर के किसी भी अंग की कार्य विधि को जानकार उसकी बीमारी का पता लगाया जाता है और रोगों के प्रारंभिक काल में ही निदान संभव होने के कारण उचित उपचार द्वारा रोगी को ठीक किया जाता है।

चिकित्सा में विकिरण-भेषजिको का उपयोग पचास के दशक में कुछ प्राथमिक रेडियोधर्मी समस्थानिकों के विकिरण-भेषजिको रूप में शुरू हुआ, जैसे आयोडीन-131 का सोडियम आयोडाइड के रूप में, फॉस्फोरस-32 का सोडियम ऑर्थोफॉस्फेट के रूप में और क्रोमियम-51 का क्रोमेट के रूप में। प्राथमिक रेडियोधर्मी समस्थानिकों का जल्द ही लेबल यौगिकों के रूप मे विकास किया गया। इस श्रेणी के कुछ लेबल विकिरण-भेषजिक जैसे आयोडीन-131 लेबल वाले विकिरण-भेषजिक 'हिप्पुरन' गुर्दे के कार्य अध्ययन के लिए और कोबाल्ट-57 लेबल वाले विकिरण-भेषजिक विटामिन बी$_{12}$ कुअवशोषण अध्ययन के लिये अब भी व्यापक रूप से उपयोग किए जाते है।

साठ के दशक की शुरुआत में विकिरण-भेषजिको के अनुप्रयोग में एक बड़ी सफलता टेक्नीटियम-99m (Tc-99m) जनक के विकास के साथ हासिल की गई थी, जिसमे दीर्घ-जीवी जनक मोलिब्डेनम-99 (Mo-99) से अल्पायु संतति रेडियोधर्मी समस्थानिक Tc-99m लगातार उत्पन्न होता है। Tc-99m नाभिकीय औषधि का कार्य अश्व (वर्क हॉर्स) है और विश्व में किए गए 75% से अधिक नाभिकीय औषधि अध्ययनों मे शरीर के अंगों की स्थिर और गतिशील इमेजिंग के लिए इस एकल रेडियोधर्मी समस्थानिक का उपयोग किया जाता हैं। इसके कुछ अनुप्रयोग बोन स्किंटिग्राफी, पल्मोनरी एम्बोलिज्म का पता लगाने, फेफड़े के फैलाव, कार्डियक ब्लड पूल अध्ययन, हेपेटोबिलरी अध्ययन, किडनी स्किंटिग्राफी और मायोकार्डिअल परफ्यूजन इमेजिंग अध्ययन में हैं।
आजकल नाभिकीय चिकित्सा मे 'पॉज़िट्रॉन उत्सर्जन टोमोग्राफी' (पीईटी) का प्रयोग तेजी से बढ रहा हैं। पॉज़िट्रॉन उत्सर्जन टोमोग्राफी (पीईटी) एक प्रकार का इमेजिंग परीक्षण है। इसमे शरीर में बीमारी का पता लगाने के लिए रेडियोधर्मी अनुरेखको का उपयोग किया जाता है। पीईटी स्कैन से पता चलता है कि अंग और ऊतक कैसे काम कर रहे हैं। पॉज़िट्रॉन उत्सर्जन टोमोग्राफी (पीईटी) के साथ छोटे मेडिकल साइक्लोट्रॉन का उपयोग तेजी से बढ रहा हैं। इन साइक्लोट्रॉन उत्पादित समस्थानिकों का उपयोग करके अब विकिरण-भेषजिको का एक विस्तृत स्पेक्ट्रम विकसित किया गया है। पिछले लगभग 20 वर्षों में, F-18 उत्पादों के उत्पादन और वितरण के लिए मेडिकल साइक्लोट्रॉनो का तेजी से विकास हुआ है।
विकिरण प्रतिरक्षा आमापन (रेडियोइम्यूनोएसे - आरआईए) तकनीक का आविष्कार सन 1959 मे रोज़ालिन और सैमुअल बर्सन ने किया था। अपेक्षाकृत सरल उपकरण के कारण नैदानिक नाभिकीय चिकित्सा मे आरआईए प्रयोगशालाओं का तेजी

से विकास हुआ है। विभिन्न रोगों के शीघ्र निदान के लिए शरीर के तरल पदार्थ में हार्मोन, विटामिन और वायरल प्रोटीन जैसे विभिन्न प्रकार के जैविक अवयवों के आकलन के लिए विभिन्न विकिरण प्रतिरक्षा आमापन किट उपलब्ध हैं। लगभग सभी चिकित्सा संस्थान और अस्पताल इस तकनीक का उपयोग करते हैं और हर साल लाखो रोगियों की जांच की जाती है।
कोबाल्ट-60 (9000-10000 क्यूरी तीव्रता) स्रोतों वाली दूर चिकित्सा (टेलीथेरेपी) इकाईयो को कर्क रोग के उपचार मे उपयोग किया जाता है। भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र ने 'भाभाट्रॉन' नामक स्वदेशी दूर चिकित्सा (टेलीथेरेपी) प्रणाली विकसित और उपलब्ध कराई है, जिसे पहली बार 2007 में नवी मुंबई में टाटा स्मारक केंद्र के 'एडवांस्ड सेंटर फॉर ट्रेनिंग रिसर्च एंड एजुकेशन इन कैंसर' (ACTRECT) में कमीशन किया गया था। आज 'भाभाट्रॉन' की लगभग 50 ईकाइयां भारत और विदेशों में उपयोग में हैं। ये ईकाइयां वर्ष में लाखो कर्क रोगो के मामलों के उपचार को सक्षम बनाती हैं।

इसके अलावा, सीज़ियम-137, गोल्ड-198 और इरिडियम-192 की रेडियोधर्मी सुई, ट्यूब या बीज को कुछ कैंसरो को नष्ट करने या नियंत्रित करने के लिए समीपोपचार (ब्रैकीथेरेपी) के लिए प्रयोग किया जाता है। रेडियो न्यूक्लाइड चिकित्सा हजारों रोगियों का इलाज करने में मदद करती है। आयोडीन-131 (I-131) सोडियम आयोडाइड के रूप में, थायराइड विकारों के निदान और उपचार के लिए उपयोग किया जाता है। रूथेनियन-106 (Ru-106) को नेत्र के ट्यूमर / कैंसर के उपचार के लिए किया जाता है। फॉस्फोरस-32 आधारित सोडियम फॉस्फेट इंजेक्शन का उपयोग गंभीर हड्डी के कैंसर के मामलों में दर्द निवारण के लिए किया जाता है। विकिरण-भेषजिक, समैरियम-153 असाध्य रूप से बीमार कैंसर रोगियों को दर्द मे राहत देने के लिये उपयोग किया जाता है। इससे रोगियों के जीवन की गुणवत्ता और अवधि में सुधार हुआ है।

गामा विकिरणो की सूक्ष्म जीवों को मारने की क्षमता के कारण, विकिरण से विसंक्रमण एक अन्य प्रमुख अनुप्रयोग है जो चिकित्सा क्षेत्र में बहुत लोकप्रिय हो गया है। गामा विकिरणो का उपयोग करके विभिन्न चिकित्सा उत्पादों जैसे डिस्पोजेबल सिरिंज, सर्जिकल टांके, सूती ड्रेसिंग, दवाओं और संबंधित उत्पादों आदि का प्रभावी ढंग से निर्जिवाणुकरण किया जाता है। पारंपरिक तकनीकों की तुलना में विकिरण विसंक्रमण का लाभ यह है कि विसंक्रमण अंतिम पैकिंग में किया जाता है ताकि उत्पाद, उपयोग के बिंदु तक रोगाणुहीन बना रहे। इसके अलावा, चूंकि विकिरण विसंक्रमण एक ठंडी प्रक्रिया है, इसलिए चिकित्सा उत्पादों में उपयोग की जाने वाली प्लास्टिक जैसी गर्मी संवेदनशील सामग्री पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है।

1974 से, ट्रॉम्बे के 'आइसोमेड' (ISOMED) सन्यंत्र ने भारतीय चिकित्सा उद्योग को विभिन्न प्रकार के उत्पादों जैसे डिस्पोजेबल सिरिंज, सर्जिकल टांके, ड्रेसिंग आदि के लिए व्यावसायिक आधार पर विकिरण विसंक्रमण सेवाएं प्रदान की हैं। अन्य विकिरण व्यावसायिक विसंक्रमण सन्यंत्रो 'रश्मि' को बैंगलोर मे और 'श्री राम मेडिकल इंस्टीट्यूट' को नई दिल्ली में स्थापित किया गया है।

**औद्योगिक अनुप्रयोग**

उद्योगो में प्रक्रिया की निगरानी एवम इष्टतमीकरण; गुणवत्ता नियंत्रण; समस्या निवारण; वेल्ड, कास्टिंग मशीन घटकों, सिविल संरचनाओं आदि की संरक्षा और संरचनात्मक अखंडता का आकलन आदि मे विकिरण प्रौद्योगिकियों का प्रयोग किया जा रहा है।

औद्योगिक क्षेत्रों में रेडियो सक्रिय तत्वों का इस्तेमाल पदार्थों की सघनता मापने में किया जाता है जिससे पाइपों में द्रव का प्रवाह, भूमि के अंदर खनिज तेल के संसाधनों की खोज इत्यादि निष्कर्ष निकाले जाते हैं। विकिरण स्रोतों से भारी मशीनरी के गैर-विनाशकारी परीक्षण (एनडीटी); बंद कंटेनरों में द्रव स्तर का नियंत्रण; पाइप, पन्नी और शीट की मोटाई का मापन; रिसाव और अवरोध स्थान का पता लगाने जैसे औद्योगिक समस्याओ का निवारण किया जाता है।

खुदाई की आवश्यकता के बिना भूमिगत गैस और तेल पाइपलाइन में सूक्ष्म रिसाव का पता लगाने के लिए रेडियोधर्मी समस्थानिकों का प्रभावी ढंग से उपयोग किया गया है। बांधों और जलाशयों में रिसाव की जांच आमतौर पर रेडियोधर्मी अनुरेखको का उपयोग करके की जाती है। इस तरह की जांच से जलाशय के किनारे पर रिसाव प्रवेश क्षेत्रों के स्थान, बांध संरचना का चित्रण और रिसाव को रोकने के लिए उपचारात्मक उपायों की प्रभावकारिता के साथ-साथ आधारशिला की सुदृढ़ता की जांच की जाती हैं।

रेडियोधर्मी अनुरेखको का उपयोग प्रवाह दर माप, सम्मिश्रण समय माप, निवास समय वितरण माप, बंदरगाहों में तलछट परिवहन और तटीय जल में अपशिष्ट पदार्थ के प्रसार इत्यादी में किया जाता है।

अपशिष्ट प्रबंधन मे भी विकिरण का प्रयोग किया जा रहा है। पिछले 30 वर्षो से कीचड़ (स्लज) को संसाधित और स्वच्छ करने के लिए बड़ौदा शहर में कोबाल्ट-60 (150000 क्यूरी) का एक सीवेज कीचड़ स्वच्छता विकिरणक (सीवेज स्लज हाइजीनाइजेशन इरेडिएटर) सन्यंत्र का संचालन किया जा रहा है। इसी प्रकार अहमदाबाद के शाहवाड़ी में कोबाल्ट-60 (150000 क्यूरी) का सीवेज कीचड़ स्वच्छता संयंत्र का उद्घाटन फरवरी 2019 में किया गया था और तब से यह निरंतर संचालन में है।

गामा विकिरण प्रसंस्करण का एक और दिलचस्प अनुप्रयोग प्राकृतिक रबर लेटेक्स का वल्कनिकरण (वल्केनाइजेशन) है। केरल के कोट्टायम स्थित रबर रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया में एक कोबाल्ट-60 गामा किरणक सुविधा (100,000 क्यूरी

डिजाइन क्षमता) का निर्माण किया गया है। इस सुविधा में उत्पादित प्राकृतिक रबर लेटेक्स, रबर उत्पादों के निर्माताओं को वितरित किया जाता है।कृषि अनुप्रयोग:

कृषि क्षेत्र मे विकिरण का प्रयोग फसलो के पौधों में आनुवंशिक परिवर्तन कर बेहतर किस्मों को विकसित करने के लिए किया जा रहा है। हम जानते है कि पौधों में स्वत: आनुवंशिक उत्परिवर्तन (म्यूटेशन) द्वारा उन में स्थित लाखों जीनो में से कुछ का रूपांतरण होता रहता है जिससे उन पर जातियों की विशेषताओं में बदलाव आता है। लेकिन ऐसे उत्परिवर्तन की दर काफी कम होती है क्योंकि यह वायुमंडल में व्याप्त प्राकृतिक विकिरण तथा रसायनिक उत्परिवर्तको पर निर्भर करता है। यह आकस्मिक होते हैं इसलिए पौधों की विशेषताओ में परिवर्तन या तो उन्हें उत्कृष्ट बनाता है या निकृष्ट। अत: इनमें से उन्नत किस्मों को छांट कर अलग करना पड़ता है जो जलवायु, कीटाणु एवं जीवाणु रोधक होते है अथवा जिनमें प्रोटीन वसा एवं शर्करा का अंश ज्यादा होता है।

लेकिन अब रेडियोसक्रिय तत्वो के उपयोग से उत्परिवर्तन प्रक्रिया कृत्रिम ढंग से करके उन्नत किस्मों के बीजों के विकास हजारों सालों के बजाय कुछ दशकों में किया जा रहा है इससे फसलों के पैदावार में काफी वृधि हुई है। इस तकनीक का उपयोग करते हुए, हमारे देश मे अरहर, मूंग, काली मूंगफली और लंबे पतले चावल - हरि जैसे नए खाद्यान्न और दालों के कई उन्नत किस्म के उत्परिवर्ती (म्यूटेंट) फसलो का उत्पादन किया है जो अपनी उच्च पैदावार के कारण भारतीय किसानों के बीच लोकप्रिय हैं। अब तक कृषि में विकिरण के द्वारा फसल उत्परिवर्ती (म्यूटेंट) की 49 उन्नत किस्मों का विकास किया गया है।

कृषि क्षेत्र मे विकिरण का एक अन्य लाभकारी अनुप्रयोग खराब होने वाले खाद्य पदार्थों के शेल्फ आयु को बढ़ाना है । आमतौर पर खाद्य पदार्थों को परिरक्षित रखने के लिए के पारंपरिक तरीकों जैसे उसे ठंडा रखना, नमी निकालकर नमक मिलाना, उबालना, रासायनिक परिरक्षक (मिथाइल ब्रोमाइड, डाई-इथाइल अमीन) इत्यादी प्रयोग किये जाते है। गामा किरणों का एक गुण यह है कि वह कोशिकाओं को मारकर जैविक जनन को रोकती है इसलिए इसका उपयोग जीवाणु नाशक के तौर पर किया जाता है। कीट और सूक्ष्मजीवी संदूषणों के कारण होने वाले नुकसान को कम करने के लिये खाद्य पदार्थों का विकिरण प्रसंस्करण किया जाता है इसके अतिरिक्त फलों को पकने में विलंब करने, अंकुर को रोकने के लिए भी गामा किरणें काफी उपयोगी सिद्ध हुई हैं। इस नई तकनीक तकनीक से अनाज, फल और सब्जी आदि खाद्य सामग्रियों को सड्ने से बचाया जा रहा है। प्याज में अंकुरण को रोकने के लिए महाराष्ट्र के नासिक के पास लासलगाँव में सन 2002 मे विकिरण संयंत्र स्वदेशी रूप से बनाया गया और सन 2007 से इस संयंत्र का उपयोग आम का फाइटो स्वच्छता उपचार के लिये भी किया जा रहा है। वर्तमान में निजी क्षेत्र में 18 विकिरण आधारित खाद्य प्रसंस्करण इकाइयाँ संचालित हैं। डिब्बाबंदी, निर्जलीकरण और लवणीकरण जैसे परिरक्षण के पारंपरिक तरीकों की तुलना में खाद्य पदार्थों के विकिरण प्रसंस्करण के अद्वितीय फायदे हैं। इस प्रक्रिया मे खाद्य पदार्थों के स्वाद, गंध, बनावट, ताजगी या कोई अन्य वांछनीय गुणवत्ता को कोई नुकसान नहीं होता है।

जल संसाधन प्रबंधन में रेडियोधर्मी समस्थानिकों का प्रयोग भूजल पुनर्भरण के स्रोत एवं उद्गम की पहचान, प्राकृतिक झरनों के पुनर्भरण क्षेत्र की पहचान; भूजल के निवास समय का अनुमान; भूजल प्रदूषण के स्रोत, तंत्र और मार्गों की पहचान और तटीय क्षेत्रों में भूजल निर्वहन का अनुमान इत्यादी मे किया जा रहा है।

**सारांश**

मानव जाति को लाभ पहुंचाने के लिए विकिरण के चिकित्सा, उद्योग, कृषि, जल संसाधन प्रबंधन, अपशिष्ट प्रबंधन और कई अन्य क्षेत्रों में उपयोगी अनुप्रयोग है।

परमाणु ऊर्जा विभाग ने प्रारम्भ से ही रेडियोधर्मी समस्थानिकों और विकिरण प्रौद्योगिकी के विकास और उनके चिकित्सा, उद्योग और कृषि में अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। पिछले आठ दशकों में परमाणु ऊर्जा विभाग ने विकिरण के अनुप्रयोगो के लिये परिष्कृत अनुसंधान और विकास सुविधाओं का विकास किया है जिसमें रेडियोधर्मी समस्थानिकों के उत्पादन के लिए अनुसंधान रिएक्टरों का डिजाइन एवम निर्माण, नाभिकीय बिजलीघरो में रेडियोधर्मी समस्थानिक के उत्पादन के लिए बुनियादी ढांचा, परिरक्षित सुविधाओं के साथ आधुनिक रेडियोलॉजिकल प्रयोगशालाएं एवम रेडियोधर्मी समस्थानिकों की रिमोट प्रोसेसिंग और विभिन्न प्रकार के रेडियोधर्मी समस्थानिकों अनुप्रयोगों के लिए अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम और रेडियोधर्मी समस्थानिकों उपयोगकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हैं।

रेडियोधर्मी समस्थानिकों की व्यावसायिक आपूर्ति, विकिरण प्रसंस्करण संयंत्र और विकिरण उपकरण की मांग को पूरा करने के लिये 'रेडिएशन एंड आइसोटोप टेक्नोलॉजी बोर्ड' (ब्रिट) को परमाणु ऊर्जा विभाग की एक अलग इकाई के रूप में बनाया गया है। इसके अलावा भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, मुम्बई का विकिरण चिकित्सा केंद्र और ट्रॉम्बे में कई उन्नत सुविधाएं भारत में नाभिकीय चिकित्सा और नाभिकीय कृषि के विकास के केंद्र हैं।

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

# आईपीआर की इनक्यूबेशन और स्टार्टअप गतिविधियां-एक समीक्षा

*तेजस पारेख[1*], नीरव ई . जमनापरा[1,2],*
*1 प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान, गांधीनगर – 382 428*
*2 होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, ट्रोमबे, मुंबई – 400 094*
**ईमेल: tejas@ipr.res.in*

भारत कोरोनोवायरस महामारी के माध्यम से दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। भारत सरकार ने 2024 तक 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, सरकार ने राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर इसके प्रभाव को पहचानते हुए, उद्यम को समर्थन देने और व्यापार करने में आसानी की सुविधा को बेहतर बनाने का लक्ष्य रखा है। इन प्रयासों में सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और स्टार्टअप पर ध्यान केंद्रित किया गया है ताकि मध्यम व्यवसाय बड़े और छोटे व्यवसाय मध्यम कंपनियां बन सकें।

एमएसएमई और स्टार्टअप अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं में, विशेषकर विकासशील देशों में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। एसएमई दुनिया भर में अधिकांश व्यवसायों के लिए जिम्मेदार हैं और रोजगार सृजन और वैश्विक आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता हैं। स्टार्टअप अपने नवीन विचारों, विघटनकारी प्रौद्योगिकियों और रचनात्मक समाधानों के लिए जाने जाते हैं। वे नए दृष्टिकोण लाते हैं और विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देते हैं। उद्यमशीलता को बढ़ावा देकर, स्टार्टअप नए उत्पादों, सेवाओं और व्यवसाय मॉडल के विकास में योगदान करते हैं, जिससे आर्थिक उन्नति और प्रतिस्पर्धात्मकता हो सकती है। छोटी संगठनात्मक और पदानुक्रमित संरचना के कारण, ऐसी व्यावसायिक संस्थाएँ नई तकनीकों, प्रक्रियाओं और व्यावसायिक प्रथाओं को आसानी से अपना लेती हैं, जिससे उत्पादकता और दक्षता में वृद्धि होती है। एमएसएमई और स्टार्टअप में अद्वितीय उत्पाद विकसित करने, नए बाजारों में प्रवेश करने और देश की निर्यात आय में योगदान करने की क्षमता है। वे बड़े विनिर्माण उद्योगों के लिए आपूर्ति श्रृंखला प्रणाली का आवश्यक हिस्सा हैं। चूंकि अधिकांश एमएसएमई और स्टार्टअप ग्रामीण और छोटे शहरों से उभरे हैं, इसलिए क्षेत्रीय विकास में उनका योगदान महत्वपूर्ण है। एमएसएमई और स्टार्टअप विशिष्ट बाजारों में प्रवेश करके, विशेष उत्पाद विकसित करके और नए व्यापार अवसरों की खोज करके आर्थिक विविधीकरण को बढ़ावा देते हैं। उनकी उपस्थिति औद्योगिक परिदृश्य में विविधता लाती है, कुछ क्षेत्रों पर निर्भरता कम करती है, और झटके और मंदी के खिलाफ अर्थव्यवस्था की लचीलापन बढ़ाती है।

भारत में अनुसंधान एवं विकास, शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों के बीच एक बड़ा अंतर है। इस अंतर में कई कारकों का योगदान है जैसे कि अनुसंधान एवं विकास संस्थानों की अनुसंधान प्राथमिकताओं और उद्योगों की आवश्यकताओं के बीच समन्वय की कमी, उद्योगों और अनुसंधान एवं विकास संगठनों के बीच सहयोग की कमी, सीमित बुनियादी ढांचे और फंडिंग आदि। इस अंतर को पाटने के लिए स्टार्टअप और एमएसएमई भूमिका निभा सकते हैं। उनकी भूमिका आवश्यक है क्योंकि वे नए परिवर्तनों और प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए लचीले हैं। स्टार्टअप की मदद से प्रयोगशालाओं के अनुसंधान एवं विकास के नवाचार को औद्योगिक धरातल पर लाया जा सकता है।

हालाँकि, राह आसान नहीं है. सबसे पहले एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाना आवश्यक है जिसमें ऐसी छोटी व्यावसायिक संस्थाओं को अच्छी तरह से समर्थन दिया जा सके ताकि वे फल-फूल सकें और देश की अर्थव्यवस्था में योगदान दे सकें।

## स्टार्टअप और स्टार्टअप इकोसिस्टम

स्टार्टअप एक नव स्थापित व्यावसायिक उद्यम या कंपनी है जो आम तौर पर नवाचार से प्रेरित होती है, तेजी से विकास का लक्ष्य रखती है और अनिश्चितता के माहौल में काम करती है। इन्ही वजहों के कारण, एक एस परिस्थिति तंत्र जरूरी हैं जो की, इन्हे विकास करने मे मदद करे। स्टार्टअप इकोसिस्टम व्यक्तियों, संगठनों और व्यवसायों का एक जटिल और लगातार विकसित होने वाला नेटवर्क है जो सफल स्टार्टअप शुरू करने और बढ़ने के लिए अनुकूल वातावरण बनाने के लिए एक साथ आते हैं। इस परस्पर जुड़ी प्रणाली में नए व्यवसायों की वृद्धि और सफलता का समर्थन करने के लिए सरकारी पहल, उद्यम पूंजीपति, एंजेल निवेशक, अनुसंधान संगठन, उच्च शैक्षणिक संस्थान और सेवा प्रदाता शामिल हैं।

स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र पूंजी, प्रतिभा और संसाधनों तक पहुंच प्रदान करता है, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देता है, और ग्राहकों और भागीदारों के साथ स्टार्टअप को जोड़ने के लिए नेटवर्किंग के अवसर प्रदान करता है।

यद्यपि विभिन्न स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र आकार, धन तक पहुंच और प्रबंधकीय संरचनाओं में भिन्न होते हैं, सफल होने के लिए उन सभी को एक ही चीज़ की आवश्यकता होती है, जो हैं सिस्टम के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक घटक को दूसरों के साथ मिलकर काम करना। स्टार्टअप इकोसिस्टम के 6 अपरिहार्य तत्व हैं।




**चित्र.1 स्टार्टअप इकोसिस्टम के तत्व**

1. स्टार्टअप: वे स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ की हड्डी हैं क्योंकि वे नवीन उत्पादों, सेवाओं और नौकरियों को बाजार में लाने के लिए जिम्मेदार हैं।
2. शैक्षणिक संस्थान: शैक्षणिक संस्थान उद्यमियों को ज्ञान, अनुसंधान और विशेषज्ञता तक पहुंच प्रदान करके सफल होने के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने में मदद करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम और संसाधन प्रदान करते हैं जो स्टार्टअप को बढ़ने और फलने-फूलने में मदद कर सकते हैं।
3. इनक्यूबेटर और एक्सेलरेटर: इनक्यूबेटर और एक्सेलरेटर ऐसे प्रोग्राम हैं जो स्टार्टअप को सलाह, मार्गदर्शन, प्रशिक्षण, रणनीति, साझेदारी और फंडिंग प्रदान करके सफल होने में मदद करते हैं।
4. निवेशक/फंडिंग एजेंसियां: इन संगठनों की स्टार्टअप इकोसिस्टम का मूल्यांकन करने और फिर उन लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करने की आवश्यक जिम्मेदारी है जिनके सफल होने की सबसे अच्छी संभावना है।
5. सहायक संगठन: सहायक संगठन उद्यमियों को कार्यालय स्थान, उपकरण, परामर्श, नेटवर्किंग के अवसर और फंडिंग तक पहुंच सहित कई प्रकार के संसाधन और सहायता प्रदान करते हैं।
6. निजी क्षेत्र के व्यक्ति: ये व्यक्ति और समूह कानूनी और परामर्श सेवाएं प्रदान करते हैं, जैसे व्यवसाय निर्माण में सहायता, बौद्धिक संपदा संरक्षण और स्थानीय कानूनों और विनियमों का अनुपालन।

**भारत में स्टार्टअप इकोसिस्टम:**

भारत सरकार देश में एक सहायक स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में सक्रिय है। स्टार्टअप और एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किए गए कुछ प्रमुख प्रयास स्टार्टअप इंडिया, फंड ऑफ फंड्स फॉर स्टार्टअप्स (FFS), अटल इनोवेशन मिशन (AIM), मेक इन इंडिया, स्टार्टअप्स को कर लाभ और छूट, प्रधान मंत्री मुद्रा योजना ( PMMY), स्टैंड अप इंडिया, सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड योजना (CGTMSE), व्यापार करने में आसानी और बौद्धिक संपदा अधिकार (IP Rights) समर्थन आदि। भारत के पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र है; जिनमे साल-दर-साल 12-15% की लगातार वार्षिक वृद्धि देखने की उम्मीद है। 2018 में भारत में लगभग 50,000 स्टार्टअप थे; इनमें से लगभग 8,900 - 9,300 प्रौद्योगिकी आधारित स्टार्टअप हैं, अकेले 2019 में 1300 नए तकनीकी स्टार्टअप पैदा हुए हैं , जिसका अर्थ है कि हर दिन 2-3 तकनीकी स्टार्टअप पैदा होते हैं।

इन प्रयासों के साथ-साथ, भारत सरकार ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने, निवेश आकर्षित करने, नवाचार को बढ़ावा देने और निजी उद्योग की भागीदारी के लिए एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के उद्देश्य से निजी उद्योगों की भागीदारी के लिए रक्षा और अंतरिक्ष जैसे गहन और विशिष्ट प्रौद्योगिकी क्षेत्रों को भी खोला है। ये पहल भारतीय कंपनियों को अत्याधुनिक तकनीक विकसित करने, राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान देने और भारत को रक्षा और अंतरिक्ष-संबंधित गतिविधियों के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने का अवसर प्रदान करती हैं। इसी तर्ज पर, भारत सरकार ने परमाणु ऊर्जा के उपभोक्ता अनुप्रयोग में निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भी सुधारों की घोषणा की, जिसमें कैंसर के उपचार के लिए चिकित्सा आइसोटोप और कृषि क्षेत्र के लिए विकिरण प्रौद्योगिकी शामिल है।

स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को परमाणु क्षेत्र से जोड़ने और अनुसंधान सुविधाओं और तकनीकी-उद्यमियों के बीच तालमेल विकसित करने के लिए, परमाणु ऊर्जा विभाग ने भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC), इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र (IGCAR), राजा रमन्ना सेंटर फॉर एडवांस टेक्नोलॉजीज (RRCAT) और इंस्टीट्यूट फॉर प्लाज़्मा रिसर्च (IPR) में प्रौद्योगिकी विकास सह इनक्यूबेशन केंद्रों की स्थापना की घोषणा की थी। इसके बाद, अटल इन्क्यूबेशन सेंटर की मान्यता प्राप्त करने

के लिए आईपीआर, आरआरसीएटी और आईजीसीएआर के इन्क्यूबेशन केंद्रों को भारत सरकार के प्रतिस्थित अटल इनोवेशन मिशन कार्यक्रम के तहत पंजीकृत होने का प्रस्ताव दिया गया था।

**<u>अटल इनोवेशन मिशन के बारे में:</u>**

अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम) भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य पूरे देश में नवाचार और उद्यमिता की एक जीवंत संस्कृति को बढ़ावा देना है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए, एआईएम द्वारा अटल टिंकरिंग लैब, अटल इन्क्यूबेशन सेंटर, अटल इनोवेटिव सामुदायिक केंद्रों की स्थापना जैसी विभिन्न योजनाएं शुरू की गई हैं। विश्वविद्यालयों, संस्थानों और कॉरपोरेट्स में अटल इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना के माध्यम से, एआईएम स्टार्ट-अप और उद्यमियों का एक निरंतर विकसित होने वाला पारिस्थितिकी तंत्र तैयार कर रहा है। आज तक, एआईएम ने भारत के 18 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में 69 अटल इन्क्यूबेशन केंद्रों का सफलतापूर्वक संचालन किया है। इन एआईसी द्वारा 2900 से अधिक स्टार्ट-अप को समर्थन दिया गया है, जिनमें से 900+ स्टार्ट-अप का नेतृत्व महिलाओं ने किया है और पारिस्थितिकी तंत्र में 30000+ नौकरियां पैदा की हैं।

**<u>प्रस्तावित अटल इन्क्यूबेशन सेंटर-आईपीआर (एआईसी-आईपीआर):</u>**

डीएई के निर्देशों के अनुसार, आईपीआर ने आईपीआर में स्थापित इनक्यूबेशन सेंटर के लिए अटल इन्क्यूबेशन सेंटर की मान्यता प्राप्त करने के लिए अगस्त-2022 में नीति-आयोग को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। जनवरी, 2023 में, आईपीआर के इनक्यूबेशन सेंटर को "अटल इनक्यूबेशन सेंटर" के रूप में मान्यता प्राप्त करने के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था। एआईसी-आईपीआर के प्रस्तावित कार्यों, संरचना का वर्णन अगले अनुभागों में किया गया है।

एआईसी-आईपीआर के उद्देश्यों को समझने के लिए, "प्रौद्योगिकी इनक्यूबेशन " शब्द को समझना होगा। टेक्नोलॉजी इनक्यूबेशन से तात्पर्य प्रौद्योगिकी-आधारित स्टार्टअप या प्रारंभिक चरण की कंपनियों के विकास का समर्थन और पोषण करने की प्रक्रिया से है। यह एक संरचित और सहायक वातावरण प्रदान करता है जहां उद्यमी अपने नवीन विचारों या प्रौद्योगिकी अवधारणाओं को व्यवहार्य और स्केलेबल व्यवसायों में बदल सकते हैं।

**उद्देश्य:**

एक प्रौद्योगिकी इनक्यूबेटर के रूप में, एआईसी-आईपीआर के प्रस्तावित व्यापक उद्देश्य हैं,

1. स्टार्टअप्स के इनक्यूबेशन से संबंधित व्यवसाय का संचालन करना जिसमें प्रबंधकीय, वित्तीय, वैज्ञानिक और तकनीकी गतिविधियां शामिल हैं;
2. प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और लाइसेंसिंग, परामर्श, उपकरण विकास और आपूर्ति, प्रौद्योगिकियों और जानकारी का उत्पादों, वैज्ञानिक/तकनीकी सेवाओं आदि में अनुवाद की सुविधा के माध्यम से आईपीआर द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों और जानकारी का व्यावसायीकरण करना;
3. आईपीआर की बाह्य रूप से वित्त पोषित परियोजनाओं के लिए परियोजना प्रस्तावों को तैयार करने की सुविधा प्रदान करना और आईपीआर के समर्थन से उसका निष्पादन करना और विशेषज्ञ सेवाएं, परीक्षण सुविधाएं भी प्रदान करना;
4. पीपीपी मोड में आईपीआर की कुछ गतिविधियों को इंटरफ़ेस, समन्वयित और प्रबंधित करना;
5. आईपीआर की विशेषज्ञता के मुख्य क्षेत्रों से संबंधित सीएसआर गतिविधियां शुरू करना;
6. प्रशिक्षण, कौशल विकास कार्यक्रम, प्रचार और आउटरीच गतिविधियाँ शुरू करना।

**<u>प्रस्तावित संरचना:</u>**

प्रस्तावित एआईसी के कामकाज को सुविधाजनक बनाने के लिए और एआईएम के दिशानिर्देशों के अनुसार, एआईसी-आईपीआर को कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) के रूप में स्थापित किया जा रहा है। प्रस्तावित धारा 8 कंपनी आईपीआर के तहत होगी और शासन के लिए आईपीआर जिम्मेदार होगा।

प्रस्तावित कंपनी के निदेशक मंडल में आईपीआर गवर्निंग काउंसिल के चयनित सदस्य शामिल होंगे जो आईपीआर के पदेन प्रतिनिधि होंगे। प्रस्तावित बोर्ड में 12 सदस्य होंगे, जिनमें से 6 सदस्य आईपीआर से होंगे और शेष छह बाहरी सदस्य होंगे। निदेशक, आईपीआर बोर्ड के अध्यक्ष होंगे।

एआईएम दिशानिर्देशों के अनुसार, न्यूनतम 10000 वर्ग फुट का उपयोग के लिए तैयार बुनियादी ढांचा होस्टिंग संगठन द्वारा प्रदान किया जाएगा, जबकि पूंजीगत वस्तुओं की खरीद और शुरुआती 5 वर्षों के संचालन के लिए 10 करोड़ तक की धनराशि एआईएम द्वारा प्रदान की जाएगी। इसके बाद, एआईसी के आत्मनिर्भर बनने और अपने परिचालन और पूंजीगत खर्चों को स्वयं पूरा करने की उम्मीद है।

**इनक्यूबेशन के लिए प्रौद्योगिकियों का चयन:**

इनक्यूबेशन के लिए संभावित प्रौद्योगिकियों की पहचान के लिए, मेजबान संस्थानों में समूहों/डिवीजनों से नियमित अंतराल पर संपर्क किया जाएगा और नए विकास पर प्रतिक्रिया प्राप्त की जाएगी। प्रौद्योगिकी निपुणता के स्तर के आधार पर, ऐसी प्रक्रियाओं/प्रौद्योगिकियों को इनक्यूबेशन /व्यावसायीकरण के लिए वर्गीकृत किया जाएगा।

उपरोक्त के अलावा, मोटे तौर पर कृषि, बायोसाइंस, उन्नत इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन, स्वास्थ्य, रसायन, सामग्री विज्ञान और जल शुद्धिकरण के क्षेत्रों में प्रौद्योगिकियों/प्रक्रियाओं के नवाचार के लिए अपने स्वयं के विचारों के साथ इनक्यूबेशन में रुचि रखने वाले उद्यमी/स्टार्टअप भी शामिल होंगे। प्रौद्योगिकियों/प्रक्रियाओं के इनक्यूबेशन के लिए आवेदन करने और प्रस्ताव प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाएगा । हालाँकि, ऐसे प्रस्तावों की स्वीकृति मेजबान संगठन में विशेषज्ञता की उपलब्धता और प्रस्ताव को मेजबान संगठन के महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जोड़ने पर निर्भर होगी।

**इनक्यूबेटी का चयन:**

जिन अनुप्रयोगों को कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए), भारत सरकार द्वारा जारी परिभाषाओं और एआईएम-नीति आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार "स्टार्टअप" के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है, उन्हें इनक्यूबेशन के लिए लायक माना जाएगा। इसके बाद, ऐसे आवेदन 3-चरणीय चयन प्रक्रिया से गुजरेंगे , जिसके बाद आवेदक को इनक्यूबेटी के रूप में चुना जाएगा। पहले चरण में, आईपीआर की विशेषज्ञता के क्षेत्र में प्रस्ताव की प्रासंगिकता के आधार पर आवेदनों की स्क्रीनिंग की जाएगी। तकनीकी व्यवहार्यता, संसाधन उपलब्धता, व्यवसाय योजना, आवेदक की पृष्ठभूमि, बाजार क्षमता आदि पर विचार करके लघु सूचीबद्ध आवेदनों की विस्तार से समीक्षा की जाएगी। अंत में, आवेदक के साथ इनक्यूबेशन समझौता निष्पादित किया जाएगा।




*चित्र 2. गतिविधियों का प्रस्तावित प्रवाह*

**इनक्यूबेटी ग्रेजुएशन , एग्जिट और वित्तीय सहायता:**

प्रस्ताव के अनुसार, आईपीआर इनक्यूबेटी को कोई प्रत्यक्ष धन सहायता प्रदान नहीं करेगा। हालाँकि, नीति आयोग के साथ-साथ अन्य फंडिंग एजेंसियों से शुरुआती फंडिंग सहायता प्राप्त करने के लिए उन्हें सहायता प्राप्त करने मे मदद दी जा सकती है। एक बार जब इन्क्यूबेटी नामांकित हो जाता है, तो इन्क्यूबेटी की प्रगति की समीक्षा इन्क्यूबेशन समीक्षा समिति द्वारा की जाएगी और प्रगति के आधार पर, इन्क्यूबेटी को सफल या असफल घोषित किया जाएगा। वर्तमान प्रस्ताव के अनुसार, यदि इन्क्यूबेटी संगठन में जनशक्ति की संख्या 20 से अधिक हो जाती है या इन्क्यूबेटी संगठन 100 लाख रुपये से ज्यादा का निवेश प्राप्त करता हैं या यदि संगठन का टर्नओवर 200 लाख से अधिक हो रहा हैं तो इन्क्यूबेशन को सफल माना जाएगा। ।

**वर्तमान स्थिति:**

वर्तमान में, एआईसी-आईपीआर की स्थापना के लिए गतिविधियाँ विभिन्न मोर्चों पर एक साथ की जा रही हैं। चूंकि, आईपीआर के इनक्यूबेशन सेंटर को पहले ही अटल इनक्यूबेशन सेंटर के रूप में मान्यता देने के लिए शॉर्टलिस्ट किया जा चुका है, इसलिए आईपीआर आगे की मंजूरी के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने की आवश्यकताओं का अनुपालन करने की प्रक्रिया में है।

प्राथमिक आवश्यकताओं में से एक प्रस्तावित एआईसी-आईपीआर को सेक्शन-8 कंपनी के रूप में पंजीकृत करना है। इस संबंध में, आईपीआर ने सेक्शन-8 कंपनी के गठन के लिए पहले ही डीएई से मंजूरी प्राप्त कर ली है और भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय को प्रस्तुत करने के लिए दस्तावेज तैयार किए जा रहे हैं। यह प्रक्रिया दो महीने में पूरी होने की उम्मीद है।

समानांतर में, प्रस्तावित इनक्यूबेशन केंद्र के लिए भवन और बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए एक प्रस्ताव तैयार किया गया है और डीएई को प्रस्तुत किया जा रहा है। उद्योगों के करीब होने के कारण, एफसीआईपीटी-आईपीआर को एआईसी-आईपीआर के निर्माण के लिए एक स्थल के रूप में चुना गया है। प्रस्तावित भवन एक ही समय में लगभग 20 इनक्यूबेटरों की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होगा। इसमें बैठने की जगह, बैठक क्षेत्र और विभिन्न प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशाला स्थान होगा।

एफसीआईपीटी-आईपीआर में प्रस्तावित भवन के निर्माण तक, एआईसी-आईपीआर की बुनियादी ढांचे की जरूरतों को पूरा करने के लिए आईपीआर में एक अस्थायी व्यवस्था स्थापित की जा रही है। इस मोर्चे पर, आवश्यकताओं की पहचान पहले ही कर ली गई है और लेआउट को आईपीआर की इंफ्रास्ट्रक्चर और कैंपस डेवलपमेंट कमेटी द्वारा मंजूरी दे दी गई है। फिलहाल अस्थायी बुनियादी ढांचा खड़ा करने के लिए टेंडर दस्तावेज तैयार किये जा रहे हैं. यह गतिविधि अगले 4 महीनों में पूरी होने वाली है।

इस बीच बुनियादी ढांचे की स्थापना की जा रही है, एआईसी-आईपीआर को आईपीआर से इनक्यूबेशन समर्थन प्राप्त करने के लिए विभिन्न स्टार्टअप कंपनियों से पहले ही 4 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इन 4 स्टार्टअप प्रस्तावों के प्रस्तावित व्यवसायों का क्षेत्र कृषि, रक्षा, चिकित्सा और बायो-टेक है। स्क्रीनिंग का पहला स्तर पहले ही पूरा हो चुका है और आवेदन स्तर-2 समिति द्वारा विस्तृत मूल्यांकन की प्रक्रिया में हैं। प्रगति के आधार पर, एआईसी-आईपीआर को जल्द ही पहला इनक्यूबेटी मिलने की उम्मीद है।

**<u>निष्कर्ष:</u>**

स्टार्टअप्स और इनोवेटर्स को पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने के लिए भारत सरकार के दृष्टिकोण के अनुसार, विभिन्न अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं और शैक्षणिक संस्थानों में अटल इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। ऐसे ही एक इन्क्यूबेशन केंद्र की स्थापना के लिए आईपीआर को भी चुना जा रहा है और अटल इन्क्यूबेशन सेंटर के रूप में मान्यता देने के लिए नीति आयोग द्वारा इसे शॉर्टलिस्ट किया गया है। प्रस्तावित इन्क्यूबेशन सेंटर के माध्यम से, आईपीआर में विकसित प्रौद्योगिकियों को इनोवेटर्स और स्टार्टअप्स के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। यह आईपीआर और स्टार्टअप संगठनों दोनों के लिए फायदेमंद होगा क्योंकि स्टार्टअप के माध्यम से, आईपीआर द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियां कुशल समय के पैमाने पर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेंगी, जबकि नवप्रवर्तकों को विचारों को बड़े व्यवसाय में परिवर्तित करने के लिए आवश्यक ढांचागत और सलाह समर्थन मिलेगा।

**<u>संदर्भ/ References:</u>**


1. *Micro, Small and Medium Enterprises (MSME): The Importance in Indian Economy - ClearIAS*
2. *World Bank SME Finance: Development news, research, data | World Bank*
3. *Role of start-ups in the growth of the Economy in India (indiatimes.com)*
4. *Guidelines for setting at Atal Incubation Centre, released by Atal Innovation Mission, NITI-Atyog*
5. *Ministry of Corporate Affairs, Government of India*
6. *Indian Startup Ecosystem (startupindia.gov.in)*
7. *Policy and guidelines for Incubation centres, Document No.BARC/KMG/IC/date R1/OPA, released by DAE, Government of India*
8. *Concept paper for establishing Atal Incubation Centre at IPR.*

# मेरिनो ऊन के सिकुड़न प्रतिरोध गुणों में सुधार के लिए वायुमंडलीय दबाव वायु प्लाज़्मा तकनीक

*निशा चंदवानी, विशाल जैन*
*प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान*

सिद्धांत रूप में, इटर-भारत और सिरेमिक निर्माता द्वारा इन सिरेमिक ब्लॉकों के विकास में अधिकांश चुनौतियों पर काबू पाने के बाद, इस "मेक इन इंडिया" B4C सिरेमिक को इटर के लिए इसकी योग्यता के लिए विभिन्न परीक्षणों के लिए सफलतापूर्वक विकसित और अध्ययन किया गया है।
भविष्य के संलयन रिएक्टरों के लिए विकिरण परिरक्षण सामग्री के रूप में इस सिरेमिक की पूर्ण योग्यता के लिए शेष परीक्षणों की योजना बनाई गई है।

संदर्भ

*[1] Sunil Pak et al. "Final design of the generic upper port plug structure for ITER diagnostic systems", Vol 102, January 2016, Pages 21-27, Fusion Engineering and Design. https://doi.org/10.1016/j.fusengdes.2015.11.016.*
*[2] J. Guirao et al., "Standardized integration of ITER diagnostics equatorial port plugs," vol. 146, pp. 1548–1552, Sep. 2019, Fusion Engineering and Design. doi: 10.1016/j.fusengdes.2019.02.126*
*[3] C. Subramanian, A.K.Suri and T.S.R.Ch.Murthy, "Development of Boron-based materials for nuclear applications", Technology Development Article, BARC Newsletter, Issue No: 313, page 14-22, 2010.*
*[4] Ph. Dunner, H.-J. Heuvel and M. Horle, "Absorber materials for control rod systems of fast breeder reactors", Journal of Nuclear Materials, 124, page 185-194, 1984.*
*[5] 55.QB Material specification for the supply of Boron Carbide (B4C) (ITER_D_457TBH) (2021)*

*[6] T.K. Roy, C. Subramanian, A.K.Suri, "Pressureless sintering of boron carbide", Journal of Ceramics International, 32, page 227–233, 2006.*
*[7] Properties of Boron Carbide (ITER_D_Q34KAY).*
*[8]Andrey Shoshin, Alexander Burdakov, Maxim Ivantsivskiy, Maria Klimenko, Sergey Polosatkin, Alexey Semenov " Properties of Boron Carbide ceramics made by various methods for use in ITER", " Fusion Engineering and Design, 146 (2019) 2007-2010.*
*https://doi.org/10.1016/j.fusengdes.2019.03.088*
*[9] Preliminary Safety Report (RPrS), 2011. (ITER_D_3ZR2NC)*
*[10] G.W.Hollenberg, B.Mastel and J.A.Basmajian, "Effect of Irradiation Temperature on the growth of Helium Bubbles in Boron Carbide", Journal of American Ceramic Society, 1979*
*[11]T. Maruyama and T. Iseki, "Irradiation response and tritium release behaviour of boron carbide", Journal of Nuclear Materials, 133 & 134, page 727-731, 1985.*
*[12] Tadashi Maruyama, Shoji Onose, Takeji kaito and Hiroto Horiuchi, "Effect of Fast Neutron Irradiation on the Properties of Boron Carbide Pellet", Journal of nuclear science and technology Vol. 34, No. 10, page 1006-1014, October 1997.*
*[13] Zichao Xia, "Effect of neutron radiation on the mechanical properties of B4C", Thesis of Master of Science, University of Central Florida, Orlando, Florida, 2011.*
*[14] ITER Vacuum Handbook, https://www.iter.org/technicalreports, Reference: ITR-19-004 (2019).*
*[15] Andrey Shoshin, Alexander Burdakov, Maxim Ivantsivskiy, Sergey Polosatkin, Maria Klimenko, Alexey Semenov, Sergey Taskaev, Dmitrii Kasatov, Ivan Shchudlo, Alexander Makarov and Nikolay Davydov " Qualification of Boron Carbide ceramics for use in ITER Ports", IEEE Transaction on plasma science, (2019) 0093-3813. DOI: 10.1109/TPS.2019.2937605*

**वर्तमान ऊर्जा संकट में नाभिकीय ऊर्जा की भूमिका और नेट ज़ीरो कार्बन में इसका योगदान**
**(Role of Nuclear Energy in Today's Energy Crisis and its Contribution to Net Zero Carbon)**

*(नरेंद्र खंडेलवाल, एसओ/एफ, परमाणु ऊर्जा नियामक परिषद, मुंबई)*

**प्रस्तावना**

आज दुनिया वैश्विक ऊर्जा संकट से जूझ रही है। इसके दो कारण हैं, एक- कोयला, तेल, गैस, जीवाश्म ईंधन जैसे संसाधनों का सीमित भंडार है और दुनिया भर में खत्म होने की ओर है, दूसरा- बिजली की बढ़ती कीमतें। ईंधन की बढ़ती कीमतों और बढ़ती ऊर्जा सुरक्षा चिंताओं के बीच कई देशों में परमाणु ऊर्जा को अंतिम विकल्प के रूप में देखा जा रहा है, लेकिन इसकी सफलता सरकार एवं उद्योग के दृष्टिकोण पर निर्भर करेगी क्योंकि, परमाणु ऊर्जा में देशों की मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की क्षमता है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की एक विशेष रिपोर्ट के अनुसार जो देश, परमाणु ऊर्जा के अपने उपयोग को जारी रखने या बढ़ाने का विकल्प चुनते हैं, वे आयातित जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम कर सकते है, कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कटौती कर सकते है और सौर और पवन ऊर्जा के उच्च शेयरों को एकीकृत करने के लिए बिजली प्रणालियों को सक्षम कर सकते है।
टिकाऊ और स्वच्छ ऊर्जा प्रणालियों का निर्माण कठिन, जोखिम भरा और अधिक महंगा होगा। 32 देशों में परमाणु संयंत्रों के साथ आज जल विद्युत के बाद कम उत्सर्जन शक्ति का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है। आज की परमाणु उत्पादन क्षमता का लगभग 63% उन संयंत्रों से आता है जो 30 वर्ष से अधिक पुराने हैं, जिनमें 1970 के तेल आघात के बाद निर्मित संयंत्र भी शामिल हैं। लेकिन विकसित और उभरती हुई दोनों प्रकार की अर्थव्यवस्थाओं ने हाल ही में ऊर्जा रणनीतियों की घोषणा की है जिसमें परमाणु ऊर्जा के लिए पर्याप्त भूमिकाएं और साथ ही इसमें निवेश करने के लिए पर्याप्त वित्तीय प्रोत्साहन शामिल हैं।
आज के ऊर्जा संकट, भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति, जलवायु परिवर्तन और कम कार्बन उत्सर्जन के पहलू को देखते हुए, परमाणु ऊर्जा ही एकमात्र विकल्प है। इस परिकल्पना के पक्ष में प्रमुख बिंदु निम्नलिखित हैं:

**2.0 परमाणु ऊर्जा ही क्यों?**

**2.1 ईंधन की प्रचुरता:** यह एक सर्वविदित तथ्य है कि विद्युत उत्पादन के लिए संसाधनों की उपलब्धता परमाणु को छोड़कर सीमित है। दुनिया के पास बहुत अधिक परमाणु ईंधन है सैकड़ों वर्षों तक निर्बाध बिजली प्रदान कर सकता है। "वैश्विक ऊर्जा संकट, जीवाश्म ईंधन की आसमान छूती कीमतों, ऊर्जा सुरक्षा चुनौतियों और महत्वाकांक्षी जलवायु प्रतिबद्धताओं के आज के संदर्भ में, परमाणु ऊर्जा के पास वापसी करने का एक अनूठा अवसर है।



**2.2 विश्व अर्थव्यवस्था में परमाणु ऊर्जा की भूमिका:** व्यापक डेटा से पता चलता है कि परमाणु ऊर्जा 2021 से विश्व अर्थव्यवस्था को वापस उछाल में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, 2020 के महामारी लॉकडाउन के दौरान बिजली उत्पादन में तेज गिरावट के बाद बिजली उत्पादन में तेजी से वृद्धि हुई है और अर्थव्यवस्था में उछाल आया है। सबसे बड़ी वृद्धि एशिया में हुई, परमाणु ऊर्जा उत्पादन में 10% की वृद्धि हुई जो कि एक दशक के उच्चतम स्तर पर है । महामारी के एक वर्ष से अधिक समय के बाद बढ़ती वैश्विक मांग के बीच 2021 में ऊर्जा संकट के रूप में, परमाणु ऊर्जा ने विशेष रूप से सर्दियों में अपनी स्थायी विश्वसनीयता का प्रदर्शन किया। पिछले पांच वर्षों में, परमाणु संयंत्रों ने सर्दियों में बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए वसंत और शरद ऋतु के दौरान कम मांग के बीच ईंधन भरने और रखरखाव की व्यवस्था की है।

**2.3 परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों का प्रदर्शन:** परिचालन परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों ने समग्र विश्वसनीयता और प्रदर्शन के उच्च स्तर का प्रदर्शन जारी रखा है। हाल के वर्षों में परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों का वैश्विक औसत क्षमता कारक 85.6% था। पावर रिएक्टर सूचना प्रणाली (PRIS) के आंकड़े बताते हैं कि 2021 में पूर्ण आउटेज की औसत अवधि पिछले एक दशक में सबसे कम थी। 2021 के अंत में, वैश्विक परमाणु ऊर्जा क्षमता 389.5 गीगावॉट (ई) थी, जो 32 देशों में 437 रिएक्टरों द्वारा प्रदान की गई थी। ग्रिड से जुड़ी नई इकाइयों या मौजूदा रिएक्टरों के उन्नयन से बढ़ी हुई क्षमता में 20.7 गीगावॉट (ई) सहित पिछले एक दशक में परमाणु ऊर्जा क्षमता में क्रमिक वृद्धि देखी गई है।

लोड फैक्टर, जिसे क्षमता कारक के रूप में भी संदर्भित किया जाता है, एक रिएक्टर का वास्तविक ऊर्जा उत्पादन है जिसे ऊर्जा उत्पादन से विभाजित किया जाता है जो पूरे वर्ष के लिए अपने रेटेड पावर आउटपुट (संदर्भ इकाई शक्ति) पर संचालित होता है। लोड फैक्टर या क्षमता कारक अच्छे परिचालन प्रदर्शन को दर्शाता है। 2021 में, हाल के वर्षों के अनुरूप वैश्विक औसत क्षमता कारक 85.6% था। प्रेशराइज्ड वाटर रिएक्टर (पीडब्ल्यूआर) और प्रेशराइज्ड हैवी वाटर मॉडरेट, और कूल्ड रिएक्टर (पीएचडब्ल्यूआर) क्रमशः 82% और 81% की औसत क्षमता वाले कारकों के साथ 2011 के बाद से सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले रिएक्टर रहे हैं।






**2.4 विश्वसनीयता और सुरक्षा:** वैश्विक डेटा दिखाते हैं कि परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों की विश्वसनीयता और सुरक्षा उच्च स्तर पर बनी हुई है। वर्ष 2011 के बाद से प्रति यूनिट प्रति 7000 घंटे (लगभग एक वर्ष) संचालन के अनियोजित स्क्रैम की क्रमिक कमी देखी गई है। अनियोजित स्क्रैम की संख्या में कमी संयंत्र संचालन और रखरखाव प्रबंधन में लगातार सुधार को दर्शाता है। 2021 में पूर्ण आउटेज की औसत अवधि पिछले एक दशक में सबसे कम थी, रखरखाव और निरीक्षण के अनुकूलन के साथ-साथ संचालन प्रबंधन, सुरक्षा संस्कृति और कार्मिक नीतियों में सुधार के कारण। 2020 में 51 दिनों की तुलना में 2021 में पूर्ण नियोजित आउटेज औसतन 24 दिन थे, और ज्यादातर ईंधन भरने के साथ संयुक्त निरीक्षण, रखरखाव या मरम्मत के कारण थे। संयंत्र प्रबंधन नियंत्रण के तहत कारणों से अनियोजित आउटेज की अवधि भी 2021 में कम हो गई, औसतन 4 दिन बनाम 8 दिन 2020 में।



**2.5 चरम घटनाओं में परमाणु ऊर्जा की सुरक्षा:** परमाणु ऊर्जा संयंत्र लंबे समय तक चलने के लिए बनाए गए हैं। लेकिन चरम वैश्विक घटनाएं - जैसे कि प्राकृतिक आपदा और जलवायु परिवर्तन इत्यादी से प्रेरित मौसम संयंत्र और इसके कार्यबल को प्रभावित कर सकता है। अभूतपूर्व COVID-19 महामारी के दौरान सामर्थ्य का एक हालिया परीक्षण सामने आया। जैसे ही COVID-19 वायरस 2020 के पहले भाग में दुनिया के हर कोने में फैल गया, समाज और अर्थव्यवस्था उलटी हो गई। वायरस के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए लॉकडाउन सहित कई प्रतिबंधों को अपनाया गया था। "दुनिया भर में इन बाधाओं के बावजूद, परमाणु ऊर्जा संयंत्रों ने सुरक्षित रूप से काम करना जारी रखा।

अत्यधिक बाढ़ और हवाएं स्थापित डिजाइन के लिए खतरे पैदा करके रिएक्टर सुरक्षा को प्रभावित कर सकती हैं। परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को इन घटनाओं का पूर्वानुमान लगाने और सभी चरम स्थितियों में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर प्रासंगिक जोखिमों का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए डिज़ाइन किया जाता है।

फुकुशिमा दाइची दुर्घटना के बाद, मौजूदा परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में सुरक्षा को और बढ़ाने और चरम प्राकृतिक घटनाओं के खिलाफ नए संयंत्रों के डिजाइनों को परिष्कृत करने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं।

**2.6 सामग्री विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति द्वारा परमाणु ऊर्जा के स्वच्छ ऊर्जा लाभों का विस्तार:**सामग्री विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के जीवन का विस्तार करने में मदद करती है, ताकि देश अपने स्वच्छ ऊर्जा लाभों को प्राप्त करना जारी रख सकें। दीर्घकालिक संचालन के लिए एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र के नवीनीकरण की लागत एक नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निर्माण की तुलना में बहुत कम है। सामग्री विज्ञान में प्रगति परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को मूल रूप से नियोजित की तुलना में लंबे समय तक सुरक्षित, स्थायी और लागत प्रभावी ढंग से संचालित करने में मदद कर रही है। नई अवधारणाओं, प्रौद्योगिकियों और सामग्रियों के द्वारा, तेजी से रिएक्टर बहुत कम कचरे के साथ अधिक कुशल ऊर्जा उत्पादन करते हैं । उन्नत डिजाइन और सुरक्षा सुविधाओं के साथ, बड़े उन्नत परमाणु रिएक्टर, साथ ही छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर और माइक्रोरिएक्टर, देशों को उनकी ऊर्जा और जलवायु आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए परमाणु ऊर्जा के लिए व्यापक विकल्प प्रदान करते हैं।

**2.7 नई तकनीक और सामग्री:** लेजर बीम वेल्डिंग और घर्षण वेल्डिंग जैसी नई तकनीकों का विकास, और डुप्लेक्स स्टेनलेस स्टील जैसी सामग्री, जो बेहतर संक्षारण प्रतिरोध प्रदान करती है, का मतलब है कि कुछ घटक अब सुरक्षित रूप से लंबे समय तक चलने में सक्षम हैं, जिससे यह परमाणु के लिए आर्थिक रूप से अधिक व्यवहार्य हो जाता है। अत्याधुनिक सामग्री विज्ञान का उपयोग भविष्य में कई वर्षों तक भौतिक गुणों की भविष्यवाणी करने के लिए किया जा रहा है।

**2.8 उन्नत रिएक्टर जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने के लिए परमाणु ऊर्जा का मार्ग प्रशस्त करते हैं:** उन्नत रिएक्टर परमाणु ऊर्जा को अधिक सुलभ, टिकाऊ और किफायती, निम्न कार्बन ऊर्जा विकल्प बनाने में मदद करते हैं। उन्नत सुरक्षा सुविधाओं और लागत-प्रभावशीलता के लिए अनुकूलित डिज़ाइन के साथ, इन रिएक्टरों से बेहतर अर्थशास्त्र, सुव्यवस्थित लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं और अधिक सार्वजनिक स्वीकृति के द्वार खोलने की उम्मीद है, इस से अंततः देशों को अपने जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में परमाणु ऊर्जा पर विचार करने में मदद मिलेगी।

**2.9 अधिक ऊर्जा और कम अपशिष्ट के लिए नए ईंधन:** शोधकर्ता परमाणु रिएक्टरों को ईंधन देने के नए तरीकों पर काम कर रहे हैं। इसका उद्देश्य परमाणु कचरे के प्रभाव को कम करना और संचालन और रखरखाव की लागत को कम करना है, साथ ही परमाणु संयंत्र के प्रदर्शन में सुधार करना और परमाणु सुरक्षा को और मजबूत करना है। हैं। इस पर एक दृष्टिकोण खर्च किए गए ईंधन से बहु-पुनर्चक्रण बचे हुए यूरेनियम और प्लूटोनियम के माध्यम से है - परमाणु ईंधन के विकिरण के बाद। यह पुनर्नवीनीकरण ईंधन अगली पीढ़ी के परमाणु रिएक्टरों को शक्ति प्रदान कर सकता है और परमाणु कचरे की मात्रा और रेडियोटॉक्सिसिटी को कम करते हुए संसाधनों का अधिक कुशलता से उपयोग कर सकता है। बहु-पुनर्चक्रण के साथ, रिएक्टर संभावित रूप से नए खनन किए गए प्राकृतिक यूरेनियम संसाधनों के बजाय लगभग केवल पुनर्नवीनीकरण खर्च किए गए ईंधन पर ही काम कर सकते हैं। दुर्घटना रोधी ईंधन (एटीएफ) एक नया, आशाजनक प्रकार का ईंधन है जिसे वर्तमान और भविष्य के रिएक्टर डिजाइनों के लिए विकसित किया जा रहा है।

**2.10 छोटे रिएक्टर, बड़ी क्षमता:** 'परमाणु ऊर्जा' शब्द सुनने से आमतौर पर विशाल बिजली संयंत्रों और कूलिंग टावरों की छवियां बनती हैं, लेकिन छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) और माइक्रोरिएक्टर (एमआर) वास्तविकता बनने लगते हैं, चेहरा और परमाणु ऊर्जा की पहुंच बदल रही है।

एसएमआर और एमआर बड़े परमाणु रिएक्टरों की तरह कम कार्बन ऊर्जा उत्सर्जन करते हैं, लेकिन वे छोटे, अधिक लचीले और अधिक किफायती होते हैं, इसलिए उनका उपयोग छोटे बिजली ग्रिडों पर किया जा सकता है और उन जगहों पर बनाया जा सकता है जहां बड़े रिएक्टर नहीं होंगे। "कई को बिजली उत्पादन के अलावा गैर-विद्युत सेवाएं प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे उनके स्वच्छ ऊर्जा लाभ और लागत-प्रभावशीलता में वृद्धि हुई है।

एसएमआर से उनके डिजाइन के आधार पर 300 मेगावाट (विद्युत) बिजली और 10 मेगावाट (ई) तक एमआर उत्पन्न होने की उम्मीद है। उनकी प्रतिरूपकता के अलावा, कुछ अन्य सामान्य विशेषताएं निष्क्रिय और अंतर्निहित प्रणालियां हैं

जो सुरक्षा को बढ़ाती हैं, तथा उतार-चढ़ाव की मांगों को पूरा करने के लिए कुशलतापूर्वक और लचीले ढंग से ऊर्जा उत्पन्न करने की क्षमता, और सरल डिजाइन जो वर्तमान रिएक्टरों की तुलना में तेज और कम जटिल हैं।




**3.0 परमाणु ऊर्जा के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा और शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन**




**3.1 स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण में निवेश:** परमाणु ऊर्जा ऑपरेशन के दौरान कोई ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन नहीं करती है - जीएचजी उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन को कम करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका कई देशों द्वारा व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त है। ऊर्जा की इसकी लचीली और निरंतर धारा अन्य ऊर्जा स्रोत, जैसे पवन या सौर जैसे चर नवीकरणीय ऊर्जा उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में भी आपूर्ति को पूरक कर सकती है ।




**3.2 भविष्य में कम कार्बन के लिए परमाणु ऊर्जा का उपयोग कर हाइड्रोजन उत्पादन:** ब्रह्मांड में हाइड्रोजन सबसे प्रचुर मात्रा में रासायनिक तत्व है, लेकिन औद्योगिक प्रक्रियाओं की एक श्रृंखला के लिए इसे शुद्ध रूप में उत्पादित करना गहन ऊर्जा के साथ एक महत्वपूर्ण कार्बन गहन प्रक्रिया है। लगभग 95% वर्तमान हाइड्रोजन मांग को कार्बन-गहन उत्पादन प्रक्रियाओं जैसे भाप मीथेन प्रक्रिया का उपयोग करके पूरी की जाती है। 70 मिलियन टन से अधिक हाइड्रोजन के वार्षिक उत्पादन के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए, देश परमाणु ऊर्जा की ओर देख रहे हैं। उदाहरण के लिए, यदि, वर्तमान हाइड्रोजन उत्पादन का सिर्फ 4% परमाणु-जनित बिजली में स्थानांतरित किया जाए, तो इसके परिणामस्वरूप प्रत्येक वर्ष 60 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी। और अगर हाइड्रोजन का उत्पादन केवल परमाणु ऊर्जा का उपयोग करके किया जाए, तो हम सालाना 500 मिलियन टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को खत्म कर सकते हैं । परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों को हाइड्रोजन उत्पादन संयंत्र के साथ युग्मित किया जा सकता है ताकि सह-उत्पादन प्रणाली के रूप में कुशलतापूर्वक ऊर्जा और हाइड्रोजन दोनों का उत्पादन किया जा सके।

परमाणु ऊर्जा दुनिया में पहले से ही उपलब्ध सभी कम कार्बन बिजली उत्पादन का एक तिहाई योगदान देता है। परमाणु ऊर्जा द्वारा बिजली की एक स्थिर, विश्वसनीय आपूर्ति प्राप्त होती है और इसका उपयोग ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और दुनिया की बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करने में किया जा सकता है। परमाणु ऊर्जा संयंत्र अपने संचालन के दौरान लगभग कोई ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन या वायु प्रदूषक पैदा नहीं करते हैं।



## 4.0 निष्कर्ष

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर परमाणु ऊर्जा के पक्ष में और कम कार्बन उत्सर्जन में इसके योगदान के रूप में निम्नलिखित निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं

- दुनिया को भविष्य में ऊर्जा आपूर्ति में काफी वृद्धि की आवश्यकता होगी, विशेष रूप से स्वच्छ-निर्मित बिजली की।
- बिजली की मांग समग्र ऊर्जा उपयोग की तुलना में लगभग दोगुनी तेजी से बढ़ रही है और 2040 तक इसके आधे से अधिक बढ़ने की संभावना है।
- परमाणु ऊर्जा दुनिया की बिजली का लगभग 10% और ओईसीडी देशों में 18% बिजली प्रदान करती है।
- प्रमुख संगठनों से भविष्य की ऊर्जा आपूर्ति पर लगभग सभी रिपोर्टें बड़े पैमाने पर विश्वसनीय बिजली उत्पादन के पर्यावरणीय रूप से सौम्य तरीके के रूप में परमाणु ऊर्जा की बढ़ती भूमिका का सुझाव देती हैं।

--- x ---

# सामाजिक आवश्यकता हेतु गामा किरणक की भूमिका

*मनोज कुमार मिर्धा, अमित श्रीवास्तव*
*ब्रिट,मुंबई*
*(ईमेल: manoj.mirdha@britatom.gov.in)*

**उपक्रम:** हेल्थकेयर उद्योगों के बीच हेल्थकेयर उत्पादों के लिए उपलब्ध निर्जर्मीकरण (स्टरलाइजेशन) विधियों में से एक प्रसिद्ध तकनीक ***गामा निर्जर्मीकरण (स्टरलाइजेशन)*** विधि है। इस तकनीक को पहली बार परमाणु ऊर्जा विभाग (DAE) द्वारा UNDP (United Nation Development Programme) के तहत सत्तर के दशक के मध्य में भारत लाया गया । पहला Co-60 आधारित गामा किरणक (Gamma Irradiator) BARC, ट्रॉम्बे, मुंबई परिसर में बनाया गया , जो ISOMED "इर्रडीएसन स्टरलाइजेशन ऑफ़ मेडिकल प्रोडक्ट्स" नाम से पूरे देश में जाना जाता है । BARC-BRIT के वैज्ञानिकों ने आइसोमेड संयंत्र से प्राप्त अनुभव से ही देश का पहला गामा किरणक संयंत्र, वर्ष 2000 में ब्रिट,वाशी कॉम्प्लेक्स, नवी मुंबई में Radiation Processing Plant for Spices (RPP) नाम से अपनी पहली स्वदेशी व्यावसायिक संयंत्र का स्तापित किया । आज ब्रिट (**B**oard of **R**adiation and **I**sotope **T**echnology)(परमाणु ऊर्जा विभाग के एक स्वतंत्र ईकाई) सफलता पुर्वक अर्जित तकनिक का उपयोग करते हुए देश-विदेशों में नविन गामा किरणक संयंत्र को सामाजिक लाभ हेतु MoU (Memorandum of Understanding) के माध्यम से स्थापित करने में सहयोग करती है । आज देश भर में कुल 26 ऐसे गामा किरणक संयंत्र कार्यरत है जो विभिन्न सामाजिक सेवा प्रदान करने हेतु स्थापित की गई है जिसमें चिकित्सा उत्पादों की निर्जर्मीकरण (sterilization), खाद्य उत्पादों का विकिरण प्रसंस्करण, केबल क्रॉस लिंकिंग , अनुसंधान एवं विकास नमूने का विकिरण प्रसंस्करण आदि प्रमुख है ।

गामा किरणक: यह एक विशेष प्रकार के रेडिएशन उत्पादक संयंत्र/उपकरण है जिसमें सामग्रियों को उच्च विकिरण डोस प्रदान करने के लिए एक उच्च तीव्रता विकिरण स्रोत होता है। गामा किरणक संयंत्र का डिज़ाइन इस तरह से होता है कि, यदि कोई सिस्टम या कॉम्पोनेंट विफल हो जाता है, तो संयंत्र/ कॉम्पोनेंट /सिस्टम किसी भी ऑपरेटर कार्रवाई शुरू करने की आवश्यकता के बिना सुरक्षित स्थिति में चला जाता है, यह फेल-सेफ़ डिज़ाइन नाम से जानी जाती है । गामा किरणक संयंत्र में कर्मचारियों, जनता पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई स्तरों की सुरक्षा का प्रावधान होता है, यह डिफ़ेंस-इन-डेप्थ नाम से जानी जाती है । गामा विकिरण द्वारा विकिरण प्रसंस्करण एक ठंडी और पूरी तरह से सुरक्षित प्रक्रिया है। गामा किरणक को विकिरण प्रक्रिया और स्रोत भंडारण के दौरान स्रोत की स्थिति के अनुसार निम्नानुसार वर्गीकृत किया गया है:-

1. **केटगरी-I** (सेल्फ कंटेंट,ड्राई स्टोरेज)
   उदाहरणार्थ:- गामा चैम्बर (ब्रिट के GC-5000 चित्रure-1 में दिखाया गया है)
2. **केटगरी-II**(पैनारोमिक, ड्राई स्टोरेज)
   उदाहरणार्थ:- ब्रिट के आइसोमेड संयंत्र (चित्रure-2 में दिखाया गया है, ध्यान दें: - व्यावसायिक स्तर पर चिकित्सकीय एवं अन्य हेल्थकेयर उत्पादों के निर्जर्मीकरण (Sterilisation) के लिये गामा विकिरण के उपयोग वाला यह एशिया का पहला संयंत्र है ।)
3. **केटगरी-III** (सेल्फ कंटेंट, वेट स्टोरेज)
4. **केटगरी-IV** (पैनारोमिक, वेट स्टोरेज)
   उदाहरणार्थ:- ब्रिट के विकिरण संसाधन संयंत्र, वाशी (चित्रure-3 में दिखाया गया है)



*(चित्र-1: ब्रिट के GC-5000)*



*(चित्र3: विकिरण संसाधन संयंत्र, वाशी)*




*(चित्र-2 ब्रिट के आइसोमेड संयंत्र)*

**<u>विनियामक अनुमोदन:</u>** भारत सरकार द्वारा प्रचलित ***परमाणु ऊर्जा अधिनियम*,*1962*** के तहत, भारत वर्ष में परमाणु ऊर्जा विनियामक बोर्ड (प. ऊ. वि. बो)**,** परमाणु उर्जा विभाग गामा किरणक की संचालन के लिए विनियामक अनुमोदन प्रदान करता है । हमारे देश में गामा किरणक तथा कोई भी अन्य रेडिएशन उत्पादक उपकरण के संचालन हेतु प. ऊ. वि. बो (AERB) द्वारा जारी किये गये विनियामक अनुमोदन अनिवार्य होता है । रेडिएशन उत्पादक उपकरण के संचालन तथा रेडिएशन संबंधित कार्य हेतु हमारे देश में प्रचलित कुछ नियम/ अधिनियम हैं:

1. परमाणु ऊर्जा अधिनियम,1962
2. विकिरण सुरक्षा नियम, 1971
3. परमाणु ऊर्जा (फूड्स के विकिरण का नियंत्रण) नियम, 1996
4. परमाणु ऊर्जा (रेडियोधर्मी अपशिष्ट का सुरक्षित निपटान) नियम, GSR-125, 1987
5. एईआरबी भूमि आधारित स्थिर गामा विकिरणकों के डिजाइन और स्थापना के लिए रेडियोलॉजिकल सुरक्षा पर मानक विनिर्देश (AERB/RF-RPF/SS-6)
6. विकिरण प्रसंस्करण संयंत्र पर एईआरबी सुरक्षा कोड, (AERB/RF-RPF/SC-1)
7. एईआरबी सीलबंद रेडियोधर्मी स्रोतों के परीक्षण और वर्गीकरण पर मानक विशिष्टताएँ (SS-3)
8. एईआरबी रेडियोधर्मी सामग्रियों के परिवहन पर सुरक्षा कोड, (AERB/NRF-TS/SC-1)
9. एईआरबी विकिरण संयंत्र में रेडियोधर्मी स्रोतों की सुरक्षा पर कोड,(AERB/RF-RS/SG-1)

भारत सरकार द्वारा प्रचलित नियम/ अधिनियम तथा एईआरबी द्वारा दिये गये कोड्स का अनुपालन अनिवार्य होता है । एईआरबी के **e-LORA** ऑनलाइन पोर्टल की मदद से गामा किरणक के संचालन हेतु विनियामक अनुमोदन प्राप्त किये जा सकते हैं । नवीन गामा किरणक स्थापना हेतु विनियामक अनुमोदन प्रोसेस फ्लो चार्ट कुछ निम्न प्रकार हैं (विशेष जानकारी हेतु AERB कि ऑफिशियल वेब-साइटस् कि मदद ली जा सकती है : www.aerb.gov.in):

**<u>रेडियोधर्मिता स्रोतों के सुरक्षा पहलू:</u>** रेडियोधर्मिता स्रोतों कि सुरक्षा जानकारी हेतु AERB के कोड्स संख्या ***<u>AERB/RF-RS/SG-1</u>*** को अनुसरण किया जा सकता है ।

**<u>आभार:</u>** श्री अमित श्रीवास्तव,उप महाप्रबंधक,आइसोमेड,ब्रिट तथा मेरे अन्य सहयोगी श्री चमन लाल, श्री राजेश कुमार यादव,श्री अर्जुन कुन्नोर,श्री प्रमोद मिसरे,श्री के.जे.पटील, श्री कन्हैया लाल कुशवाह, श्री चेतन कुमार माली एवं श्री सालू गणपत लोहकरे जी को में इस पेपर तैयारी में सहयोग के लिये हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ ।

*संदर्भ/References:*

1. *BRIT Website: http://www.britatom.gov.in/*
2. *ISOMED INFORMATION BROCHURE: www.britatom.gov.in/*
3. *AERB Website: www.aerb.gov.in*

# MHD प्रेशर ड्रॉप पर इलेक्ट्रिकल इंसुलेशन का प्रभाव
## (Effect of electrical insulation on the MHD pressure drop)

*अनीता पटेल, राजेंद्र प्रसाद भट्टाचार्य*
*प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान*

### 1. प्रस्तावना

लिक्विड ब्रीडर ब्लैंकेट में लिथियम (Li ) युक्त लिक्विड मेटल्स का उपयोग ब्रीडिंग मटेरियल के रूप में किया जाता है। शुद्ध लिथियम (Li ) और यूटेक्टिक लेड लिथियम मिश्र धातु (Pb-Li) लिक्विड मेटल्स (LMs) के प्राथमिक उम्मीदवार हैं। क्योंकि लिक्विड मेटल्स, पर्याप्त ट्रिटियम ब्रीडिंग रेशियो प्रदान कर सकते हैं। उनमें उच्च तापीय चालकता और कम विस्कोसिटी होती है जो उन्हें लिक्विड ब्रीडर ब्लैंकेट से ऊष्मा निकालने के अनुकूल बनाती है। पानी के साथ रासायनिक प्रतिक्रिया कम होने के कारण लेड लिथियम (Pb-Li) शुद्ध लिथियम (Li ) की तुलना में अधिक आकर्षक है। लेकिन लिक्विड मेटल ब्लैंकेट में प्रवाहित लिक्विड मेटल और स्ट्रांग प्लाज़्मा कॉन्फ़िनिंग मैग्नेटिक फील्ड (plasma confining magnetic field) की पारस्परिक क्रिया की वजह से मैग्नेटो हाइड्रो-डायनामिक (MHD) प्रभाव उत्पन्न होता है। जब लिक्विड मेटल प्लाज़्मा को सीमित करने वाली टोरॉइडल मैग्नेटिक फील्ड (B) की उपस्थिति में प्रवाहित होता है, तब लिक्विड मेटल में विद्युत धारा (J) प्रेरित होती है। ये विद्युत धारा चुंबकीय क्षेत्र के साथ परस्पर क्रिया करती है और एक विद्युत चुम्बकीय बल (J·B) उत्पन्न होता है, जो लिक्विड मेटल की प्रवाह दिशा के विपरीत काम करता है। । परिणामस्वरूप उच्च मैग्नेटो हाइड्रो-डायनामिक (MHD) प्रेशर ड्राप उत्पन्न होता है जो डक्ट क्रॉस-सेक्शन में वेलोसिटी प्रोफ़ाइल को संशोधित करता है।

रेक्टेंगुलर डक्ट, पाइप, बेंड, मैनिफोल्ड आदि लिक्विड ब्रीडर ब्लैंकेट के ज्यामितीय तत्व हैं। इनमें सर्कुलर फ्लो क्रॉस-सेक्शन के साथ इनलेट और आउटलेट डक्ट ब्लैंकेट के महत्वपूर्ण ज्यामितीय तत्व हैं, क्योंकि ये क्रमशः ब्लैंकेट में लिक्विड मेटल के वितरण और ब्लैंकेट से लिक्विड मेटल के संग्रह के लिए जिम्मेदार होते हैं। यद्यपि इनलेट/आउटलेट सर्कुलर डक्ट में लिक्विड मेटल का प्रवाह पाथ, ब्लैंकेट में लिक्विड मेटल के प्रवाह पाथ की पूरी लंबाई की तुलना में छोटा हैं, लेकिन ब्लैंकेट के कुल प्रेशर ड्रॉप में इनलेट/आउटलेट सर्कुलर डक्ट का महत्वपूर्ण योगदान है।

MHD डक्ट की इलेक्ट्रिकली कंडक्टिंग संरचनात्मक दीवारों पर इलेक्ट्रिकल इन्सुलेशन कोटिंग का उपयोग करने से प्रेशर ड्रॉप काफी कम हो जाता है। क्योंकि इलेक्ट्रिकल इंसुलेटर प्रेरित विद्युत धारा को कंडक्टिंग दीवार में प्रवेश करने से रोकता है ।

लेकिन ब्लैंकेट में रेडिएशन प्रभाव के कारण, इलेक्ट्रिकल इंसुलेटर के गुण समय के साथ ख़राब हो सकते हैं और दरारें विकसित हो सकती हैं। कोटिंग में दरारें विकसित होना एक अहम् मुद्दा है क्योंकि विद्युत धाराएं इन दरारों से लीक हो सकती हैं [**1-4**]।

वर्तमान अध्ययन में, एकसमान अनुप्रस्थ चुंबकीय क्षेत्र (B=1.4T) की उपस्थिति में Pb-Li के प्रवाह का संख्यात्मक रूप से अध्ययन किया गया है। विभिन्न दीवार चालकता पर विचार करते हुए MHD प्रवाह के विभिन्न मामले जैसे (1) सर्कुलर डक्ट में MHD प्रवाह कंडक्टिंग दिवार के साथ (2) सर्कुलर डक्ट में MHD प्रवाह परफेक्ट इंसुलेटिंग दीवार के साथ (3) सर्कुलर डक्ट में MHD प्रवाह इम्पर्फेक्ट इंसुलेटिंग दीवार के साथ ।

### 2. ज्यामितीय मॉडल

जैसा कि **चित्र 1** में दिखाया गया है, 100 मिमी की प्रवाह लंबाई और 32 मिमी के आंतरिक व्यास (inner diameter ) के साथ गोलाकार प्रवाह ज्यामिति के साथ संख्यात्मक मॉडल का उपयोग किया गया है। यहां **चित्र 1** में, दाहिनी ओर के चित्र में दरार वाले स्थानों को घेरा गया है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि दी गई प्रवाह स्थितियों के लिए MHD विश्लेषण के दौरान, एक समय में वाहिनी की केवल दो दरारों पर विचार किया गया है, जो विकर्ण के दो विपरीत छोर पर हैं। ये दरारें वाहिनी की पूर्ण प्रवाह लंबाई के साथ ली गयी हैं। प्रत्येक दरार का आयतन 0.5 मिमी ·2 मिमी ·100 मिमी है। MHD प्रवाह में हार्टमन नंबर (Ha) एक महत्वपूर्ण पैरामीटर है। हार्टमन नंबर (Ha) को नीचे परिभाषित किया गया है।

$$\text{Hartmann Number (Ha)} = BL_c\sqrt{\frac{\sigma}{\mu}}$$

$$Ha^2 = \frac{\text{Electromagnetic force}}{\text{Viscous force}}$$

यहां, B, $L_c$, ⌠ और ⌠ और क्रमशः चुंबकीय क्षेत्र, विशेष लंबाई, लिक्विड मेटल की विद्युत चालकता (electrical conductivity) और डायनामिक विस्कोसिटी हैं। फ्यूज़न ब्लैंकेट में विद्युत चुम्बकीय बल ज्यादा प्रभावी होता है और यह लिक्विड मेटल के प्रवाह और दबाव वितरण (pressure distribution) को निर्धारित करता है, क्योंकि फ्यूज़न ब्लैंकेट में हार्टमन नंबर (Ha) बहुत उच्च ($\sim 10^4$) होता है।
सर्कुलर डक्ट (circular duct) के MHD प्रवाह में तीन अलग-अलग क्षेत्र होते हैं जैसा कि **चित्र 2** में दिखाया गया है, प्रवाह का मूल भाग (core of the flow) , हार्टमैन लेयर्स (Hartmann layers ) और रॉबर्ट्स लेयर्स (Roberts layers) I हार्टमैन लेयर्स (Hartmann layers ) दीवार के आसपास की वह फ्लूइड लेयर्स (fluid layers) होती है**,** जहां दीवार का नार्मल वेक्टर **(**normal vector ) चुंबकीय क्षेत्र के लंबवत नहीं होता है**,** और रॉबर्ट्स लेयर्स (Roberts layers) दीवार के आसपास की वह फ्लूइड लेयर्स (fluid layers) हैं**,** जहां दीवार का नार्मल वेक्टर **(**normal vector ) चुंबकीय क्षेत्र के लंबवत होता है I हार्टमैन लेयर्स (Hartmann layers ) (($O(Ha^{-1})$) और रॉबर्ट्स लेयर्स (Roberts layers) ($O(Ha^{-1/3})$) की मोटाई हार्टमन नंबर (Ha) पर निर्भर करती है **[5-7]**।

कंडक्टिंग और इंसुलेटिंग सर्कुलर डक्ट के लिए पूर्ण विकसित प्रवाह (fully developed flow) के आधार पर विश्लेषणात्मक सहसंबंधों (analytical correlations ) का उपयोग करके MHD प्रेशर ड्रॉप का अनुमान लगाया गया है। कंडक्टिंग डक्ट के लिए, Keiji Miyazaki et.al द्वारा उल्लिखित विश्लेषणात्मक सहसंबंध (analytical correlation) [8] का उपयोग किया गया है। इंसुलेटिंग सर्कुलर डक्ट के लिए, T.Q. Hua द्वारा उल्लिखित विश्लेषणात्मक सहसंबंध (analytical correlation) [5] का प्रयोग किया गया है। कंडक्टिंग सर्कुलर डक्टके लिए प्रेशर ग्रेडिएंट का विश्लेषणात्मक सहसंबंध (analytical correlation) नीचे दिया गया है [8] I

$$\frac{\partial P}{\partial x} = \frac{\frac{\sigma_w}{\sigma}\left(\frac{(R_0^2-R_i^2)}{(R_0^2+R_i^2)}\right)}{\left(1+\frac{\sigma_w}{\sigma}\frac{(R_0^2-R_i^2)}{(R_0^2+R_i^2)}\right)}(\sigma U B^2) \qquad (१)$$

इंसुलेटिंग सर्कुलर डक्ट के लिए प्रेशर ग्रेडिएंट का विश्लेषणात्मक सहसंबंध (analytical correlation) नीचे दिया गया है [**6**] I

$$\frac{\partial P}{\partial x} = \left(\frac{3\pi}{8}\frac{1}{Ha}\right)(\sigma U B^2) \qquad (२)$$

यहां, ⌠$_w$, $R_0$, $R_i$ , और U, दीवार की विद्युत चालकता, सर्कुलर डक्ट की बाहरी त्रिज्या (Outer radius), सर्कुलर डक्ट की आंतरिक त्रिज्या (Inner radius) और द्रव का औसत प्रवाह वेग (average flow velocity) हैं। जैसा कि समीकरण (१) और (२) से देखा जा सकता है, प्रवाह वेग, वाहिनी आयाम (duct dimensions), चुंबकीय क्षेत्र, प्रवाह की लंबाई, बहते तरल पदार्थ और वाहिनी की दीवारों की विद्युत चालकता ऐसे कारक हैं जो MHD प्रेशर ड्रॉप का निर्धारण करते हैं। वर्तमान विश्लेषण में, तालिका-२ में दिए गए चार अलग-अलग मामलों का विश्लेषण दीवार की चालकता को अलग-अलग करके और अन्य कारकों को समान रखते हुए किया गया है।

## 3. **परिणाम और चर्चा**

ANSYS FLUENT के 3D MHD सॉल्वर का उपयोग अनुप्रस्थ चुंबकीय क्षेत्र के अधीन एक गोलाकार पाइप में Pb-Li के प्रवाह को अनुकरण करने के लिए किया गया है। संख्यात्मक पद्धति (numerical methodology ) और नियामक समीकरणों ( governing equations) का विवरण [**9 -10**] में दिया गया है। विश्लेषण के लिए मेष स्ट्रक्चर (mesh structure) चित्र **३** में दिखाया गया है। जिन मामलों का विश्लेषण किया गया है ,और विश्लेषण में प्रयुक्त भौतिक गुण, क्रमशः तालिका-१ और तालिका-२ में दिए गए हैं। वर्तमान अध्ययन में हार्टमैन संख्या ~465 पर विचार किया गया है। क्योंकि वर्तमान अध्ययन का मुख्य उद्देश्य MHD प्रेशर ड्रॉप और वेग प्रवाह वितरण पर परफेक्ट इलेक्ट्रिकल इन्सुलेशन और इम्पर्फेक्ट इलेक्ट्रिकल इन्सुलेशन (तालिका-२) के प्रभाव को देखना था। कंडक्टिंग डक्ट (केस-1) में MHD प्रेशर दबाव इंसुलेटिंग केस की तुलना में लगभग 45 गुना अधिक पाया गया है। क्योंकि प्रेरित विद्युत धाराएं कंडक्टिंग केस में दीवारों के माध्यम से बंद लूप बनाती हैं, लेकिन इंसुलेटिंग केस में यह दिवार के पास पतली फ्लूइड परतों ( thin fluid layers) के माध्यम से प्रवाहित होती हैं,

जिन्हें हार्टमैन लेयर्स के रूप में जाना जाता है। प्रेरित धारा का परिमाण और इसलिए MHD प्रेशर ड्रॉप विद्युत सर्किट (electrical circuit) के प्रतिरोध (resistance) के व्युत्क्रमानुपाती (inversely proportional) होता है। परफेक्ट इंसुलेटिंग केस की तुलना में, इम्पर्फेक्ट इन्सुलेशन मामलों के केस-3ए (हार्टमैन परतों के पास दरार) और केस-3बी (रॉबर्ट परतों के पास दरार) में MHD प्रेशर ड्रॉप क्रमशः 20% और 90% से अधिक बढ़ जाता है। क्योंकि फ्लूइड में प्रेरित विद्युत धारा फ्लूइड (fluid) से प्रवाहित होती है और इन्सुलेशन अवरोध (insulation barrier) में दरार के माध्यम से दीवार में प्रवेश करती है। अंत में, विद्युत धारा डक्ट के विपरीत छोर पर इन्सुलेशन में दरार के माध्यम से फ्लूइड में वापस आ जाती हैं। केस-1 और केस-2 के लिए संख्यात्मक (numerically) रूप से प्राप्त और सैद्धांतिक (theoretically ) रूप से अनुमानित MHD प्रेशर ड्रॉप के बीच एक अच्छा मेल देखा गया है। वेग का परिमाण रॉबर्ट परतों से सटे दीवारों के बीच खींचा गया है और परिणाम **चित्र 4** में दिखाए गए हैं। जैसा कि अपेक्षित था, इंसुलेटिंग डक्ट की तुलना में, कंडक्टिंग डक्ट में वेग प्रोफाइल अपेक्षाकृत चपटा पाया गया है। यह फ्लूइड की प्रवाह दिशा के विपरीत कार्यरत अपेक्षाकृत उच्च लोरेंत्ज़ बल (J·B) के कारण हो सकता है ।

| **तालिका- 1 भौतिक विशेषताएं (Material Properties )** | | | |
|---|---|---|---|
| | **Electrical insulation barrier** | **FMS** | **Pb-Li** |
| घनत्व (Density ) (kg/$m^3$) | 2719 | 8000 | 9402 |
| इलेक्ट्रिकल कंडक्टीविटी ⌠ $(ohm\text{-}m)^{-1}$) | $1\cdot10^{-10}$ | $0.77616\cdot10^{6}$ | $1.44\cdot10^{6}$ |
| डायनामिक विस्कोसिटी ⌠ (Pa-sec) | | | 0.0018 |
| वेग प्रोफ़ाइल और चुंबकीय क्षेत्र (Flow velocity and Magnetic field) | B=1.4T , U= 0.133 m/s | | |

| **तालिका- 2 अध्यन हेतु MHD के विभिन्न मामले** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | कंडक्टिंग डक्ट **Conducting duct** | परफेक्ट इंसुलेटिंग डक्ट **Perfect Insulating duct** | डक्ट की कंडक्टिंग दीवार पर इम्पर्फेक्ट इन्सुलेशन **Imperfect insulation on the conducting wall** | |
| Region क्षेत्र | Thickness मोटाई | Case-1 (केस-1) | Case-2 (केस-2) | Case-3a (केस-3ए) **हार्टमैन लेयर्स** के पास इंसुलेशन बैरियर में दरार | Case-3b (केस-3बी) **रोबर्ट लेयर्स** के पास इंसुलेशन बैरियर में दरार |
| I | 0.5mm | Conducting | Insulating | Insulating | Insulating |
| II | 0.5mm | Conducting | Insulating | Conducting | Conducting |

| **तालिका- 3 प्रेशर ड्राप के परिणाम** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | कंडक्टिंग डक्ट **Conducting duct** | परफेक्ट इंसुलेटिंग डक्ट **Perfect Insulating duct** | डक्ट की कंडक्टिंग दीवार पर इम्पर्फेक्ट इन्सुलेशन **Imperfect insulation on the conducting wall** |

| | Thickness मोटाई | Case-1 (केस-1) | Case-2 (केस-2) | Case-3a (केस-3ए) हार्टमैन लेयर्स के पास इंसुलेशन बैरियर में दरार | Case-3b (केस-3बी) रोबर्ट लेयर्स के पास इंसुलेशन बैरियर में दरार |
|---|---|---|---|---|---|
| Region - I | 0.5mm | Conducting | Insulating | Insulating | Insulating |
| Region - II | 0.5mm | Conducting | Insulating | Conducting | Conducting |
| ⊗P(Pa) Simulation संख्यात्मक | | $\otimes P_{cond}$ =2075 | $\otimes P_{insu}$ =46 | 59 | 645~(14*$\otimes P_{insu}$) |
| ⊗P(Pa) विश्लेषणात्मक (Analytical) | | 2050 | 51 | | |

## *संदर्भ (रेफरेन्सेस)*


1. *Mohamed Abdou, Neil B. Morley et al., Blanket/First wall challenges and required R & D on the pathway to DEMO, Fusion Eng. and Design 100 (2015) 2-43.*
2. *Molokov, S , Reed C.B. , Liquid metal MHD flows in circular ducts at intermediate Hartmann numbers and interaction parameters.*
3. *C.P.C. Wong, J-F. Salavy , et.al, Overview of liquid metal TBM concepts and programs, Fusion Eng. and Design 83 (2008) 850-857.*
4. *Sergey Smolentsev, Physical background, computations and practical issues of the magneto hydrodynamic pressure drop in a fusion liquid metal blankets, Journal/Fluids 2021, 6,110.*
5. *T.Q. Hua and J. S. Walker, MHD flow in insulating circular ducts for fusion blankets*
6. *Xiujie Zhang, Chuanji Pan, et.al, Numerical analysis of liquid metal MHD flows through circular pipes based on a fully developed modeling, Fusion Eng. and Design 88 (2013) 226-232.*
7. *S. Vantieghem, X. Albets-Chico et.al, The velocity profile of laminar MHD flows in circular conducting pipes, Theor. Comput. Fluid Dyn. (2009)*
8. *Keiji Miyazaki, Shoji Kotake et.al., MHD pressure drop of NaK flow in stainless steel pipe, Nuclear Technology /Fusion vol 4 (1983).*
9. *FLUENT 6.1, Magnetohydrodynamic (MHD) module manual.*
10. *A. Patel and R. Bhattacharyay, Application of ANSYS FLUENT MHD code for liquid metal magnetohydrodyanamic studies, Nucl. Fusion 59 (2019)*

## (Plasma Disruption prediction using Artificial intelligence)
## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से प्लाज़्मा व्यवधान की चेतावनी

**लेखक: [1,3]रमेश जोशी, [1,2]जॉयदीप घोष, [3]नीलेश कालानी और [1]आर. एल. तन्ना**

*1 प्लाज़्मा अनुसांधान सांस्थान) आईपीआर(, भाट, गांधीनगर, भारत*
*2 होमी भाभा राष्ट्रीय सांस्थान) एचबीएनआई(, मुंबई, भारत*
*3 आर के यूनिवर्सिटी, राजकोट, भारत*
*Email: rjoshi@ipr.res.in*

विघटन ऐसी घटना हैं जिनमें बड़े पैमाने पर प्लाज़्मा अस्थिरता के अनियंत्रित विकास के कारण प्लाज़्मा तापीय ऊर्जा कम हो जाती है। प्लाज़्मा अस्थिरता बहुत कम समय में प्लाज़्मा करंट की अचानक समाप्ति की ओर ले जाते हैं। सैध्यांतिक भौतिकी विधियों की अनुपस्थिति के कारण व्यवधान घटना की चेतावनी के लिए प्रासंगिक प्लाज़्मा मापदंडों का उपयोग करके समय श्रृंखला विश्लेषण को नियोजित करने वाली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डीप लर्निंग पद्धति उपयोगी है। LSTM का उपयोग करके RNN के साथ विभिन्न मॉडल बनाए और सत्यापन किए गए हैं। डीप लर्निंग के प्रशिक्षण के दौरान त्रुटि को मापने के लिए रूट माध्य वर्ग त्रुटि (RMSE) का उपयोग किया जाता है। इसके अलावा प्रशिक्षण समय में गुणवत्ता प्राप्त करने के लिए डेटा अनुक्रम को समय श्रृंखला डेटा के लिए संशोधित किया जाता है। मॉडल का उपयोग कर प्लाज़्मा व्यवधान घटना की चेतावनी करने के लिए पर्याप्त चेतावनी समय प्राप्त करता है। उचित अनुमान आंकड़ों का उपयोग करके वांछित समय सीमा के भीतर मॉडल चेतावनी दे ये आवश्यक है। निष्पादन समय को मान्य करने के लिए विभिन्न पद्धतियों के साथ बेंचमार्क परिणामों का विश्लेषण किया गया है। यह आर्टिकल आदित्य-यू(ADITYA-U) टोकामक के लिए कार्यान्वित गहन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल के लिए बेंचमार्क परिणाम के विश्लेषण की रिपोर्ट करता है।

### परिचय:

आदित्य-यू (ADITYA-U) व्यवधान चेतावनी मॉडल को प्लाज़्मा शॉट अवधि की लंबाई के अनुसार वांछनीय समय पैमाने के भीतर परिणामों की चेतावनी करने के लिए विकसित किया गया है। हमने प्लाज़्मा व्यवधान घटना के लिए महत्वपूर्ण पैरामीटर की पहचान करने के लिए खास पद्धति विकसित की है। प्लाज़्मा करंट के संबंध में, अन्य संकेतों के बीच संबंध स्थापित किया जाता है। आदित्य-यू प्लाज़्मा शॉट्स के अध्ययन के आधार पर हमने लगभग 9 प्लाज़्मा डायग्नोस्टिक्स मापदंडों की पहचान की है जिनका एक-एक करके अध्ययन किया किया गया है। पिछले 30000 शॉट्स डेटा में से, हम परिणामों की सटीक चेतावनी के लिए प्रशिक्षण मॉडल के लिए लगभग 8000 शॉट्स डेटा का उपयोग करते है । वर्गीकरण और प्रतिगमन पद्धति के लिए दो अलग-अलग मॉडल तैयार किए गए हैं। सबसे पहले, हमने वर्गीकरण का उपयोग करके मूल्यांकन किया है, फिर परिणामों और डेटा विश्लेषण के आधार पर विकास के लिए प्रतिगमन पद्धतियों को अपनाया है। परिभाषित मॉडल के अनुसार लोड किए गए डेटासेट को समय श्रृंखला के रूप में परिवर्तित किया जाता है जिसे प्रतिगमन मॉडल के लिए परिष्कृत इनपुट पैरामीटर के रूप में सामान्यीकृत किया जाता है। वांछित आउटपुट प्राप्त करने के लिए विभिन्न मॉडलों का निर्माण सरल आवर्तक तंत्रिका नेटवर्क पद्धतियों का उपयोग करके किया जाता है। यह देखा गया है कि अन्य पद्धतियों की तुलना में LSTM उच्च सटीकता के साथ बेहतर विकल्प है।

### डेटा विवरण और मॉडल विकास

विभिन्न शॉट्स की डेटा लंबाई अलग-अलग होती है इसलिए इनपुट के रूप में मॉडल के लिए समान समय श्रृंखला विश्लेषण प्राप्त करने के लिए इसे एकरूप किया गया है। डेटा को कुछ शॉट्स में नकारात्मक मानों के साथ क्लिप किया गया था जहां कुछ डायग्नोस्टिक्स संकेतों के लिए यह आवश्यक है। डेटा को सामान्यीकृत किया गया है और आवश्यक संकेतों के लिए सिंथेटिक डेटा जोड़ा गया है। बहुत छोटी लंबाई के शॉट्स के लिए डेटा हटा दिया गया था क्योंकि यह देखा गया था कि बहुत कम लंबाई के शॉट्स के कारण अनुमानित मूल्यों की मॉडल सटीकता प्रभावित होती है। LSTM का उपयोग करके प्रतिगमन के साथ डेटा की चेतावनी करने के लिए, प्रवृत्ति को वास्तविक मानने के लिए पैटर्न के लिए डेटा का अनुक्रम बनाना आवश्यक है। इस विकास के लिए हमने एकल इनपुट और कम स्कैनिंग समय के साथ आसानी से आउटपुट प्राप्त करने के लिए प्लाज़्मा करंट को परिभाषित 9 डायग्नोस्टिक सिग्नलों में से एक महत्वपूर्ण सिग्नल माना है। महत्वपूर्ण निदान संकेतों की सूची टेबल १ में दी गई है।

**Table.1 महत्वपूर्ण निदान संकेतों की सूची**

| Sr. No. | Signal Abbreviation | Signal Description |
|---|---|---|
| 1 | Ip | Plasma Current |
| 2 | Vloop | Loop Voltage |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | HXR | Hard x-ray signal |
| 4 | SXR | Soft x-ray signal |
| 5 | CIII | Radiation from ionized carbon |
| 6 | OII | Radiation from ionized oxygen |
| 7 | HALPHA | Hydrogen-alpha radiation(H〈) monitor |
| 8 | BV | Magnetic field |
| 9 | MINROV2 | Mirnov coil signal |

प्लाज़्मा मापदंडों के प्रतिगमन विश्लेषण के मामले में, हमारे पास LSTM पद्धतियों का उपयोग करने वाले विभिन्न मॉडल हैं। LSTM पर मॉडलों को चेतावनी विंडो के 20ms के लिए सटीकता का महत्वपूर्ण स्तर मिला। LSTM का उपयोग करते हुए डीप लर्निंग मॉडल के इस दृष्टिकोण में विशिष्ट विण्डोविंग और अनुक्रमण विधि के साथ प्रतिगमन विधि का नया दृष्टिकोण उपयोग किया जाता है। हमने मॉडल और प्रदर्शन के सटीक अध्ययन के लिए स्टैक्ड (Staked), बाईडायरेक्शनल (Bidirectional), कॉन्वएलएसटीएम2डी (ConvLSTM2D) और ऑटो-एनकोडर एलएसटीएम (Auto-encoder LSTM) को आज़माया है। ऑटो-एनकोडर एलएसटीएम LSTM मॉडल में, हमें वास्तविक मूल्यों के करीब प्लाज़्मा वर्तमान की चेतावनी मिली। हम संक्षेप में बता सकते हैं कि, गैर-आवधिक डेटा के लिए भविष्य के अनुक्रम की भविष्यवाणी के कार्य में, ऑटो-एनकोडर LSTM मॉडल ने अच्छा प्रदर्शन किया। इसे संक्षेप में कहा जा सकता है कि वास्तविक समय की चेतावनी के लिए ऑटो-एनकोडर LSTM बेहतर विकल्प है। मॉडल वास्तुकला टेबल २ में दी गई है।

**Table.2 मॉडल वास्तुकला**

| Layer Name | Number of cells | Output | Activation function | Number of parameters |
|---|---|---|---|---|
| LSTM_1 | 10 | [batch, 64, 10] | ReLU | 480 |
| Repeat Vector | 20 | [batch, 64, 20] | NA | 0 |
| LSTM_2 | 20 | [batch, 64, 20] | ReLU | 840 |
| Dense | 1 | [batch, 64, 1] | ReLU | 1 |
| Time Distributed | 1 | [batch, 64, 1] | ReLU | 11 |

## अनुमान सेटअप और परिणाम

अंत में, यूएसबी आधारित DAQ मॉड्यूल को इंटरफ़ेस किया गया है। जैसा कि चित्र 1 में दिखाया गया है, इंटरफ़ेस DAQ बोर्ड के साथ उपलब्ध USB ड्राइवर का उपयोग करके होस्ट सिस्टम पर विकसित किया गया है। ट्रिगर आधारित मॉडल आउटपुट IOs तक पहुंचने के लिए ड्राइवर प्रोग्राम सहित keras2c प्रोग्राम पर सेट किया गया है। यह वास्तविक समय में एनालॉग इनपुट को पढ़ने में सक्षम है और चेतावनी करने के लिए समय श्रृंखला पर आउटपुट देता है। निम्नलिखित चित्र.1 DAQ मॉड्यूल इंटरफ़ेस के साथ वास्तविक समय प्रोटोटाइप का ब्लॉक आरेख हैं। चित्र.2 चेतावनी एल्गोरिथ्म की वास्तुकला का ब्लॉक आरेख हैं।




*चित्र.1 DAQ मॉड्यूल इंटरफ़ेस के साथ वास्तविक समय प्रोटोटाइप का ब्लॉक आरेख*

सिम्युलेटेड मोड में न्यूरल नेटवर्क मॉडल 5kA जितनी कम प्लाज़्मा करंट वैल्यू का उपयोग करके स्लोप विंडो पा सकता है। जब चेतावनी विंडो को ऐसा मूल्य मिलता है तो मॉडल प्रत्याशित समय के साथ चेतावनी दिखाता है। चित्र 3 में आदित्य-यू शॉट #35621 का आउटपुट दिखाया गया है जिसके लिए हमें 166वें एमएस बिंदु पर अधिकतम मूल्य का अगला 90% प्राप्त हुआ और 20 एमएस विंडो चेतावनी में, हमें 266वें एमएस पर 5 विंडो अनुक्रम के बाद मिला जिसमें 5kA तक पहुंचा जा सकता है। अगला 20वाँ क्रम जो मान शून्य की चेतावनी है। ऐसे बिंदु पर वास्तविक मान 67 kA है और अनुमानित मान 54kA है। हमें 1.89 के आसपास आरएमएसई मिला जो अनुमानित निकटवर्ती मूल्यों के लिए लगभग 90% विश्वास अंतराल दिखाता है। विभिन्न शॉट्स के अवलोकन के आधार पर हम सिम्युलेटेड मोड में 15-20ms रेंज के समय अंतराल की चेतावनी करने में सक्षम हो सकते हैं। जब तक यह वांछित सीमा तक नहीं पहुंच जाता, तब तक पुनरावर्ती लूप व्यवधान से दूर दिखता है।

DAQ बोर्ड का उपयोग करके एक डीप लर्निंग एल्गोरिदम के विकास के बाद, मॉडल का अनुमान समय सटीक रूप से निर्धारित किया जाता है। हमें इसकी सटीकता का आकलन करने के लिए विभिन्न इनपुट के साथ अपने उपकरणों पर मॉडल चलाकर परीक्षणों की एक श्रृंखला आयोजित की है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि मॉडल का पूरी तरह से मूल्यांकन किया गया था, वास्तविक समय का वातावरण बनाना आवश्यक था। इनपुट ऐरे और आउटपुट ऐरे के आधार पर परिणामों को सभी संभावित परिदृश्यों के साथ मान्य किया जाना चाहिए। इस रणनीति डीप लर्निंग परीक्षण प्रक्रिया को सक्षम किया क्योंकि यह बारीकी से दर्शाता है कि मॉडल वास्तविक दुनिया के वातावरण में कैसे कार्य करेगा। आरएमएसई स्कोर का उपयोग मॉडल की सटीकता का आकलन करने और अपेक्षित और वास्तविक के बीच किसी भी अंतर की जांच करने के लिए किया जाएगा। चित्र.3 विकसित अनुमान एल्गोरिदम का उपयोग करके 15ms के प्रत्याशा समय के साथ ADITYA-U शॉट नंबर #35621 के लिए वास्तविक समय अलार्म ट्रिगर दिखाता है। चेतावनी के लिए लगभग 500us है जो कि 1kHz पर इनपुट पढ़ने और 1ms अंतराल समय के भीतर प्रत्येक चक्र की समान सीमा के भीतर फीडबैक पढ़ने के लिए वांछित प्रदर्शन के अनुरूप है।




*चित्र.2 चेतावनी एल्गोरिथ्म की वास्तुकला*

व्यवधान पूर्वानुमान की वास्तविक समय चेतावनी के लिए, 1kHz दर पर इनपुट के रूप में पढ़ने के लिए एनालॉग इनपुट की आवश्यकता होती है और चरण पूर्वानुमान के रूप में आउटपुट के लिए प्रत्येक 1ms पर परिणाम प्राप्त होना चाहिए। 1kHz दर पर एकल इनपुट प्राप्त करने से पहले 1ms समय सीमा के भीतर आउटपुट देना आवश्यक है। चूँकि ADC इंटरफ़ेस को कुछ माइक्रोसेकंड (~700us) के भीतर काम करने की आवश्यकता होती है, लेकिन वास्तविक समय में इनपुट को पढ़ने के लिए इसमें लगभग कुछ माइक्रोसेकंड (~300us) लगते हैं।




*चित्र.3. वास्तविक समय में अलार्म व्यवधान से पहले 15ms प्रत्याशित समय पर ट्रिगर हुआ*

**निष्कर्ष**

केरस आधारित पायथन डीप लर्निंग मॉडल का अनुमान keras2c पद्धतिका उपयोग करके ऑब्जेक्ट कोड रूपांतरण का उपयोग करके बनाया गया है। अनुमान समय के मामले में वांछित आवश्यकता पूरी हो जाती है और DAQ पर IO तक पहुंचना हर 1ms समय में आउटपुट चक्र चलाने के लिए उपयोगी है। keras2c का उपयोग करके मशीन लर्निंग आधारित व्यवधान चेतावनी के अनुमान को समझाया गया है और अध्ययनों के साथ इसका अनुमान विस्तृत किया गया है। व्यवधान की पूर्ववर्ती घटना को खोजने के लिए विघटनकारी और गैर-विघटनकारी वर्गीकरण और प्रतिगमन को अलग करने के बारे में गहरे झुकाव वाले तंत्रिका नेटवर्क की क्षमता पर प्रकाश डाला गया है। लगभग 400ms डेटा लंबाई पर विचार किया जाता है और वास्तविक समय इनपुट डेटा के आधार पर डिटेक्शन रेज लगभग 7ms से 25ms रेंज के बीच होता है। भविष्य के कार्य के रूप में ADITYA-U ऑपरेशन के समय वास्तविक समय डेटा पर अद्वितीय कार्यान्वयन किया जा सकता है।

# फ्यूजन ब्लैंकेट के लिए फ्रीज ग्रैन्युलेशन और फ्रीज ड्राइंग विधि से लिथियम टाइटेनेट पेबल का निर्माण

*आरोह श्रीवास्तव, परितोष चौधरी*
*प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान, गांधीनगर, गुजरात*

लिथियम टाइटेनेट सिरामिक फ्यूजन रिएक्टर के लिए एक उम्मीदवार ट्रिटियम ब्रीडिंग सामग्री है। भविष्य मे फ्यूजन ब्लैंकेट के कैनिस्टर में लिथियम टाइटेनेट को गोलाकार पेबल के रूप में रखा जाएगा। पेबल निर्माण से पहले, लिथियम टाइटेनेट पाउडर को सॉलिड-स्टेट अभिक्रिया विधि के माध्यम से तैयार किया गया था। पाउडर को महीन बनाने के लिए उच्च ऊर्जा वाले प्लेनेटरी बॉल मिल के अंदर मिश्रित किया गया था, और इसके बाद ५ घंटे तक १००० डिग्री सेल्सियस पर कैल्सीनेशन किया गया। एक प्रयोगात्मक सेटअप को लिथियम टाइटेनेट पाउडर को गोलाकार बनाने और सुखाने के लिये इन-हाउस विकसित किया । यह सेटअप फ्रीज ग्रैन्युलेशन और फ्रीज-ड्राइंग की विधि पर आधारित है । इसमें, लिथियम टाइटेनेट पाउडर को पानी के साथ मिश्रित करके ०.६ मिमी मिली मीटर के नोजल द्वारा तरल नाइट्रोजन में ड्रॉप करके तैयार किया गया है । पेबल सुखाने की प्रक्रिया वैक्यूम के अंतर्गत -६० डिग्री सेल्सियस पर सब्लिमेशन प्रक्रिया द्वारा की गई, इसके बाद हरे पेबल को ११५० डिग्री सेल्सियस पर सिंटर किया गया है। पाउडर और पेबल के विभिन्न विश्लेषणों द्वारा उसके फेस-प्युरिटी , सतह के आकार, पोरोसिटी, पोर-साइज वितरण आदि की पुष्टि की गई। उन विश्लेषणों के नतीजे सिंगल स्टेप रासायनिक प्रक्रिया की चरणबद्ध शुद्धता, पेबल की आवश्यक आकार और उनके भौतिक और थर्मल गुणों की पुष्टि करते हैं। इस लेख में उन विश्लेषणों का विवरण और सिंटरिंग तापमान की उपस्थिति के साथ पेबलों की पोर-साइज वितरण और बल्क घनत्व की आवश्यकता पर चर्चा की गई है।

मूल शब्द: लिथियम टाइटेनेट, फ्रीज ग्रैन्युलेशन, फ्रीज ड्राइंग, पेबल

## भूमिका:

स्थापित सुविधा के साथ ईएचसीएल प्रणाली का 3-D मॉडल आकृति 1 में दिखाया गया है। ईएचसीएल प्रणाली को दो उप प्रणालियों के एकीकरण के रूप में देखा जा सकता है: मुख्य लूप (main loop) और दबाव और इन्वेंट्री नियंत्रण प्रणाली (PICS)। मुख्य लूप में परीक्षण वर्गों में दबाव, तापमान और प्रवाह बनाए रखने के लिए सभी प्रमुख घटक और उपकरण होते हैं। प्रयोगों के दौरान मुख्य लूप लगातार चालू रहता है। दूसरी ओर, दबाव नियंत्रण प्रणाली छिटपुट रूप से संचालित होती है. PICS हीलियम भंडारण के लिए भंडारण के रूप में काम करता है, और मुख्य लूप से हीलियम गैस की आपूर्ति और निकासी द्वारा मुख्य लूप में हीलियम इन्वेंट्री के आवश्यक स्तर का प्रबंधन करता है।

**ईएचसीएल नियंत्रण प्रणाली तथा प्रक्रिया और इंस्ट्रूमेंटेशन**

ईएचसीएल का एक सरलीकृत प्रक्रिया और इंस्ट्रूमेंटेशन आरेख चित्र में दिखाया गया है। मुख्य घटकों जैसे कि टीएसएम, रिक्यूपेरेटर, इलेक्ट्रिकल हीटर, कूलर, सर्कुलेटर, फ्लो मीटर, और संबंधित पाइपिंग और वाल्व को आकृति 2 में देखा जा सकता है। टेस्ट सेक्शन मॉड्यूल (टीएसएम) पूर्ण सिस्टम में गर्मी इनपुट का प्राथमिक स्रोत है जहां इलेक्ट्रॉन गन द्वारा परीक्षण टुकड़े की सतह पर गर्मी प्रवाह की बौछार की जाती है। और इस प्रक्रिया में हीलियम का तापमान, प्रवाह दर और गर्मी प्रवाह के विभिन्न संयोजन के अनुसार, 300 ° C से 350 - 400 ° C तक बढ़ जाता है।




*आकृति 2: ईएचसीएल स्थापना, एकीकरण और परीक्षण गतिविधियाँ*

मॉक-अप से गर्मी लेने के बाद, गर्म हीलियम रिक्युपरेटर से गुजरता है जहां यह गर्मी को ठंडे हीलियम (सर्कुलेटर डिस्चार्ज से आने वाला) में स्थानांतरित करता है। रिक्यूपरेटर के बाद हीलियम-पानी हीट एक्सचेंजर (कूलर) से गुजरता है, जहां हीलियम को पानी के साथ गर्मी का आदान-प्रदान करके ≤ 60 ° C के तापमान तक ठंडा किया जाता है। यह ठंडा हीलियम, परिसंचारकों (Circulators) से गुजरता है जिनका उपयोग लूप दबाव गिरावट को दूर करने के लिए किया जाता है। परिसंचारक उच्च दबाव पर काम करता है और ~ 0.5 MPa का दबाव सिर विकसित करता है। इस लूप में, समानांतर में 0.2 किलोग्राम / सेकंड प्रवाह दर क्षमता के दो परिसंचारक स्थापित किए गए हैं। चूंकि लूप में क्रॉसओवर बिंदु (जंक्शन बिंदु) पर रिक्यूपरेटर स्थापित किया गया है, इसलिए रिक्यूपरेटर से गुजरते समय ठंडा हीलियम (सर्कुलेटर आउटलेट) गर्म हो जाता है। मॉक-अप इनलेट पर प्रयोगात्मक आवश्यकताओं के अनुसार, हीलियम तापमान विद्युत हीटर और अन्य बाई-पास लाइनों

द्वारा नियंत्रित किया जाता है। इस तरह, हीलियम बंद लूप में बहता है और उच्च दबाव और उच्च तापमान की स्थिति में इस सुविधा में प्रयोग किए जाते हैं।

ईएचसीएल नियंत्रण प्रणाली में एक मास्टर पीएलसी आधारित नियंत्रण प्रणाली (Siemens S7-300) है जो एक केंद्रीकृत स्तर पर उचित नियंत्रण कार्य के लिए महत्वपूर्ण व्यक्तिगत उपकरण (परिचालक, विद्युत हीटर और कंप्रेसर) के नियंत्रकों के साथ संवाद करता है। नियंत्रण तर्क विकास WinCC SCADA के साथ STEP7 प्रोग्रामिंग सॉफ्टवेयर में किया गया है।

## ईएचसीएल स्थापना, एकीकरण और परीक्षण गतिविधियाँ

प्रायोगिक हीलियम कूलिंग (ईएचसीएल) प्रणाली, के एकीकरण और कमीशन से पहले, ईएचसीएल प्रणाली के सभी घटकों को संरचनात्मक अखंडता और हीलियम रिसाव के साथ-साथ डिजाइन दस्तावेजों, मेट्रोलॉजिकल निरीक्षण, सामग्री प्रमाणपत्र और अंशांकन परीक्षणों के सत्यापन के लिए परीक्षण किया गया है। भार-असर संरचनाओं की फिटनेस को प्रदर्शित करने के लिए, एएसएमई (ASME) दिशानिर्देशों के अनुसार अलग-अलग घटकों के लिए 'प्रूफ परीक्षण' / दबाव परीक्षण (वायवीय) किए गए हैं ।

चित्र-3 स्थापना और एकीकरण गतिविधियों के विभिन्न चरणों को दर्शाता है, जैसे कि अलग-अलग घटकों को उनके उपयुक्त स्थानों पर रखना, हीलियम रिसाव परीक्षण, इन्सुलेशन सामग्री प्रदर्शन परीक्षण, पाइप स्पूल तैयार करना, वेल्ड जोड़ों की तरल पेनेट्रेंट परीक्षा, और घटकों का एकीकरण, पावर केबल रूटिंग आदि। एकीकरण गतिविधियों के विभिन्न चरणों के दौरान, सिस्टम अखंडता और प्रदर्शन को प्रदर्शित करने के साथ-साथ गुणवत्ता नियंत्रण आवश्यकताओं का पालन करने के लिए कई परीक्षण किए गए हैं। वेल्ड कार्यों के दौरान, जोड़ों के रूट पास की जांच तरल पेनेट्रेंट परीक्षण के बाद रेडियोग्राफी परीक्षण की गई है । मुख्य लूप (Main loop) और PICS को डिजाइन दबाव / अधिकतम स्वीकार्य कार्य दबाव के 1.1 गुना पर दबाव परीक्षण (वायवीय) किया गया है।

प्रायोगिक हीलियम कूलिंग (ईएचसीएल) प्रणाली के सभी घटकों को आईपीआर में स्थापित और एकीकृत किया गया है और अधिकांश स्वीकृति परीक्षण गतिविधियों को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। एकीकृत ईएचसीएल प्रणाली को अपनी सामान्य परिचालन स्थितियों (तापमान - 300 °C, दबाव - 8.0 MPa) के अनुसार व्यक्तिगत परिसंचारकों (~ 200 ग्राम / सेकंड) के साथ सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। यहां तक कि सुविधा को ~ 400 º C (अधिकतम परिचालन स्थिति ) पर सफलतापूर्वक संचालित किया गया है।  वर्तमान में, लंबी अवधि के परीक्षण (धीरज परीक्षण) की गतिविधियां जारी हैं।

## निष्कर्ष

- यह पेपर प्रायोगिक हीलियम कूलिंग सुविधा के प्रमुख विवरणों को संक्षेप में प्रस्तुत करता है जिसे इंस्टीट्यूट फॉर प्लाज़्मा रिसर्च, भारत में शुरू किया गया है।
- ईएचसीएल ) प्रणाली के सभी घटकों के एकीकरण और कमीशनिंग  के साथ-साथ एकीकृत सुविधा के संचालन से महत्वपूर्ण जानकारी और सीख मिलती है जो भारतीय परीक्षण कंबल प्रणाली के एचसीएस के विकास के लिए और बड़े पैमाने पर भारतीय संलयन कार्यक्रम के विकास के लिए आवश्यक हैं।
- ईएचसीएल प्रणाली का निर्माण और इसके दीर्घकालिक संचालन और प्रयोग भारतीय परीक्षण कंबल मॉड्यूल और हीलियम शीतलन प्रणाली के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

*संदर्भ*


*[1] परितोष चौधरी, ई . राजेंद्र कुमार, आदि, आईटीईआर के लिए भारतीय एलएलसीबी परीक्षण कंबल प्रणालियों की स्थिति और प्रगति, [फ्यूजन इंजीनियरिंग और डिजाइन [87 (2012) 1009-1013*

*[2] बीके यादव, केटी संदीप, एट अल, भारतीय एलएलसीबी कंबल, [फ्यूजन इंजीनियरिंग और डिजाइन [हीलियम शीतलन प्रणाली के लिए डिजाइन अपडेट, वॉल्यूम 167 (2021) 112342 l*

*[3] बीके यादव, ए गांधी, और अन्य, भारतीय टीबीएम आर एंड डी प्रयोगों के लिए प्रयोगात्मक हीलियम कूलिंग लूप का वैचारिक डिजाइन, [विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी की विश्व अकादमी। [, 8 (2) (2014) l*

## विषय : " भारत की ऊर्जा नीति और शुद्ध शून्य भविष्य: नाभिकीय ऊर्जा की भूमिका ”
## (India’s Energy Policy and NET ZERO FUTURE : Role of Nuclear Energy)

*कुलदीप कुमार यादव*
*उप प्रबंधक- तकनीकी*
*इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड*
*ई-मेल : kuldeepyadav@ecil.co.in*

आजादी के 75 साल पूरे होने के मौके पर भारत आजादी का अमृत महोत्सव और अमृत काल मना रहा है, जिसमें एसडीजी लक्ष्यों को प्राप्त करना, ऊर्जा सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करना शामिल है। ग्लोबल वार्मिंग, लगातार बाढ़ एवं आग की समस्या, कोविड-19 महामारी और कई अन्य समस्याओं से पीड़ित हमारी पृथ्वी अस्तित्वगत संकट से गुज़र रही है और मानवता के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिये वैज्ञानिक और अभिनव उपायों की तत्काल आवश्यकता रखती है।

दुनिया के तीसरे सबसे बड़े ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जक देश के रूप में, भारत की अक्सर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा आलोचना की जाती है। हालाँकि, यह विकसित दुनिया की तुलना में अपने न्यूनतम प्रति व्यक्ति उत्सर्जन और कम ऐतिहासिक उत्सर्जन को बताकर खुद को सही ठहराता है। लेकिन फिर भी भारत जलवायु परिवर्तन के मामले में काफी संवेदनशील है, जैसा कि हम जानते हैं कि वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक 2021 में भारत 7वें स्थान पर है, जो दर्शाता है कि भारत जलवायु परिवर्तन के प्रति काफी संवेदनशील है। जर्मन वॉच द्वारा प्रकाशित जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (सीसीपीआई, 2023) में भारत 8वें स्थान पर है।

**चुनौतियाँ और जोखिम -**
IEA के इंडिया एनर्जी आउटलुक 2021 के अनुसार भारत के सामने निम्नलिखित चुनौतियाँ हैं-
- भारत 2030 तक तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता बन जाएगा
- भारत का तेल आयात बिल 2030 तक दोगुना हो सकता है।
- प्राकृतिक गैस की मांग 2040 तक तिगुनी और आगे बढ़ जाएगी।
- भारत के ऊर्जा क्षेत्र में कोयले का प्रभुत्व है और इसकी मांग 2040 तक 590 मीट्रिक टन से बढ़कर 772 मीट्रिक टन हो जाएगी।

**भारत के लिए जलवायु परिवर्तन से निपटना क्यों आवश्यक है?**
2020 में विश्व मौसम विज्ञान संगठन के एक अध्ययन के अनुसार, भारत को जलवायु-प्रेरित चरम मौसम की घटनाओं जैसे गर्मी की लहरों, उष्णकटिबंधीय चक्रवातों, बाढ़ से औसतन 87 बिलियन अमेरिकी डॉलर (6 लाख करोड़ रुपये से अधिक) का औसत वार्षिक नुकसान होने का अनुमान है। , और अधिक। जलवायु परिवर्तन के कारण भारत में लू चलने की संभावना 30 गुना अधिक हो गई है।

एचएसबीसी की रैंकिंग के अनुसार, जलवायु परिवर्तन के प्रति सबसे संवेदनशील देश के रूप में, होने वाला नुकसान न केवल भारत की जीडीपी को काफी नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि लाखों लोगों के जीवन को भी तबाह कर रहा है और भोजन और पानी की असुरक्षा, स्वास्थ्य जोखिम और पर्यावरणीय गिरावट को बढ़ा रहा है।

**हालाँकि कई विशेषज्ञों द्वारा नेट-शून्य प्रतिबद्धता को जलवायु परिवर्तन को कम करने के प्रयासों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में सराहा गया और अन्य लक्ष्यों को दोहराया गया और भारत के दीर्घकालिक लक्ष्यों को आगे बढ़ाया गया।**

**शुद्ध शून्य भविष्य ( Net Zero Future ) में भारत का संकल्प –**

इस संदर्भ में भारत ने UNFCCC के COP-26 में अपनी वर्द्धित जलवायु प्रतिबद्धताओं— 'पंचामृत' की घोषणा की, जिसमें वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन या शुद्ध शून्य भविष्य तक पहुँचने की प्रतिबद्धता शामिल है। इस घोषणा के बाद वर्ष 2070 के अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये भारत को विशेष रूप से एक सुगम नवीकरणीय ऊर्जा संक्रमण पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता होगी भारत द्वारा की गई महत्वपूर्ण पहलों को नीचे सूचीबद्ध किया जा सकता है

### भारत की जलवायु में राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (India's Nationally Determined Contributions)

2015 में, भारत ने अपना राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) जारी किया। उस समय, मुख्य लक्ष्य मुख्य रूप से गैर-जीवाश्म स्रोतों से संचयी विद्युत स्थापित क्षमता को 40 प्रतिशत तक बढ़ाना और 2030 तक सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को 2005 के स्तर की तुलना में 33 से 35 प्रतिशत तक कम करना था।

ये लक्ष्य बहुत अच्छे से हासिल किये गये। उदाहरण के लिए, भारत का कार्बन उत्सर्जन 2005 के स्तर की तुलना में 2016 तक 24 प्रतिशत कम हो चुका था। इस प्रकार, भारत ने 2022 में नए लक्ष्यों के साथ अपने एनडीसी को संशोधित किया

***भारत के अद्यतन एनडीसी की मुख्य विशेषताओं में शामिल हैं:***

- 2030 तक भारत की जीडीपी की उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य;
- 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित ऊर्जा संसाधनों से लगभग 50 प्रतिशत संचयी विद्युत स्थापित क्षमता हासिल करना; और
- जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए प्रधान मंत्री मोदी की वैश्विक पहल- 'लाइफस्टाइल फॉर द एनवायरनमेंट (LiFE) मूवमेंट।

***<u>भारत द्वारा COP-26 में 'पंचामृत' पहल</u>***


पहला: भारत 2030 तक नॉन फॉसिल एनर्जी को 500 गीगा वाइट तक पहुंचाएगा।

दूसरा : भारत 2030 तक अपनी 50% ऊर्जा जरूरतों को रिन्यूबल एनर्जी से पूरा करेगा।

तीसरा : भारत 2030 तक कुल प्रोजेक्टेडज कार्बन एमिशन का 1 बिलियन टन कम करेगा।

चौथा : भारत 2030 तक अपनी अर्थव्यवस्था की कार्बन इन्टेनसिटी को 45% तक कम करेगा।

पांचवा : 2070 तक नेट जीरो एमिशन का लक्ष्य हासिल करेगा। ये सच्चाई सभी जानते हैं कि क्लाइमेट चेंज फाइनेंसिंग को लेकर वादे खोखले साबित हुए हैं।

लक्ष्य पहले की तुलना में काफी ऊंचे उठाए गए हैं और "पंचामृत" को समायोजित किया गया है - सीओपी26 में पीएम मोदी द्वारा प्रस्तुत लक्ष्य - जो 2030 तक देश की गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित ऊर्जा क्षमता को 500 गीगावॉट तक बढ़ाना है; अब से वर्ष 2030 के बीच कुल अनुमानित कार्बन उत्सर्जन में एक अरब टन की कमी लाना; और वर्ष 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन हासिल करना है। यह एनडीसी शुद्ध शून्य के लक्ष्य को साकार करने की यात्रा में अपनी तरह का पहला कदम है, और ऊर्जा क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी में सुधार पर गहराई से ध्यान केंद्रित करता है।

एक कदम आगे बढ़ते हुए, COP27 में, भारत ने UNFCCC को अपनी दीर्घकालिक कम उत्सर्जन विकास रणनीति (LT LEDS) प्रस्तुत की, जिसमें हरित हाइड्रोजन उत्पादन के तेजी से विस्तार, 2032 तक परमाणु क्षमता में तीन गुना वृद्धि, 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण की योजना शामिल थी। 2025 तक पेट्रोल में, और भी अधिक। इसके साथ, भारत उन 60 से कम पार्टियों की चुनिंदा सूची में शामिल हो गया है, जिन्होंने अपने एलटी एलईडी जमा किए हैं और यह अपने जलवायु वादों को पूरा करने के लिए भारत की तत्परता को दर्शाता है। हालाँकि ये सभी कदम भारत के साहसिक जलवायु नेतृत्व को दर्शाते हैं, लेकिन कुछ क्षेत्र अनसुने रह गए हैं।

**<u>भारत के लिए शुद्ध शून्य भविष्य  प्राप्त करने की यात्रा में परमाणु ऊर्जा की भूमिका –</u>**

साथ ही 'नेट-जीरो फ्यूचर' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए गैर-जीवाश्म आधारित और स्वच्छ ऊर्जा के स्रोत, परमाणु ऊर्जा क्षेत्र बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। चूंकि परमाणु ऊर्जा एक कम कार्बन ऊर्जा स्रोत है और भारत को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने में मदद कर सकती है। परमाणु ऊर्जा बेसलोड ऊर्जा का एक विश्वसनीय स्रोत प्रदान करती है, जो बढ़ती अर्थव्यवस्था की ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए आवश्यक है।

वर्तमान में दुनिया के 30 देशों में लगभग 440 परमाणु रिएक्टर हैं, जो कुल बिजली उत्पादन का लगभग 10 प्रतिशत उत्पन्न करते हैं। यहां यह ध्यान देने योग्य है कि परमाणु ऊर्जा में भारत के लिए भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा की महत्वपूर्ण क्षमता है, लेकिन अभी देश में स्थापित परमाणु ऊर्जा क्षमता 6780 मेगावाट है जिसमें 22 चालू परमाणु ऊर्जा रिएक्टर शामिल हैं जो कुल क्षमता का मात्र 3 प्रतिशत है। यद्यपि भारत  सरकार ने 2031 तक 6780 मेगावाट की वर्तमान स्थापित परमाणु ऊर्जा क्षमता को बढ़ाकर 22480 मेगावाट करने के लिए पहले ही परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है।

हम जानते हैं कि भारत का त्रि-स्तरीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम डॉ. होमी भाभा और पं. जवाहर लाल नेहरू द्वारा तैयार किया गया था। 1950 के दशक में जवाहरलाल नेहरू ने दक्षिण भारत के तटीय क्षेत्रों के मोनाजाइट रेत में पाए जाने वाले यूरेनियम और थोरियम भंडार के उपयोग के माध्यम से देश की दीर्घकालिक ऊर्जा स्वतंत्रता को सुरक्षित करने के लिए त्रि-स्तरीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के बारे मे सोचा था । परन्तु क्षमता लक्ष्यों को पूरा करने में परमाणु उद्योग के लगातार खराब प्रदर्शन के कारण परमाणु ऊर्जा विभाग के विशेषज्ञों ने क्षमता लक्ष्यों को महत्वाकांक्षी बताया है।

उपर्युक्त चर्चा से ये साफ पता चलता है कि महत्वाकांक्षी लक्ष्यों, मजबूत सुरक्षा और उदार बजटीय आवंटन के बावजूद परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में ईंधन के बीच सबसे धीमी विकास दर है। परमाणु ऊर्जा उत्पादन में उच्च निश्चित लागत और कम परिवर्तनीय लागत होती है, जो परमाणु ऊर्जा को उचित टैरिफ पर बेस लोड बिजली उत्पादन के लिए उपयुक्त बनाती है। भारत को भविष्य में परमाणु क्षमता बढ़ाने के लिए इस विशिष्टता का उपयोग करना चाहिए।

**परमाणु ऊर्जा के विकास की चुनौतियाँ-**

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने हाल ही में अनुमान लगाया है कि परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की पूंजीगत लागत कोयला-आधारित संयंत्रों की तुलना में 2.5 गुना है (हालांकि ईंधन की बचत होती है जो इस अंतर को कुछ हद तक कम कर देती है)।

- परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के निर्माण और रखरखाव के लिए उच्च अग्रिम पूंजी लागत।
- सुरक्षा और सुरक्षा के लिए सख्त नियामक आवश्यकताएं, जिससे लागत भी बढ़ सकती है।
- परमाणु अपशिष्ट निपटान और संभावित दुर्घटनाओं पर चिंताएं, जिनका पर्यावरण और स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है।

महत्वाकांक्षी लक्ष्यों, मजबूत सुरक्षा और उदार बजटीय आवंटन के बावजूद ईंधन के बीच परमाणु ऊर्जा क्षेत्र की विकास दर सबसे धीमी है। परमाणु ऊर्जा उत्पादन में उच्च निश्चित लागत और कम परिवर्तनीय लागत होती है, जो परमाणु ऊर्जा को उचित टैरिफ पर बेस लोड बिजली उत्पादन के लिए उपयुक्त बनाती है। भविष्य में भारत को इस विशिष्टता का उपयोग परमाणु क्षमता बढ़ाने के लिए करना चाहिए।

**भविष्य की संभावनाएं–**

भारत सरकार को एक सुरक्षित, टिकाऊ और किफायती ऊर्जा प्रणाली के विकास का समर्थन करने के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय ऊर्जा नीति ढांचे के साथ केंद्र सरकार में स्थायी ऊर्जा नीति समन्वय स्थापित करना चाहिए। इसे घरेलू स्तर पर पीएम-उज्ज्वला, पीएम-कुसुम और पीएम-उजाला योजना जैसी कई सरकारी योजनाओं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर "वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड पहल" जैसी योजनाओं द्वारा पूरक बनाया गया है।

जहां तक परमाणु ऊर्जा का सवाल है, यदि हमें 2040 तक समान हिस्सेदारी का लक्ष्य रखना है, तो विद्युतीकरण के कारण अतिरिक्त बिजली की मांग को ध्यान में रखते हुए - ऊर्जा संक्रमण का एक प्रमुख तत्व - हमारी परमाणु ऊर्जा क्षमता को आज 6.8 गीगावॉट से विस्तारित करना होगा लगभग 65GW तक। हमारा वर्तमान लक्ष्य 2031 तक 22.5GW क्षमता प्राप्त करना है।

भारत सरकार को एक सुरक्षित, टिकाऊ और सस्ती ऊर्जा प्रणाली के विकास का समर्थन करने के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय ऊर्जा नीति ढांचे के साथ केंद्र सरकार में स्थायी ऊर्जा नीति समन्वय स्थापित करना चाहिए। परमाणु क्षेत्र में भी यह सुनिश्चित करेगा कि भारत परमाणु ऊर्जा प्रौद्योगिकी में एक स्थापित अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बने और इसे असैन्य परमाणु क्षमता को बढ़ाने की अनुमति मिले।

***

# क्रायोजेनिक घटकों एवं प्रणालियों का स्वदेशीय विकास - अटल इनक्यूब्शन सेंटर के लिए अहम प्रस्तावित संभावित योगदान

*राजीव शर्मा*, विपुल तन्ना और क्रायोजेनिक टीम एस एस टी-1*
*प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान, भाट, गाँधीनगर – 382428 (भारत (*
** ई-मेल –rajivs@ipr.res.in*

भविष्य के ऊर्जा स्रोत्र की दिशा में नाभिकीय संलयन बिजली उत्पादन का एक संभावित तरीका है और ये एक सफ़ल प्रयास दिखाई देता है। संलयन ऊर्जा को एक विश्वसनीय अविरत ऊर्जा के विकल्प के रुप में प्रमाणित करने के लिये संयुक्त कार्यदल - भारत, चीन, युरोपियन देश, कोरिया, रुस, जापान इस रिएक्टर के निर्माण में कडराच, फ्रांस में कार्यरत हैं। आई पी आर गांधीनगर में स्थित एक स्थिर अवस्था अतिचालक टोकामॅक (एस एस टी-1) पूर्णतया भारतीय निर्माणकर्ताओं की एक मिसाल है। इस टोकामॅक मे क्रायोजेनिक प्रणाली की भूमिका महत्वपूर्ण है, जो एस एस टी-1 (स्टेडी स्टेट सुपरकंडक्टिंग टोकामँक) टोकामॅक के अतिचालक चुम्बकों को बहुत न्यूनतम तापमान (−269 ड्रिगी सेल्सियस) तरल हीलियम द्रव के द्वारा ठंडा रखती है, जिससे चुम्बकीय क्षेत्रों की परिसीमा में प्लाज़्मा का उत्पादन होता है। एस एस टी-1 टोकामॅक के अतिचालक चुम्बकों के कई क्रिटिकल क्रायोजेनिक घटक है, जैसे इलेक्ट्रिकल इन्सुलेशन ब्रेक, क्रायो वैक्यूम बैरियर आदि जिसका मुख्य कार्य हीलियम रिसाव का कसाव $10^{-08}$ मिलीबार-ली/से. और −269 ड्रिगी सेल्सियस की समर्थता की कड़ी स्थितियों में विभिन्न विद्युत विभवों पर इलेक्ट्रिकल आइसोलेशन 5 KV तक और लीकिवड हीलियम फ्लूअड की अविरत आपूर्ति करना है। इन घटकों में हीलियम रिसाव के कारण पूरे टोकामॅक का ऑपरेशन बाधित होता है और प्रायः मशीन को बन्द करना पड़ता है। वर्तमान में मशीन में लंबे समय से स्थापित ये घटक विदेशी कंपनियों द्वारा निर्मित है, जिनकी लागत बहुत अधिक है और ये लोकल एवं अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में आसानी से उपलब्ध नहीं है। मशीन में इन घटकों की आवश्यकताओं को देखते हुए इन घटकों को संस्थान में ही निर्मित करने की प्रेरणा मिली। आईपीआर, क्रायोजेनिक प्रभाग में और कई घटकों एवम प्रणालियों को विकसित किया गया है जैसे (i) क्रायोजेनिक फ्लेक्सिबल लिक्विड नाइट्रोजन ट्रांसफर लाइन (ii) सुपरकंडक्टिंग फीडर सिस्टम के लिए क्रायोजेनिक वैक्यूम बैरियर (iii) क्रायोजेनिक सेवाओं और अनुप्रयोगों के लिए द्वि-धातु जोड़ों का स्वदेशी विकास [एस.एस. और पोलिमर एंव एस.एस. और एल्युमिनियम] (iv) अतिसुचालक चुम्बकों फ्यूज़न टोकामॉक के लिये न्यूट्रॉन प्रतिरोधी स्वदेशी इन्सुलेशन संयंत्र (v) डिमाउंटेबल वैक्यूम इंडियम सील (vi) क्रायोजेनिक सेवाओं के लिए एपॉक्सी रेजिन प्रणाली (vii) फिलामेंट वाइंडिंग मशीन का विकास, डिजाइन और निर्माण तथा और कई प्रणालियों का विकास अभी जारी है ।

इन घटकों को मशीन में प्रामाणिक पाया गया है तथा इनकी स्वीकृति और विश्वसनीयता की पुनरावृति के लिए बैच वाइस में इसका निर्माण और परीक्षण कार्य प्रगति पर है। इन-हाउस विकास, औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए उपयोगी साबित हो सकता है। प्रभावी लागत और उन्नत समाधान के लिए स्वदेशी विकास, मेक इन इंडिया अभियान को फलीभूत करता है। यह मौजूदा और भविष्य की स्वदेशी सुपरकंड़किंटग फ्यूज़न मशीनों के लिए वर्तमान स्थापित क्रायो घटकों का भविष्य में प्रतिस्थापन का विकल्प भी हो सकता है। क्रायोजेनिक अनुप्रयोग और स्वदेशी सुपरकंड़किंटग फ्यूज़न मशीनों के लिए ये उपलब्ध विकसित प्रणालियां और घटक अटल इनक्यूब्शन सेंटर के लिए एक महत्वपूर्ण प्रस्तावित संभावित योगदान हो सकता है । इस तकनीकी वेब संगोष्ठी में विभिन्न क्रायोजेनिक घटकों और तकनीकियोँ का विकास, स्वदेशी कंपनियों का योगदान एवं साथ ही विज्ञान व तकनीकी के क्षेत्र में भारत को और आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए सुझावों पर भी प्रस्तुति दी जाएगी।

## क्रायोजेनिक घटकों एवं प्रणालियों के स्वदेशीय विकास की आवश्यकता

एस.एस.टी-1 फ्यूजन मशीन सिस्टम के महत्वपूर्ण क्रायोजेनिक घटकों की वर्तमान जरूरतें और सुपर कन्डक्टिंग मैग्नेट में स्थापित आयातित वस्तुओं की मौजूदा विफलता हमें स्वदेशी विकास के लिए प्रेरित करती है। भारत में इनकी अनुपलब्धा, विश्वसनीयता, आयातित उपलब्ध घटक की उच्च लागत कारक और अधिक डिलीवरी समय ये सारे महत्वपूर्ण मुद्दे है । यह इन-हाउस विकास मौजूदा और भविष्य की स्वदेशी सुपरकंड़किंटग फ्यूज़न मशीनों के लिए वर्तमान स्थापित क्रायो घटकों का भविष्य में प्रतिस्थापन विकल्प भी हो सकता है। भारतीय औधौगिक सहयोग और भागीदारी, आर एंड डी को बढ़ावा और प्रचार के लिये स्वदेशी विकास को जोर देने की आवश्यकता है । इस दिशा में आई.पी.आर के क्रायोजेनिक प्रभाग में एस.एस.टी-1 मशीन तथा क्रायोजेनिक अनुप्रयोगों के लिए स्वदेशी कई विकास और प्रौद्योगिकियों का कार्य जारी है जिसका वर्णन अगले अनुच्छेद में किया गया है ।

**(i) <u>इलेक्ट्रिकल इन्सुलेशन ब्रेक का इन-हाउस विकास 4.2 और 77 केल्विन अनुप्रयोगों के लिए</u>**

इलेक्ट्रिकल इंसुलेशन ब्रेक (आईबी) सुपरकंडक्टिंग मैग्नेट फ्यूजन मशीनों का एक बहुत ही महत्वपूर्ण घटक है, इसका मुख्य कार्य सुपर-कंडक्टिंग कॉइल्स को तरल हीलियम और सुपरक्रिटिकल हीलियम की आपूर्ति करना और क्वेन्च (शमन) के समय सुपर-कंडक्टिंग चुंबकों को ग्राऊंड विद्युत विभव से अलग करना है।

**विकसित घटक की मुख्य विशेषताएं**

- आकार: 8 मिमी, ½" नोमिनल बोर (एनबी) धातु कंडक्टर का आकार
- एस ग्लास फाइबर इन्सुलेशन, स्टेनलेस स्टील (एस.एस. 316 एल) और क्रायोजेनिक एपोक्सी रेसिन
- कार्य की स्थिति (अंदर): 4.5 केल्विन (K) पर और 4 बार दबाव पर सुपरक्रिटिकल हीलियम का प्रवाह
- सुपर-क्रिटिकल हीलियम प्रवाह से के साथ वैक्यूम संगतता (बाहर) तथा हीलियम रिसाव दर ≤ 1.0 x $10^{-8}$ मिली बार-ली./से., 4.5 केल्विन तापमान पर: $10^{-05}$ मिली-बार
- दबाव सहन शक्ति : 40 बार (ऐब्सलूट)
- विद्युत आसोलेशेन (अलगाव) : > 5 किलो वोल्ट, डी.सी. पावर (30 किलो वोल्ट ए.सी. पावर सामर्थ्य )
- 300, 77 और 4.2 केल्विन तापमान पर यांत्रिक लोडिंग स्थिति के तहत हीलियम रिसाव दर : <1.0 x $10^{-8}$, मिली बार-ली./से. (i) 2000 न्यूटन टेंसाइल लोड (ii) 100 न्यूट्न-मी. बेंडिग लोड (iii) 100 न्यूट्न-मी. टॉर्शन लोड
- व्यावसायिक रूप से अनुउपलब्ध, विकसित घटक बाहरी उद्योगों और संस्थानों की तुलना में बहुत अधिक लागत प्रभावी है (10 से 15 गुना कम)

**अनुप्रयोग**

- विकसित विद्युत इन्सुलेशन ब्रेक का उपयोग एस.एस.टी-1 मशीन के कोल्ड रिटर्न सर्किट में सुपरकंडक्टिंग कॉइल्स, 10 किलो एम्पीयर वर्तमान करेंट लीड और करेंट फीडर सिस्टम में उपयोग और मान्य किया गया है।
- इसका उपयोग भविष्य में स्वदेशी सुपरकंडक्टिंग चुंबक संलयन मशीनों, विद्युत अलगाव या इन्सुलेशन और कम तापमान के प्रयोगों के लिए किया जा सकता है।






*विकसित इलेक्ट्रिकल इन्सुलेशन ब्रेक इन्सुलेशन ब्रेक का निर्माण क्रायोजेनिक डिस्ट्रीब्यूशन एस.एस. टी.-1*

**(ii) <u>अतिसुचालक चुम्बकों एंव 4.2 और 77 केल्विन अनुप्रयोगों के लिए के लिये न्यूट्रॉन प्रतिरोधी स्वदेशी इन्सुलेशन संयंत्र का विकास</u>**

संलयन रिएक्टर (Fusion machines) में प्लाज़्मा विद्युत चुम्बकीय विकिरणों (Electromagnetic radiation) के रुप में ऊर्जा क्षय के रुप में रहता है। ये विद्युत चुम्बकीय विकिरणें उच्च ऊर्जा न्यूट्रानों, सॉफ़्ट और हार्ड X और © किरणों के रुप में उत्सर्जित होती है। प्रयोगात्मक रुप में जेट (JET) जैसी टोकामॅक प्रणाली का अवलोकन करने से यह पाया गया कि एक कुशल आवरण होने के बावजूद वहाँ पर हमेशा उच्च ऊर्जा और अनुगामी न्यूट्रानों की संभावना रहती है जिससे रिएक्टर के संलग्न उप-प्रणाली संयंत्रों में रिसाव की संभावना बनी रहती है। ऐसे संलग्न उप-प्रणाली घटकों के डिज़ाइन की आवश्यकता है जो इन रिएक्टर जैसी परिस्थितियों तथा पर्याप्त विकिरणों के प्रतिरोध $10^{14}$-$10^{22}$ न्यूट्रॉन/मीटर$^{2}$ की सीमा में मान्य हो । संलयन रिएक्टर में, आवरण रक्षक (Shield) जो एक संयुक्त संरचना पदार्थ, एक न्यूट्रान अवशोषक और प्लाज़्मा फेंसिग कवच और ऊर्जा रक्षक होने के बाद भी न्यूट्रान, ©, इलेक्ट्रान, फ़ोटान का विकिरण प्रभाव इन्सुलेशन पदार्थों और घटकों (Components)

के गुणों को क्षय करता है, जिसका संलयन रिएक्टर के समस्त प्रदर्शन (performance) पर प्रभाव पड़ता है। इन इन्सुलेशन पदार्थों का उच्च न्यूट्रान प्रतिरोध क्षमता के तहत फ्यूजन सुपर कडंक्टिंग मशीनों के लिए स्वदेशी इन्सुलेशन पदार्थों का विकास करना इस परियोजना का उद्देश्य था ।

**न्यूट्रॉन इरिडियेशन के बाद पदार्थों के गुणों में गिरावट**

- मैकेनिकल गुण विशेष रुप से तनन सामर्थ्य (Tensile strength), इंटरलेमिनार अपरूपण सामर्थ्य (Interlaminar shear strength) में : 0-30.%
- विस्थापन क्षति और परमाणु रूपांतरण (Displacement damage and nuclear transmutation)
- सूजन प्रभाव, पदार्थों के आयतन में परिवर्तन
- हीलियम गैस का उत्पादन

**पदार्थों की विकिरण आवश्यकता, न्यूट्रॉनिक्स मानदंड**

- जी.एफ.आर.पी. इन्सुलेशन मेटेरियल के डिग्रेडेशन के लिये : $1x10^{14}$ से $1x10^{22}$ न्यूट्रॉन/मीटर$^{2}$ के न्यूट्रॉन फ्लुअंस की आवश्यकता
- ITER न्यूट्रॉन फ्लुअंस मानदंड समान इन्सुलेशन मेटेरियल में: $1 \times 10^{22}$ न्यूट्रॉन/मीटर$^{2}$
- जी.एफ.आर.पी. इन्सुलेशन मेटेरियल में विकिरण सहनशीलता की स्वीकृत सीमा : 10 मेगा-ग्रे (MGy) और $1x10^{18}$ न्यूट्रॉन/सेमी$^{2}$ हाई ऊर्जा न्यूट्रान लेवल E > 0.1 MeV
- जी.एफ.आर.पी. इन्सुलेशन मेटेरियल में $1x10^{16}$ न्यूट्रॉन/सेमी$^{2}$ के बाद से प्रदर्शन में कमी पायी गयी है ।

**विकास और उपलब्धियाँ**

जी.एफ.आर.पी. कंपोजिट इन्सुलेशन पदार्थ में एस-2 फाइबर ग्लास (बोरॉन मुक्त) और विकसित तरल संशोधित बिस्फेनॉल एपॉक्सी रेसिन को आई.जी.सी.ए.आर., कलपक्कम के एफ.बी.टी.आर. (फास्ट ब्रीडर टेस्ट रिएक्टर) में विकिरणित किया गया।

- विकिरणित नमूनों पर विकिरण खुराक (गामा और न्यूट्रॉन) का मापन किया गया ।
- न्यूट्रॉन कोड एम.सी.एन.पी. (मोंटे कार्लो एन-पार्टिकल) और ई.ए.एस.वाई. (यूरोपीय सक्रियण सिस्टम फिश पैक्ट्स) द्वारा सिमुलेशन
- इन्सुलेशन नमूनों को 60 दिनों के लिए न्यूट्रॉन फ्लक्स $2.10 \times 10^{10}$ न्यूट्रॉन/सेमी$^{2}$ पर रिएक्टर की पूर्ण शक्ति 32 मेगावाट पर विकिरण
- अविकिरणित और विकिरणित इन्सुलेशन नमूनों का यांत्रिक और विद्युत प्रदर्शन परीक्षण ई.आर.डी.ए.,वडोदरा में।
- विकिरणित इन्सुलेशन सामग्री को प्रयोगात्मक रूप से $10^{21}$ न्यूट्रॉन/मीटर$^{2}$ के न्यूट्रॉन फ्लुएंस और 1.0 मेगा-ग्रे (MGy) की विकिरण खुराक तक मान्य किया गया है।
- परीक्षण के परिणामों से इन्सुलेशन सामग्री के टेंसाइल, शीयर और ब्रेक-डाऊन शक्तियों के गुणों में कोई महत्वपूर्ण गिरावट (<2%) नहीं देखी गई है।
- इन्सुलेशन पदार्थ, विकिरण क्षति के खुराक की स्वीकार्य सीमा को पार कर गई ($\geq 10^{20}$ न्यूट्रॉन/मीटर$^{2}$)
- जी.एफ.आर.पी. इन्सुलेशन पदार्थ के न्यूट्रॉन प्रवाह की स्वीकार्य विकिरण सहनशीलता सीमा $10^{20}$ से $10^{22}$ न्यूट्रॉन/मीटर$^{2}$ रिपॉर्टेड की गई है ।
- आई.पी.आर, गांधीनगर में मापी गये सभी संपर्क नमूनों में 5.0 माइक्रो-सीवर्ट/घंटा (μ-Sv/hr) गामा विकिरण की खुराक मिली जो स्वीकार्य सीमा में है, सामान्य जनता के लिए इस विकिरण की वार्षिक सुरक्षित खुराक सीमा 1 मिली-सीवर्ट/वर्ष (mSv/year) होती है ।






*विकसित जी.एफ.आर.पी. इन्सुलेशन मेटेरियल*   *न्यूट्रॉन विकिरण प्रयोग आई.जी.सी.ए.आर. कलपक्कम में*






*गामा रेडिएशन डोस मापन*   *विकिरणित नमूनों पर मेकेनिकल प्रदर्शन परीक्षण*

**(iii) <u>80 केल्विन अनुप्रयोगों के लिए वैक्यूम जैकटेड फ़्लेक्सिबल क्रायोजेनिक ट्रांसफर लाइन का स्वदेशी विकास</u>**

## प्रस्तावना

पलांट में या प्रयोगशाला में क्रायोजेनस का स्थानांतरण एक जगह से दूसरे जगह पर, इन-डोर या आऊट-डोर हो एक विशेष प्रकार की क्रायोजेनिक ट्रांसफर लाइन की आवश्यकता होती है। क्रायोजेनस ट्रांसफर के लिये वैक्यूम सुपर इन्सुलेटेड लाइनें सर्वोत्कृष्ट समाधान है जो क्रायोजेनिक हाइड्रोलिक्स में दो पाइपों के सिरों को जोडने हेतु तथा हीलियम रिसाव परीक्षण क्रायोजेनिक तापमान के लिये उपयोग में ली जाती है। ट्रांसफर लाइन की मूल सरंचना में दो पाइपें, एक आंतरिक जिसमे क्रायोजेनस (लिक्विड हीलियम, लिक्विड नाइट्रोजन आदि) का प्रवाह होता है, जो दूसरी बाहरी पाइप के अंदर कम थर्मल कंडक्टिव प्रवाहकीय जी-10 इन्सुलेशन पदार्थ  स्पेसर के साथ सर्पोटेड होता है। आंतरिक पाइप की बाहरी सतह पर सुपर मल्टी लेयर इन्सुलेशन तथा दोनो पाइपों के  बीच के अन्तराल में $10^{-2}$ to $10^{-3}$ मिली बार का वैक्यूम होता है। । अनुप्रयोगों की मांग, इस ट्रांसफर लाइन के अधिकांश उपयोग, परियोजना तथा प्रयोगशालाओं की जरुरतों को पूरा करने के लिये स्थानीय उधोग के साथ एक स्वदेशी सहयोगात्मक प्रयास, ट्रांसफर लाइन के निर्माण और विकास का कार्य किया गया है। क्रायोजेनिक फ्लेक्सिबल ट्रांसफर लाइन का आरेखिय चित्रण और इन-हाउस विकसित लाइन क्रमशः चित्रों में नीचे प्रदर्शित है ।




*क्रायोजेनिक फ्लेक्सिबल ट्रांसफर लाइन का आरेखिय*



*विकसित क्रायोजेनिक फ्लेक्सिबल ट्रांसफर लाइन*

**विकसित क्रायो लाइन की मुख्य विशेषतायें**

डिजाइन क्रायो लाइन को निम्नलिखित मापदंडो को पूरा करना चाहिए :

- वैक्यूम जैकटेड, सुपर इन्सुलेटेड फ़्लेक्सिबल लाइन, साइज़ 1 इंच, 1.2 मीटर लम्बाई, एस-एस 316 L मेटेरियेल
- वायर ब्रेडेड सरंचना उच्च यांत्रिक शकित तथा दबाव के लिये
- हीलियम लीक टाईट्नेस ($LN_2$) की प्रवाह की स्थिति में): $1.3 \times 10^{-9}$ मिली बार-ली./से.
- तापमान और दबाव: 300 से 77 केल्विन, 0-3 बार, डिज़ाइन दबाव :16 बार
- बाहरी पाइप पर कोई फ्रास्टिंग और कंडेनसेशन का आब्ज़र्वेशन नही
- वैक्यूम होल्ड/प्रतिधारण : < $1.0 \times 10^{-2}$ मिली बार 24 घंटे में
- लागत बचत कारक/फैक्टर : 4-5 गुना विदेशी र्निमित उपलब्ध

**अनुप्रयोग**

- दैनिक सामान्य प्रयोगशाला उपयोग के लिए लिक्विड नाइट्रोजन का स्थानांतरण
- क्रायोजेनिक तापमान और हीलियम रिसाव परीक्षण के लिए हाइड्रोलिक्स में कनेक्शन
- एम.आर.आई., लिक्विड नाइट्रोजन फूड फ्रीजर के मैग्नेट में क्रायोजेन भरने लिए

**(iv) <u>फिलामेंट वाइंडिंग मशीन का विकास, डिज़ाइन और निर्माण</u>**

क्रायोजेनिक घटक जैसे इलेक्ट्रिकल इन्सुलेशन ब्रेक, वैक्यूम बैरियर आदि जो एक असमान पदार्थों का जोड़ है जिसका निर्माण वेट फिलामेंट वाइंडिंग प्रक्रिया द्वारा किया जाता है। इस मैनुअल फिलामेंट वाइंडिंग मशीन का विकास और स्थापना एम.ई.एल. क्रायोजेनिक डिवीजन में की गई है। यह सुविधा फाइबर गति को नियंत्रित करके स्टेनलेस स्टील और जी.एफ.आर.पी. के असमान पदार्थों जोडों की विफलता के पहलू को समाप्त करती है। स्थानीय भारतीय उद्योग द्वारा निर्मित विकसित स्थापित मशीन गोल आकार की वस्तुओं और असमान पदार्थों के जोड़ों को बनाने की सुविधा प्रदान करती है।



### विकसित मशीन की मुख्य विशेषताएं

- वेट फिलामेंट वाइंडिंग, नियंत्रित और समायोज्य (Adjustable) आर.पी.एम., डीसी मोटर और गियर बॉक्स असेंबली तंत्र द्वारा 30 आर.पी.एम.
- बेलनाकार/गोल कार्य का विस्तार : 10-100 मिमी व्यास और घुमावदार लंबाई: 0-300 मिमी, फाइबर गति: < 6 मिमी/सेकंड
- समान क्षमता वाली मशीन की तुलना में लागत काफी कम (5 से 6 गुना)





*विकसित फिलामेंट वाइंडिंग मशीन* *मैनुअल वाइंडिंग प्रकिया*

### (v) <u>द्वि-धातु जोड़ों का क्रायोजेनिक अनुप्रयोगों के लिए स्वदेशी विकास</u>

एल्यूमीनियम और स्टेनलेस स्टील की असमान पदार्थों का द्वि-धात्विक जोड़ को विकसित किया गया है। यह व्यावसायिक रूप से उपलब्ध इक्स्प्लोसिव, घर्षण और स्पलैश प्रकार के वेल्डेड जोड़ों का एक वैकल्पिक चयन हो सकता है। ¾" और 1" एनबी आकारों के द्वि-धात्विक जोड़ क्रायोजेनिक ग्रेड एपॉक्सी रेसिन के साथ बॉन्डिंग की एक महत्वपूर्ण तकनीक द्वारा निर्मित किए गए हैं। विकसित जोड़ों का तरल नाइट्रोजन के तापमान पर कठोर परीक्षण किया गया है। विकसित जोड़ों के परीक्षण के परिणाम 300 K और 77 K पर स्वीकार्य सीमा में पाए गए। विकसित जोड़ विरूपण, उच्च तापमान, संपर्क सतहों पर वियर एंव टियर के मुद्दों और मशीन के पुर्जों और उच्च लागत कारक को कम कर सकते हैं। इस प्रकार के द्वि-धातु जोड़ों का उपयोग हीट एक्सचेंजर, क्रायोजेनिक सेवाओं आदि के लिए किया जा सकता है।

**मुख्य विशेषताएं**

- द्वि-धातु संयुक्त प्रकार: विकसित क्रायोजेनिक एपॉक्सी रेसिन पर आधारित
- मेटेरियल ग्रेड: एस.एस. 304 L + एलुमिनियम 6082 / HE30
- तापमान सीमा: 300 -77- 4.2 केल्विन (K)
- टेंसाइल सामर्थ्य : 220 MPa, 3/4" और 195 MPa, 1" एनबी साइज़ में
- हीलियम रिसाव की जकड़न (i) 300 K पर: 3.7 x $10^{-9}$ मिली बार-ली/से. (ii) 77 K पर थर्मल शॉक के बाद: 1.3 x $10^{-09}$ मिली बार-ली/से. (iii) लिक्विड नाइट्रोजन, 10 बार (गेज़) हीलियम का दबाव अंदर में:1.0 x$10^{-08}$ मिलीबार-ली/से. (स्निफर जीरो मोड में)





*विकसित बाय-मेटालिक जॉइंट* *टेंसाइल पुल-आउट लोड टेस्ट* *ब्रोकन सेम्पल*

### (vi) सुपरकंड्क्टिंग फीडर सिस्टम के लिए क्रायो वैक्यूम बैरियर

क्रायो कम्पैटिबल और हीलियम लीक टाइट वैक्यूम बैरियर एक असमान पदार्थों वाला जोड़ है जो एस.एस.टी-1 मशीन के क्रायोस्टेट और करंट फीडर सिस्टम में बीच के वैक्यूम को अलग करता है और सुपरकंडक्टिंग मैग्नेट के क्वेन्च (शमन) के दौरान 5 किलो वोल्ट डी.सी. वोल्टेज तक का विद्युत अलगाव प्रदान करता है। वैक्यूम बैरियर, बीस की संख्या में केबल-इन-कंड्यूट-कंडक्टर (सी.आई.सी.सी.) सुपरकंडक्टिंग बस-बार के साथ असेम्बल किया गया है जो कि अधिकतम 10 किलो एम्पीयर तक का विद्युत प्रवाह और 0- 4 बार (ऐब्सलूट) दबाव सीमा में लिक्विड हीलियम की आपूर्ति करता है ।

### मुख्य विशेषताएं

- ग्लास फाइबर और धातु स्टेनलेस स्टील असमान पदार्थों के साथ एपाक्सी रेसिन बॉन्डिंग के जोड़ों का निर्माण एक विशिष्ट बोंडिग तकनीक द्वारा निर्मित
- 300, 77 केल्विन तापमान, 10 बार (गेज़) दबाव पर ≤ $1x10^{-08}$ मिलीबार-ली/से. की हीलियम रिसाव जकड़न और 10 kV पर विद्युत प्रदर्शन।
- क्रायोजेनिक तापमान 77 और 4.2 केल्विन पर 10 किलो-वोल्ट तक विद्युत अनुप्रयोग
- एल्यूमिना आधारित सिरेमिक वैक्यूम बैरियर की तुलना में ग्लास फाइबर वैक्यूम बैरियर के ब्रीट्ल (भंगुर) होने की विफलता में काफी कमी पायी गयी ।
- आयातित वैक्यूम बैरियर की लागत में महत्वपूर्ण कमी (8-10 गुना)



*स्वदेशी विकसित वैक्यूम बैरियर*




*विकसित वैक्यूम बैरियर करंट फीडर एस. एस. टी.-1 में*

### आत्म-निर्भर भारत की दिशा में सुदृढ़ प्रयास और सुझाव

अनुसंधान एवं विकास गतिविधियाँ, डिजाइन और परीक्षण कार्यों में भारतीय उद्योगों को अधिक से अधिक सहभागी बनाने की दिशा में कार्य करना होगा। अनुसंधान तथा औद्योगिक विकास हेतु सरकार को वित्तीय मदद तथा अधिक शासकीय बजट की आवश्यकता पर जोर देने कि जरुरत है । भारतीय उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए उद्योग के साथ परियोजना के बारे में अधिक पारस्परिक नियमित बातचीत और स्थानीय और क्षेत्रवार स्तर पर लघु उद्योग स्थापना और सुविधाओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है । इंजीनियरिंग कॉलेजों, अनुसंधान और विकास संस्थानों, प्रयोगशालाओं और लघु उद्योगों में अनुसंधान और विकास परियोजनाओं का समावेश एक बेहतर कदम होगा। अनुसंधान एवं विकास गतिविधियाँ का विशेषत: सामाजिक एवं चिकित्सा परियोजनाओं पर अधिक ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है ।

### निष्कर्ष और भविष्य के कार्य

विभिन्न आकार के क्रायोजेनिक घटकों का विकास और निर्माण उसकी परिचालन स्थिति के लिए किया गया और हीलियम रिसाव दर 300 केल्विन पर तथा थर्मल साइकल 77 केल्विन तापमान पर स्वीकार्य सीमा में प्राप्त हुआ ।

क्रायोजेनिक वैक्यूम बैरियर के एस. एस. और ग्लास फाइबर जोड़ों की ब्रिटल (भंगुर) विफलता क्रायोजेनिक तापमान पर एस.एस. और सिरेमिक के जोड़ों से काफी कम मिली । विकसित इलेक्ट्रिकल इंसुलेशन ब्रेक की डिजाइन, प्रणाली की निर्धारित तकनीकी आवश्यकताओं को पूरा करता है। स्वदेशी विकसित इन्सुलेशन सिस्टम को न्यूट्रॉन प्रतिरोध $10^{21}$ न्यूट्रॉन/मीटर$^{2}$ का न्यूट्रॉन फ्लुअंस और रेडियेशन डोस 1 मेगा-ग्रे (MGy) तक प्रायोगिक विधिमान्य (Validated) किया गया तथा विकिरणित इन्सुलेशन पदार्थों में टेन्साइल, शीयर और ब्रेकडाउन सामर्थ्य में कोई महत्वपूर्ण कमी नहीं देखी गई। उत्पाद की स्वीकृति और विश्वसनीयता की पुनरावृति के लिये बैच अनुसार अधिक संख्या में फैब्रिकेशन और परीक्षण का कार्य जारी है। परीक्षण परिणामों से यह स्पष्ट है कि हर क्षेत्र में भारतीय उद्योग, विदेशी कम्पनियों की तुलना में समान सक्षम है। औद्योगिक अनुप्रयोगों, प्रभावी लागत और उन्नत समाधानों के लिए स्वदेशी विकास 'मेक इन इंडिया' अभियान फलीभूत करता है।

# नाभिकीय ऊर्जा और समाज हेतु इसका योगदान

## उपविषय: -वर्तमान ऊर्जा संकट में नाभिकीय ऊर्जा की भूमिका और नेट जीरो-कार्बन में इसका योगदान

*लेखक का पदनाम: शरीफ खान,*
*लेखक का पदनाम: वैज्ञानिक सहायक-ई*
*कार्यालय का पूरा नाम: एनपीसीआईएल, रा. रा. साईट- 3&4 अणुशक्ति, रावतभाटा*
**मुख्य लेखक का ईमेल*
*sharifkhan@npcil.co.in / sharifkhannpcil@gmail.com*
*Phone No-9414094836 (m)*

- **भारतीय नाभिकीय ऊर्जा का विकास व वर्तमान स्थिति:** वर्तमान समय में विश्व के 30 देशों में लगभग 440 परमाणु रिएक्टर प्रचालित अवस्था में है । भारत में वर्तमान समय में **22 परमाणु रिएक्टर** प्रचालनरत हैं एवं कई रिएक्टरों का फ्लीट मोड में निर्माण कार्य भी चल रहा है । 22 प्रचालित रिएक्टरों में 2 BWR, 18 PHWR एवं 2 LWR हैं, वर्तमान में नाभिकीय विद्युत क्षमता लगभग 6780 MWe है, जो देश में कुल उत्पादित विद्युत का 2.5% है। 700 MWe के फ्लीट-मोड रिएक्टर स्थापित करने में भारत आत्म-निर्भर है; जैसे- KAPP-3&4, RAPP-7&8, GHAVP, बांसवाडा इत्यादि । अमेरिका, रूस, फ्रांस आदि देशों के सहयोग से आयातित मीठी विर्दी , जैतापुर NPP संयंत्र आदि।

- **नाभिकीय-प्रोद्योगिकी की भूमिका** में ऊर्जा समतुल्यता-किलोग्राम(equivalence in kg.) निम्न ईंधन से विद्युत उत्पादन हेतु ) मानक गणनाओं के आधार पर :
- एक किलोग्राम कोयले (Coal) से ~ 3 kWh (3 यूनिट) विद्युत
- एक किलोग्राम तेल (Oil) से ~ 4 kWh (4 यूनिट)
- एक किलोग्राम यूरेनियम (Uranium) ~ 50000 kWh (50,000 यूनिट) विद्युत उत्पन्न ।
- जीवाश्म ईंधन $CO_x$, $NO_x$ & $SO_x$ जैसी हानिकारक,खतरनाक तथा विषैली गैस के उत्सर्जन से प्रकृति, पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है जबकि नाभिकीय ऊर्जा स्वच्छ, हरित तथा कार्बन शून्य गैस का उत्सर्जन है अतः यह वायु की गुणवत्ता को संरक्षित करती है । ग्लोबल वार्मिंग में सहायक नहीं है ।
- कोयले और नाभिकीय ऊर्जा के औसत जीवन चक्र ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन क्रमशः **888** और **29** टन/गीगा वाट घंटा है । Average lifecycle GHG emissions for Coal & Nuclear is 888 & 29 (tonnes/GWh) respectively.
- नाभिकीय ऊर्जा ओजोन-लेयर क्षरणकारी CFC का निःसरण नहीं करती एवं अन्य ऊर्जा की तुलना में ओजोन लेयर का संरक्षण करती है । जैव अपशिष्ट, विषेले रसायनों का निःसरण नहीं करती एवं अन्य ऊर्जा की तुलना नियंत्रित व नगण्य रेडियो-सक्रिय अपशिष्ट जो वातावरण में नगण्य प्रभाव डालते है!

*तापीय तथा पवन ऊर्जा संयंत्र / विद्युत संयंत्र से तुलनात्मक अध्ययन: 1000 MWe के (कोयले वाले) तापीय केंद्र नाभिकीय संयंत्र की तुलना में निम्नलिखित उप-उत्पाद 70,00,000 टन CO2 के रूप में उत्सर्जित करते है तथा 20,000 टन SOx उत्सर्जित करते है + 20,000 टन Nox उत्सर्जित करते है तथा 4,00,000 टन ठोस,फलाई-ऐश (राख) उत्सर्जित करते है। एवं राख (Ash) में सेकडों-टन विषैली भारी धातुओं के साथ साथ आर्सेनिक, केडमियम, सीसा, वेनेडीयम और मर्करी होते है जो कि सदैव विषैले पदार्थ उत्सर्जित करते है। इस प्रकार तापीय ऊर्जा से विश्व की कुल उत्सर्जित CO2 में 10% की वृद्दि हो जायेगी फलस्वरूप ग्रीन हाउस गैस का प्रभाव बढ़ेगा तथा ग्लोबल वार्मिंग बढ़ेगा ।
*पवन ऊर्जा लगभग 4000 MWe. तथा संभावित पवन उर्जा की क्षमता (45000 Mwe) एवं पवन मिल स्थापना हेतु हज़ारों पेड़ काटने होंगे अतः वे कार्बन शोषण हेतु अनुपलब्ध रहेंगे । * 1000 MW की Wind mills पवन चक्कियों के लिए विद्युत पैदा करने हेतु 50-100 Sq.km क्षेत्र की ज़रूरत होती है।

* 1000 MW विद्युत के हायड्रो पावर संयंत्र के लिए 50-75 Sq.km area भू-भाग की आवश्यकता होगी जो कि एक छोटे-गांव के क्षेत्र के तुल्य होता है ।* सौर ऊर्जा क्षमता 354 MWe) औसत लगभग अधिकतम क्षमता– 75 Mwe * कोई भी पेड़ सौर उर्जा संयंत्र के पास नहीं लगाये जाते है तथा एक छोटे कस्बे जितना ही क्षेत्र सोलर संयत्र को चाहिए ।

देश में विद्युत के बढ़ती हुई ज़रुरत को पूरा करने हेतु परमाणु ऊर्जा अहम भूमिका अदा कर सकती है । परमाणु ऊर्जा स्वच्छ, हरित सुरक्षित और विश्वसनीय विकल्प है।

**परमाणु ऊर्जा स्वच्छ, हरित सुरक्षित और विश्वसनीय विकल्प है:**

- पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोत अर्थात जीवाश्म ईंधन हानिकारक गैस $CO_x$, $NO_x$ & $SO_x$ जैसी,खतरनाक तथा विषैली गैस के उत्सर्जन से मनुष्य के साथ प्रकृति, पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है जबकि नाभिकीय ऊर्जा स्वच्छ, हरित तथा

कार्बन शून्य गैस का उत्सर्जन है अतः यह वायु की गुणवत्ता को संरक्षित करती है । नाभिकीय ऊर्जा अन्य ऊर्जा की तुलना में ग्लोबल वार्मिंग में सहायक नहीं है ।

- नाभिकीय ऊर्जा ओजोन-लेयर क्षरणकारी CFC का निःसरण नहीं करती एवं अन्य ऊर्जा की तुलना में ओजोन लेयर का संरक्षण करती है ।
- नाभिकीय ऊर्जा किसी भी जैव अपशिष्ट, विषेले रसायनों का निःसरण नहीं करती एवं अन्य ऊर्जा की तुलना नियंत्रित व नगण्य रेडियो-सक्रिय अपशिष्ट जो वातावरण में नगण्य प्रभाव डालते है!

स्त्रोत: वैश्विक नाभिकीय प्रचालको का संगठन के अनुसार -

- लगभग 31 देशों में 440 वाणिज्यिक रिएक्टर प्रचालित है ।
- परमाणु ऊर्जा की कुल वैश्विक क्षमता- 390 GWe
- विश्व की कुल विद्युत का ~11% परमाणु ऊर्जा से अनवरत, विश्वसनीय, बेस-लोड डिमांड व कार्बन उत्सर्जन रहित विद्युत पैदा की जा रही है । एवं >60 से ज्यादा परमाणु रिएक्टर निर्माणाधीन है।

**नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र में सुरक्षा के प्रकार**: * एन.पी.सी.आई.एल. (NPCIL) के संयंत्रों में **नाभिकीय संरक्षा सर्वोपरि प्राथमिकता है** तथा हमारे परमाणु संयंत्रों में अन्तराष्ट्रीय स्तर की नाभिकीय संरक्षा मौजूद है । एक सुदृढ़ औद्योगिक संरक्षा के साथ साथ प्रोएक्टिव नाभिकीय संरक्षा संस्कृति तथा व्यवस्थित विकिरण संरक्षा :

- (1) औद्योगिक संरक्षा (Industrial safety)
- (2) नाभिकीय संरक्षा (Nuclear safety)
- (3) रेडियो-सक्रिय संरक्षा (Radiological Safety)

* एन.पी.सी.आई.एल. (NPCIL) के संयंत्रों में नाभिकीय संरक्षा सर्वोपरि प्राथमिकता है-औद्योगिक संरक्षा नाभिकीय संरक्षा ,रेडियो-सक्रिय संरक्षा । हमारे परमाणु संयंत्रों की नायाब संरक्षित-अभिलक्षण "डिफेन्स इन डेप्थ प्रणाली" पर आधारित होती है तथा एनपीसीआईएल के संयंत्रों में सुरक्षा चूक का ख़तरा ना के बराबर है ।

<u>* नाभिकीय अपशिष्ट प्रबंधन तथा नाभिकीय कार्यक्रम की अवस्थाएं:</u>

- <u>LWRs</u>: 1000 MWe व इससे ज्यादा दीर्घअवधी में स्वदेशीकरण उद्देश्य से आयातित करना तथा इकाई की स्थापना कर परमाणु विद्युत उत्पादन करना ।
- <u>FBRs</u>: 500 MWe के फास्ट-ब्रीडर रिएक्टर की स्थापना कर परमाणु विद्युत उत्पादन करना ।
- <u>AHWR</u>: थोरियम के उपयोग से परमाणु विद्युत उत्पादन करना क्योंकि थोरियम का अथाह भण्डार उपलब्ध है। भविष्य में इनकी स्थापना कर परमाणु विद्युत उत्पादन करना ।
- स्टेज(Stage)-1 ईंधन –प्राकृतिक यूरेनियम- PHWR रिएक्टर
- स्टेज(Stage)-2 खपत ईंधन : Pu-239+ U-235 Stage-2 वाले (फास्ट ब्रीडर रिएक्टर) में Th-232 के साथ उपयोग किया जाता है ।
- रेप्रोसस्सिंग के पश्चात् (55 Tons को 1.8 tons) अपशिष्ट में तत्पश्चात इस तरल अपशिष्ट को 90 kg ठोस अपशिष्ट में परिवर्तित किया जाता है !
-

**प्रधान मंत्री कार्यालय परमाणु ऊर्जा प्रभार मंत्री डॉ. जीतेन्द्र सिंह के अनुसार-** India will get 9 per cent of its electricity from nuclear sources by 2047, the centenary year of the country's independence. The rising share of nuclear power in India's energy basket would help it get closer to the commitment of achieving the net zero target by 2070. **Dr Jitendra Singh** (Union Minister of State (Independent Charge) Science & Technology Source: Wikipedia & www.ndtv.com dated Apr 09, 2023)

- परमाणु ऊर्जा उत्पादन कर जलवायु परिवर्तन खतरे के लिये समाधान लाने कि उम्मीद है । आमतौर पर यूरेनियम से परमाणु ऊर्जा का उत्पादन होता है लेकिन चीन में थोरियम से उत्पादन संयंत्र निर्माण का कार्य जारी है। इसमें पानी की आवश्यकता नहीं है भारत में में थोरियम का लगभग ३० प्रतिशत अथाह भण्डार है अतः भारत थोरियम का निर्यात कर एवं थोरियम आधारित रिएक्टर निर्माण कर भूमंडलीय उष्णता के खिलाफ लड़ाई में सहायता कर सकता है।

***



# प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान

भाट, इंदिरा ब्रिज के पास, गांधीनगर-382428,
गुजरात

Design & Layout: S. Shravan Kumar, IPR